# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक





इंडिया गठबंधन के नेताओं के साथ बैठक करते सीएम हेमंत सोरेन


• बोकारो, मंगलवार 9 जून 2026 • वर्ष : 10 • अंक : 23 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित


# राज्यसभा चुनाव : बैजनाथ, प्रणव एवं परिमल ने किया नामांकन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन का आज अंतिम दिन है। महागठबंधन की ओर से दो सीटों के उम्मीदवार बैजनाथ राम और प्रणव झा ने विधानसभा पहुंच कर नामांकन किया। वहीं निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में उद्योगपति परिमल नाथवानी ने नामांकन दाखिला किया। चुनाव के लिए बैजनाथ राम ने दो सेट में नामांकन किया जिनमें प्रत्येक सेट पर 10-10 विधायकों के हस्ताक्षर शामिल हैं। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी प्रणव झा का एक सेट में नामांकन दाखिल किया। इसमें कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव, उपनेता राजेश कच्छप, राधाकृष्ण किशोर, शिल्पी नेहा तिर्की, दीपिका पांडेय सिंह, नमन विक्सल कोनगाड़ी, भूषण बाड़ा, सुरेश बैठा और कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह के नाम शामिल हैं। झामुमो के बैद्यनाथ राम ने



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, कांग्रेस, माले और राजद के नेताओं की मौजूदगी में सबसे पहले अपना नॉमिनेशन फाइल किया। नामांकन दाखिल करने के बाद मीडिया से बात करते हुए बैद्यनाथ राम ने दोनों सीटों पर इंडिया गठबंधन की जीत का दावा किया। उन्होंने कहा कि उन्होंने दो सेट में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया, जिसमें 10-10 विधायक प्रस्तावक बने। इस मौके पर प्रणव झा ने जीत का दावा करते हुए कहा कि न सिर्फ उन्हें बल्कि गठबंधन के मुखिया मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और सभी सहयोगी पार्टियों के 56 विधायक भी आश्वस्त हैं। उन्होंने इस चुनाव में हॉर्स-ट्रेडिंग की आशंका जताई और भाजपा की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि भाजपा ने भगवान बिरसा की इस धरती पर आदिवासियों की अस्मिता को धन से चुनौती देने की कोशिश की है। उन्होंने कहा कि मुझे पूरा भरोसा है कि यहां के लोग भाजपा के बड़े नेताओं को आईना दिखाएंगे कि वे धन बल के आगे बिकने वाले नहीं हैं। नॉमिनेशन के दौरान कांग्रेस प्रदेश प्रभारी के. राजू, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव के साथ-साथ पार्टी के कई दूसरे नेता, विधायक और मंत्री मौजूद रहे। इधर परिमल नाथवानी के नामांकन के दौरान भाजपा विधायक साथ रहे। हालांकि भाजपा ने परिमल नाथवानी का समर्थन जरूर किया है पर आधिकारिक घोषणा नहीं की है।

## भाजपा के समर्थन से परिमल नाथवानी की दावेदारी मजबूत

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** झारखंड में राज्यसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। पूर्व राज्यसभा सांसद और उद्योगपति परिमल नाथवानी को भारतीय जनता पार्टी का समर्थन मिलने के बाद चुनावी समीकरणों को लेकर चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। भाजपा और एनडीए नेताओं की सक्रियता ने आगामी चुनाव को और अधिक दिलचस्प बना दिया है। सोमवार को परिमल नाथवानी ने भाजपा के मुख्य सचेतक एवं हटिया विधायक नवीन जायसवाल के आवास पर पहुंचकर वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात की। इस दौरान भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू, नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी सहित एनडीए के कई विधायक और प्रमुख नेता मौजूद रहे।

# बाइकों की टक्कर में दो युवकों की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिदनीनगर।** पलामू जिले के पांकी थाना क्षेत्र के इमली चौक के पास सोमवार दोपहर एक सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह दुर्घटना दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर के कारण हुई। मृतकों की पहचान पथरा निवासी अंकित सिंह और कसमार शामगढ़ तरहसी निवासी दीपक कुमार यादव के रूप में हुई है। वहीं घायलों में बगलाडी निवासी नितिन कुमार और सुधांशु सिंह शामिल हैं। जानकारी के अनुसार अंकित कुमार और नितिन कुमार एक बाइक से ट्यूशन पढ़ने जा रहे थे। विपरीत दिशा से दीपक और सुधांशु दूसरी बाइक पर आ रहे थे। इमली चौक के पास दोनों बाइकों में जोरदार टक्कर हो गई। हादसे के बाद स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, पांकी पहुंचाया गया। वहां से उन्हें मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज अस्पताल (एमएमसीएच) रेफर किया गया। एमएमसीएच में अंकित को मौके पर ही मृत घोषित कर दिया गया था जबकि दीपक की इलाज के दौरान मौत हो गई। नितिन और सुधांशु का इलाज जारी है। दोनों शवों का पोस्टमॉर्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया है। घटना की सूचना मिलते ही पांकी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त दोनों बाइकों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और लापरवाही को दुर्घटना का संभावित कारण माना जा रहा है।।

## सर्पदंश से मौत

**धनबाद(नबिटा ब्यूरो)।** राजगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत बरदार गांव में सांप काटने से एक 38 वर्षीय युवक की मौत हो गई। घटना रविवार रात की है जिसके बाद सोमवार सुबह इलाज के दौरान युवक ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार मृतक कामदेव सिंह रविवार रात अपने घर के कमरे में जमीन पर सो रहे थे। इसी दौरान देर रात जहरीले सांप ने उनके हाथ पर डस लिया।

## संक्षिप्त समाचार

### ब्राउन शुगर के साथ तस्कर गिरफ्तार

**देवघर(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में नशे के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में सोमवार को देवघर पुलिस ने जसीडीह थाना क्षेत्र से एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से करीब 13 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया गया है। पूछताछ में उसकी पहचान छोटू मंडल के रूप में हुई है, जो बिहार के भागलपुर जिले के सबौर का निवासी बताया जा रहा है।

### रेलवे ट्रैक पर मिला युवक का शव

**देवघर(नबिटा ब्यूरो)।** मधुपुर अनुमंडल के सेठभीला में सोमवार को रेलवे ट्रैक पर एक युवक का क्षत-विक्षत शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान सेठभीला निवासी 31 वर्षीय सुनील राय के रूप में की गई है। घटना की सूचना मिलते ही रेलवे सुरक्षा बल और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। प्रारंभिक जांच में यह आशंका जताई जा रही है कि युवक की मौत विभूति एक्सप्रेस की चपेट में आने से हुई है। हालांकि पुलिस सभी संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है।

### लापता युवक का शव बालू के ढेर से बरामद

**चतरा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के राजपुर थाना क्षेत्र में दो दिनों से लापता 18 वर्षीय युवक प्रमोद कुमार का शव बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई है। मृतक गड़िया गांव निवासी देवलाल यादव का पुत्र था। जानकारी के अनुसार शुक्रवार रात करीब 9 बजे प्रमोद घर में खाना खा रहा था, तभी उसके मोबाइल पर एक अनजान नंबर से कॉल आया। फोन पर बात करने के बाद वह परिजनों से यह कहकर घर से निकला कि उसका एक दोस्त गड़िया पुल के पास मिलने आ रहा है। इसके बाद वह वापस नहीं लौटा और उसका मोबाइल भी स्विच ऑफ हो गया।

## साइबर अपराधियों को बैंक खाता बेचने वाला गिरफ्तार

**धनबाद(नबिटा ब्यूरो)।** साइबर थाना पुलिस ने साइबर अपराधियों को बैंक खाते बेचने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पुराना बरवाअड्डा थाना के सामने स्थित कृष्णा इंटरनेट कैफ़े में छापेमारी कर तिसरा थाना क्षेत्र के मुकुन्दा निवासी संतोष कुमार गोराई को पकड़ा। डीएसपी सीसीआर प्रदीप कुमार साव ने सोमवार को बताया कि वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गठित टीम ने यह कार्रवाई की।

# पिता ने अपनी तीन बेटियों को काट डाला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गिरिडीह।** झारखंड के गिरिडीह में दिल को झकझोर देने वाली घटना घटी है। यहां एक पिता ने अपनी तीन बेटियों की जान ले ली है। तीनों को धारदार हथियार से काटा गया है। घटना सोमवार की सुबह की है। मामले की जानकारी मिलने पर एसडीपीओ जीतबाहन उरांव के साथ मुफस्सिल थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो मौके पर पहुंचे। बेटियों की जान लेने वाले मुफस्सिल थाना इलाके के तुरुकडीहा निवासी नंदू यादव को गिरफ्तार कर लिया है। एसडीपीओ जीतबाहन उरांव ने घटना की पुष्टि की है। बताया जा रहा है कि नंदू यादव ने जिन बेटियों की हत्या की है, उनमें दो बेटी जुडवां थी। मरने वालों में नाबालिग पल्लवी, 7 वर्षीय रिद्धि और सिद्धि शामिल हैं। लोगों का



कहना है कि नंदू ऊर्फ नंदकिशोर यादव का किसी महिला से अफ़ेयर चल रहा था। हालांकि इसकी पुष्टि अभी तक नहीं हो सकी है। घरवालों का भी कहना है कि रात में नंदू शराब के नशे में घर पहुंचा था। रात भर हंगामा चला और फिर सुबह अपनी तीनों बेटियों को मार डाला। लोगों का यह भी कहना है कि नंदू घर के सभी सदस्यों को मारना चाहता था। हालांकि उसकी पत्नी राधा देवी और बेटा पंटू यादव भागकर अपनी जान बचाने में कामयाब रहे। इधर घटना के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। किस कमरे में हत्याकांड को अंजाम दिया गया है, उसे भी खंगाला गया है। फॉरेंसिक टीम भी पहुंची है। ब्लड सैंपल लिया गया है। मामले को लेकर एसडीपीओ जीतबाहन उरांव ने कहा कि नंदू को गिरफ्तार कर लिया गया है। मौके से हथियार भी जब्त किया गया है। घटना कैसे हुई और इसकी वजह क्या है इस पर जांच चल रही है।

# अवैध रूप से चल रहा था अल्ट्रासाउंड सेंटर, छापेमारी में तीन गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** पंडरा इलाके में अवैध रूप से गर्भवती महिलाओं का अल्ट्रासाउंड करने वाले सेंटर पर छापेमारी की गई। इस क्रम में मौके पर से ही तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। यह कार्रवाई जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री के निर्देश पर की गई। दरअसल जिला प्रशासन को गुप्त सूचना मिली थी कि उक्त अल्ट्रासाउंड सेंटर पर गर्भ में पल रहे शिशुओं का लिंग पता किया जाता है। इस सूचना पर रांची डीसी मंजूनाथ भजंत्री के कड़े निर्देश के बाद सिविल सर्जन डॉ. प्रभात कुमार ने टीम बनाकर छापेमारी की। डॉ. प्रभात कुमार ने बताया कि अल्ट्रासाउंड सेंटर में हो रही गतिविधियां पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट का उल्लंघन करती हैं। बिना रजिस्ट्रेशन के अल्ट्रासाउंड सेंटर चलाना गैर कानूनी है। इस एक्ट के तहत लिंग की जांच करना पूरी तरह से मना है। उन्होंने बताया कि छापेमारी के दौरान पंडरा इलाके में गैर कानूनी तरीके से गर्भवती महिलाओं का अल्ट्रासाउंड करने वाले तीन लोगों को पोर्टेबल यूएसजी मशीन के साथ मौके पर पकड़ा गया है। इस मौके पर एग्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट स्मृति, रातू पुलिस स्टेशन और पीसी एंड पीएनडीटी सेल के कर्मचारी तथा अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे। डॉ. प्रभात कुमार ने बताया कि भ्रूण का लिंग पता करना किसी भी तरह से गलत और दंडनीय अपराध है। इसके अलावा बिना रजिस्ट्रेशन के अल्ट्रासाउंड सेंटर चलाना भी गैर कानूनी है।

# मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सीएम की डिस्चार्ज याचिका खारिज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को 8.86 एकड़ जमीन घोटाले और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बड़ा झटका लगा है। प्रीवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट पीएमएलए की विशेष कोर्ट ने सीएम हेमंत सोरेन की डिस्चार्ज याचिका खारिज कर दी। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने इडी और सीएम हेमंत सोरेन का पक्ष सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। सोमवार को कोर्ट ने अपना फैसला सुनाते हुए याचिका खारिज कर दी है। डिस्चार्ज याचिका खारिज होने के बाद अब यह केस ट्रायल की ओर बढ़ सकता है। यह मामला बड़गाईं के 8.86 एकड़ जमीन से जुड़ा हुआ है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस मामले में पांच दिसंबर 2025 को याचिका दाखिल कर खुद को निर्दोष बताते हुए मामले से आरोप मुक्त किए जाने की मांग की थी। इस याचिका पर दोनों पक्षों की बहस पूरी होने के बाद अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

# इंडिया ब्लॉक की मीटिंग में ऑनलाइन शामिल हुए सीएम हेमंत सोरेन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** दिल्ली में आज हुई इंडिया ब्लॉक की बैठक में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ऑनलाइन शामिल हुए। इस बैठक में कुल 25 राजनीतिक दलों के नेताओं ने भाग लिया। झारखंड में राज्यसभा चुनाव में नामांकन के अंतिम दिन होने की वजह से राजनीतिक व्यस्तता की वजह से झामुमो के केंद्रीय अध्यक्ष हेमंत सोरेन बैठक में ऑनलाइन जुड़े और अपनी बात रखी। झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि राज्य सभा की दो सीटों के लिए आज महागठबंधन के दोनों प्रत्याशियों बैद्यनाथ राम और प्रणव झा का नामांकन होना था। इसलिए यहां मुख्यमंत्री और महागठबंधन के नेता हेमंत सोरेन की उपस्थिति जरूरी थी। इसलिए हेमंत सोरेन इंडिया ब्लॉक की मीटिंग में ऑनलाइन जुड़े और सहयोगी दलों की ओर से पारित पांच प्रस्तावों का समर्थन किया। सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि झामुमो न सिर्फ इंडिया ब्लॉक का एक अहम किरदार है बल्कि वह संविधान की रक्षा, साम्प्रदायिक सद्भाव और जनसमस्याओं के खिलाफ इस बड़ी लड़ाई का मुख्य योद्धा भी है। दिल्ली में इंडिया ब्लॉक में शामिल दलों की बैठक के बाद कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इंडिया ब्लॉक की इस बैठक में कुल 25 दलों के नेताओं ने भाग लिया। वहीं शिवसेना के उद्धव ठाकरे और झामुमो के हेमंत सोरेन ऑनलाइन इस मीटिंग में जुड़े। पांच राज्यों में हुए चुनाव के बाद इंडिया ब्लॉक की दिल्ली में होने वाली इस बैठक को काफी अहम माना जा रहा था। बंगाल चुनाव में सत्ता गंवाने और टीएमसी के अंदर टूट के बाद पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री और टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी भी आज की बैठक में शामिल हुईं। इस बैठक में पांच प्रस्तावों पर मुहर लगी है जिसमें एसआईआर, चुनाव की निष्पक्षता को लेकर उठ रहे सवालों को लेकर सीजेआई को पत्र लिखने, नीट एवं अन्य परीक्षाओं में हो रहे पेपर लीक को लेकर शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफ़े की मांग, देश की खस्ताहाल आर्थिक स्थिति, बेरोजगारी, बढ़ती महंगाई, किसानों की समस्या और जनसरोकार के मुद्दे ओर केंद्र सरकार से तत्काल सर्वदलीय बैठक बुलाने की मांग, हर दो महीने पर इंडिया ब्लॉक के दलों की बैठक (अगली बैठक 08 अगस्त को हैदराबाद में) करने और मानसून सत्र के दौरान इंडिया ब्लॉक के दलों के बीच संसदीय समन्वय के लिए नेता प्रतिपक्ष के कार्यालय में सत्र के दौरान आपस में बैठक करने के प्रस्ताव पर सहमति बनी है।




## संक्षिप्त समाचार

### 40 साल से उपेक्षित सिरय-बगोदर सड़क, बरसात से पहले जीर्णोद्धार की मांग तेज

**विष्णुगढ़/हजारीबाग (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** विष्णुगढ़ प्रखंड के सिरय से बगोदर को जोड़ने वाली करीब सात किलोमीटर लंबी सड़क की जर्जर हालत को लेकर ग्रामीणों में भारी नाराजगी है। क्षेत्र की महत्वपूर्ण संपर्क सड़क वर्षों से बदहाल स्थिति में पड़ी है, जिसके कारण हजारों लोगों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। बरसात का मौसम नजदीक आते ही ग्रामीणों ने सड़क के शीघ्र पुनर्निर्माण की मांग तेज कर दी है। यह सड़क एनएच-19 से जुड़कर सिरय, अचलजामो, करगालो और सारूकुदर पंचायत के लोगों को बगोदर बाजार से जोड़ती है। साथ ही यह दो विधानसभा क्षेत्रों के बीच संपर्क का प्रमुख मार्ग भी है। इसके बावजूद सड़क पर जगह-जगह बड़े गड्ढे, उखड़ी डामर और बाहर निकले पत्थर राहगीरों के लिए परेशानी का कारण बने हुए हैं। आए दिन दुर्घटनाएं होने से लोगों में डर का माहौल बना रहता है। ग्रामीणों का कहना है कि बारिश के दौरान सड़क की स्थिति और भी भयावह हो जाती है। गड्ढों में पानी भर जाने से सड़क की वास्तविक स्थिति दिखाई नहीं देती, जिससे दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है। कई स्थानों पर सड़क की पहचान तक मिट चुकी है। सिरय पंचायत की मुखिया हेमंती देवी ने बताया कि प्रशासनिक उपेक्षा के कारण ग्रामीण हर वर्ष स्वयं श्रमदान कर सड़क की मरम्मत करते हैं। ग्रामीणों के सहयोग और निजी खर्च से दर्जनों ट्रैक्टर मिट्टी डालकर गड्ढों को भरा जाता है, लेकिन बारिश शुरू होते ही सड़क फिर से खराब हो जाती है। उन्होंने कहा कि यह सड़क क्षेत्र की जीवनरेखा है और इसके बिना लोगों का बाजार, अस्पताल, बैंक तथा अन्य आवश्यक सेवाओं तक पहुंचना कठिन हो जाता है। पूर्व उपप्रमुख सुशील कुमार मंडल ने बताया कि यह सड़क लगभग 40 वर्ष पूर्व जवाहर रोजगार योजना के तहत बनाई गई थी। इसके बाद कभी भी इसका समुचित जीर्णोद्धार नहीं किया गया। सड़क निर्माण की मांग को लेकर कई बार सांसद, विधायक तथा राज्य सरकार को आवेदन दिया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई। ग्रामीणों ने कहा कि किसान अपनी उपज, छात्र अपनी पढ़ाई और मरीज इलाज के लिए इसी सड़क पर निर्भर हैं। ऐसे में सड़क की बदहाली का असर सीधे लोगों के दैनिक जीवन और क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों पर पड़ रहा है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से बरसात शुरू होने से पहले सिरयझबगोदर सड़क के पुनर्निर्माण की मांग करते हुए कहा कि अब उन्हें केवल आश्वासन नहीं, बल्कि स्थायी समाधान चाहिए।

### मनोकामनेश्वर मंदिर की दान पेटी तोड़कर नकदी व आभूषण की चोरी

**बरही/हजारीबाग (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड परिसर स्थित मनोकामनेश्वर मंदिर में चोरी की घटना सामने आई है। मंदिर के मुख्य पुजारी अनुज कुमार शर्मा ने बरही थाना में आवेदन देकर दान पेटी का ताला तोड़कर नकदी एवं आभूषण चोरी किए जाने की शिकायत दर्ज कराई है। थाना को दिए गए आवेदन में पुजारी ने बताया है कि दान पेटी में रखे करीब 15 हजार रुपये नकद, 10 ग्राम सोने तथा 25 ग्राम चांदी के आभूषण चोरी कर लिए गए। शिकायत के अनुसार 6 जून की रात करीब 12 बजे एक अज्ञात युवक ने दान पेटी का ताला तोड़कर घटना को अंजाम दिया। घटना की जानकारी 7 जून की सुबह उस समय हुई जब पुजारी नियमित पूजा-अर्चना के लिए मंदिर पहुंचे। वहां दान पेटी टूटी हुई मिली और उसमें रखी नकदी व आभूषण गायब थे। बताया गया है कि पूरी वारदात मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पुजारी ने पुलिस से मामले की जांच कर दोषी की पहचान एवं चोरी गए सामान की बरामदगी की मांग की है। पुलिस आवेदन के आधार पर मामले की जांच में जुट गई है।

### विधिक सेवा प्राधिकरण के बैनर तले सांढ़ पंचायत में कानूनी जागरूकता कार्यक्रम

**बड़कागांव/हजारीबाग (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हजारीबाग के बैनर तले बड़कागांव प्रखंड के सांढ़ पंचायत में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।यह कार्यक्रम जिले में 90 दिनों तक चलेगी।कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को घरेलू हिंसा, डायन-भूत प्रतिषेध अधिनियम, नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्प्रभाव,यौन शोषण से संबंधित पोक्सो एक्ट,मोटर वाहन कानून, बाल श्रम तथा अन्य विधिक विषयों की जानकारी दी गई।विद्यार्थियों को बताया गया कि छोटे-छोटे आपसी विवादों का समाधान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से बातचीत एवं समन्वय द्वारा निःशुल्क कराया जा सकता है।साथ ही आवश्यकता पड़ने पर निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराने की व्यवस्था के बारे में भी जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय लोक अदालत एवं मासिक लोक अदालत के माध्यम से मामलों के त्वरित निष्पादन की जानकारी दी गई।कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रदान की जाने वाली सुविधाओं एवं टोल फ्री नंबर 15100 तथा साइबर हेल्पलाइन 1930 के संबंध में भी जागरूक किया गया।मौके पर मुखिया प्रतिनिधि भीखन महतो, पंचायत सचिव अलका कुमारी ,वार्ड सदस्य टेकलाल कुमार,उमाशंकर महतो , हिना तिर्की ,रीता कुमारी ,प्रशांत कुमार,मनोज कुमार साव, सूरज कुमार रवि ,धनों कुमारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### जाम से मुक्ति की दिशा में पहल, प्रस्तावित डुप्लेक्स मार्केट के लिए हुआ सर्वे


**बरही/हजारीबाग (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बरही चौक समेत धनबाद एवं हजारीबाग रोड को जाममुक्त बनाने की दिशा में प्रशासनिक पहल तेज हो गई है। उपायुक्त के निर्देश के बाद जिला परिषद की ओर से स्थायी बाजार निर्माण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। सोमवार को बीडीओ जयपाल महतो, जिला अभियंता आशीष आनंद, जिप सदस्य एवं सांसद प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, अमीन चेतन प्रसाद सहित अन्य अधिकारियों ने धनबाद रोड और हजारीबाग रोड का स्थल निरीक्षण किया। इस दौरान प्रस्तावित डुप्लेक्स मार्केट निर्माण के लिए सर्वेक्षण किया गया। बीडीओ श्री महतो ने बताया कि हाल ही में उपायुक्त ने बरही को जाममुक्त बनाने के लिए फुटकर विक्रेताओं के समायोजन हेतु जिला परिषद मद से स्थायी मार्केट निर्माण का निर्देश दिया था। इसी योजना के तहत हजारीबाग रोड में पानी टंकी से बस स्टैंड तक तथा धनबाद रोड में भगवती मंदिर से एनएच डाक बंगला तक दो तल्ला बाजार बनाने का प्रस्ताव है। उन्होंने कहा कि बाजार बनने के बाद सड़क किनारे दुकान लगाने वाले फुटकर दुकानदारों को वहां व्यवस्थित रूप से स्थानांतरित किया जाएगा। इससे मुख्य सड़कों पर अतिक्रमण कम होगा और यातायात व्यवस्था सुगम बनेगी। मामले के सम्बन्ध में जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव ने बताया कि प्रस्ताव को शीघ्र ही जिला परिषद की बैठक में लाकर स्वीकृति की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी। इस योजना के लिए स्थानीय विधायक मनोज कुमार यादव और सांसद मनीष जायसवाल ने भी सराहना करते हुए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया है। साथ हीं स्वच्छ जाम मुक्त बरही बनाने में महती योगदान बताया है ।

### शहर के 105 संवेदनशील और प्रमुख स्थानों पर 288 सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे : नगर आयुक्त

**कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नगर निगम कटिहार की ओर से विभागीय निर्देश के आलोक में एवं जिला प्रशासन द्वारा चयनित शहर के 105 संवेदनशील और प्रमुख स्थानों पर कुल 288 सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं। यह सुरक्षा और निगरानी के लिहाज से कटिहार शहर के लिए एक बड़ा और महत्वपूर्ण कदम है। नगर आयुक्त संतोष कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि इस नई व्यवस्था से शहर के मुख्य क्षेत्र और संवेदनशील चौराहे कवरेज होगा ।शहर के सभी प्रमुख चौराहों और व्यस्त मोड़ों पर नजर रखी जाएगी।श्री कुमार ने कहा कि कटिहार शहर में आने और बाहर जाने वाले मुख्य रास्तों को कवर किया गया है।भीड़भाड़ वाले बाजार, प्रमुख व्यापारिक केंद्रों और बाजारों में सुरक्षा बढ़ेगी। सुरक्षा और यातायात प्रबंधन के साथ अपराध नियंत्रण होगा। कैमरों की मदद से चोरी, छिनतई और अन्य आपराधिक गतिविधियों पर रोक लगेगी।यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों और जाम की स्थिति पर सीधे नजर रखी जा सकेगी।कंट्रोल रूम से निगरानी होगी। इन सभी 288 कैमरों का सीधा कनेक्शन एक केंद्रीय कंट्रोल रूम से होगा। जहां पुलिस और प्रशासनिक टीम चौबीसों घंटे लाइव फीड की निगरानी करेगी। यह पहल कटिहार के नागरिकों को एक सुरक्षित और बेहतर शहरी माहौल देने में काफी मददगार साबित होगी।

# मनरेगा व आवास योजनाओं की समीक्षा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**गिरिडीह।** उप विकास आयुक्त स्मृता कुमारी की अध्यक्षता में सोमवार को मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अबुआ आवास योजना एवं अन्य विकासात्मक योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी प्रखंडों की योजनाओं की प्रगति, उपलब्धियों एवं लंबित कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई। उप विकास आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाई जाए तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए।

उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना एवं अबुआ आवास योजना के तहत स्वीकृत, निमार्णाधीन एवं लंबित आवासों की स्थिति की समीक्षा करते हुए पात्र लाभुकों को समयबद्ध तरीके से लाभ उपलब्ध कराने पर जोर दिया बैठक में मनरेगा योजनाओं की गुणवत्ता, समयबद्धता तथा श्रमिकों को मिलने वाले लाभों की भी समीक्षा की गई।स्मिता कुमारी ने कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए सभी अधिकारी पारदर्शिता, जवाबदेही और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करें उन्होंने स्पष्ट कहा कि विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। अधिकारियों को नियमित क्षेत्र भ्रमण कर योजनाओं की जमीनी स्थिति का आकलन करने तथा समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए बैठक में अपर समाहर्ता वैभव कुमार सिंह, जिला परियोजना पदाधिकारी (मनरेगा), जिला समन्वयक मनरेगा, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, बीपीओ एवं ब्लॉक कॉर्डिनेटर उपस्थित थे।

# सीमांचल टॉक सह यूथ आइकॉन सम्मान समारोह 23 अगस्त को

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पूर्णिया।** सीमांचल क्षेत्र की प्रतिभाओं, समाजसेवियों, शिक्षाविदों, चिकित्सकों, उद्यमियों और विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तित्वों को सम्मानित करने के उद्देश्य से "सीमांचल टॉक सह यूथ आइकॉन सम्मान समारोह-2026" का यह सम्मान समारोह ऐसे लोगों को समाज के सामने प्रेरणादायक उदाहरण के रूप में प्रस्तुत करने का प्रयास है। वीवीसीपी के निदेशक प्रशांत शंकर ने कहा कि सफल एवं समाज के लिए योगदान देने वाले व्यक्तित्वों को मंच प्रदान करना युवाओं को प्रेरित करने के लिए आवश्यक है। इससे युवाओं



आयोजन आगामी 23 अगस्त को पूर्णिया स्थित विद्या विहार रेजिडेंशियल स्कूल परिसर में किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन इवेंटजिक मीडिया द्वारा किया जा रहा है, जबकि विद्या विहार करियर प्लस (वीवीसीपी) एवं लेट्स इंस्पायर बिहार इसके प्रमुख सहयोगी होंगे। इस संबंध में आयोजित प्रेस वार्ता में आयोजकों ने बताया कि शिक्षा, चिकित्सा, प्रशासन, सामाजिक सेवा, खेल, कला एवं संस्कृति, युवा उद्यमिता, दूरसंचार, राजनीति, मनोरंजन तथा रियल एस्टेट सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों एवं संस्थाओं को सम्मानित किया जाएगा। विद्या विहार ग्रुप के सचिव राजेश चंद्र मिश्रा ने कहा कि सीमांचल प्रतिभाओं की धरती है, लेकिन अनेक लोगों को उनकी उपलब्धियों के अनुरूप पहचान नहीं मिल पाती। उन्होंने कहा कि में नई ऊर्जा और आत्मविश्वास का संचार होगा। वीवीआरएस की प्रशासक सुप्रिया मिश्र ने कहा कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने वाले व्यक्तियों को सम्मानित करना सामाजिक दायित्व है। ऐसे आयोजन प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के साथ समाज को नई दिशा भी प्रदान करते हैं। इवेंटजिक मीडिया के प्रमुख चंदन राज ने कहा कि यह समारोह सीमांचल की सकारात्मक पहचान को राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल साबित होगा। उन्होंने बताया कि सम्मान के लिए चयन प्रक्रिया पारदर्शी एवं निष्पक्ष होगी तथा विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों की सहभागिता से योग्य व्यक्तियों का चयन किया जाएगा। कार्यक्रम के जनसंपर्क पदाधिकारी (पीआरओ) आशीष झा ने बताया कि विभिन्न श्रेणियों में आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

# सीएचसी में दवाओं का पर्याप्त भंडार, स्वास्थ्य सेवाएं हो रहीं सुदृढ़

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** उपायुक्त रामनिवास यादव के निर्देश पर जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत बनाने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) राजधनवार में विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों एवं सामान्य चिकित्सा सेवाओं के लिए आवश्यक दवाओं और चिकित्सा सामग्रियों का पर्याप्त भंडार उपलब्ध कराया गया है सीएचसी में बाल स्वास्थ्य, मातृ स्वास्थ्य, एनपीसीडीसीएस, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन तथा आरकेएसके कार्यक्रमों के तहत उपयोग होने वाली दवाओं का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है।

इनमें कैल्शियम, फोलिक एसिड, आयरन टैबलेट, अमोक्सिसिलिन, एजिथ्रोमाइसिन, पैरासिटामोल, सिप्रोफ्लॉक्सासिन, एंटी स्नेक वेनम सहित कई आवश्यक दवाएं शामिल हैं इसके अलावा बैंडेज, ब्लड लैंसेट, ग्लव्स, आईवी सेट, बीपी मशीन, थर्मामीटर, वजन मशीन समेत विभिन्न चिकित्सा उपकरण एवं सामग्रियां भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को समय पर गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए दवा आपूर्ति और वितरण व्यवस्था को सुदृढ़ किया गया है उपायुक्त रामनिवास यादव ने कहा कि जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थानों में आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा प्रदान करने के लिए नियमित निगरानी की जा रही है। उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देश दिया कि दवाओं की उपलब्धता और वितरण व्यवस्था प्रभावी बनी रहे ताकि किसी भी मरीज को दवा के अभाव का सामना न करना पड़े जिला प्रशासन का लक्ष्य है कि आमजन को सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में सुलभ, गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हों।

### फरार अपराधियों पर पुलिस का शिकंजा, दो आरोपी दबोचे गए

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चौपारण (हजारीबाग)।** अपराध नियंत्रण और लंबित मामलों के निष्पादन को लेकर चौपारण पुलिस का विशेष अभियान लगातार जारी है। इसी क्रम में पुलिस ने अलग-अलग मामलों में वांछित दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, चौपारण थाना कांड संख्या 163/25 के नामजद अभियुक्त चांद साह उर्फ फजले हसन (पिता- मोशीर साह), निवासी चयकला, थाना चौपारण को गिरफ्तार किया गया। वहीं एनआई एक्ट से संबंधित मामला संख्या उ/3550/23 के वारंटी अभियुक्त पंकज कुमार (पिता- मानकी रविदास), निवासी केंदुआ, थाना चौपारण को भी पुलिस ने दबोच लिया।

# पिता पर तीन बेटियों की हत्या का आरोप, गांव में मातम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मोहनपुर पंचायत अंतर्गत तुरुकडीहा गांव में सोमवार को एक हृदयविदारक घटना सामने आई। एक व्यक्ति पर अपनी ही तीन मासूम बेटियों की हत्या करने का आरोप लगा है। घटना के बाद पूरे गांव में शोक और आक्रोश का माहौल है जानकारी के अनुसार, नंदकिशोर यादव नामक व्यक्ति पर अपनी पुत्रियों पलवी कुमारी (12 वर्ष), रिद्धि कुमारी (7 वर्ष) तथा सिद्धि कुमारी (7 वर्ष) की धारदार हथियार से हत्या करने का आरोप है। सोमवार सुबह घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ घटनास्थल पर जुट गई और पूरे इलाके में सनसनी फैल गई घटना की जानकारी मिलने के बाद सदर एसडीपीओ जीतबाहन उरांव, मुफस्सिल थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो सहित पुलिस बल मौके पर पहुंचा। पुलिस ने तीनों बच्चियों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया तथा मामले की जांच शुरू कर दी है पुलिस ने आरोपी पिता को हिरासत में ले लिया है। हालांकि घटना के पीछे के कारणों का अभी तक खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस पारिवारिक विवाद, मानसिक स्थिति और अन्य संभावित पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की गहन जांच कर रही है।एक ही परिवार की तीन मासूम बच्चियों की मौत से गांव और आसपास के क्षेत्र में गहरा शोक व्याप्त है। स्थानीय लोग इस घटना से स्तब्ध हैं और घटना की निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे हैं पुलिस अधिकारियों का कहना है।

# भाकपा-माले का लोकल सम्मेलन संपन्न, भीखन अंसारी बने लोकल सचिव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह ।** बेंगाबाद प्रखंड अंतर्गत हरिला पंचायत के सिकदारडीह गांव में भाकपा-माले बेंगाबाद उत्तरी जोन का लोकल सम्मेलन संपन्न हुआ। सम्मेलन की अध्यक्षता कामरेड नुनु सिंह ने की, जबकि संचालन प्रखंड सचिव कामरेड रामलाल मुर्मू ने किया। सम्मेलन में जिला कमेटी सदस्य एवं पर्यवेक्षक कामरेड शंकर पांडेय मुख्य रूप से उपस्थित रहे सम्मेलन में पार्टी सदस्यों के अलावा चितमाडीह, बड़कीटांड़ एवं बदवारा पंचायत के ग्रामीणों ने भी भाग लिया।



बैठक में 16 जून 2026 को जिला मुख्यालय में उपायुक्त के समक्ष असंगठित मजदूर मोर्चा एवं मजदूरों के समर्थन में भाकपा-माले द्वारा आयोजित आंदोलन को सफल बनाने के लिए बेंगाबाद से सैकड़ों कार्यकताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया इसके अलावा आगामी 28 एवं 29 जून 2026 को पीरटांड़ प्रखंड के मधुबन में आयोजित होने वाले पार्टी के 14वें जिला सम्मेलन की तैयारियों पर भी चर्चा हुई। सम्मेलन के लिए प्रतिनिधियों डेलीगेट का चयन किया गया तथा खुले सत्र में अधिक से अधिक पार्टी सदस्यों और समर्थकों की भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया। इसके तहत कोष संग्रह अभियान चलाने और युवाओं एवं महिलाओं को पार्टी से जोड़ने की जिम्मेदारी शाखा एवं लोकल कमेटी के पदाधिकारियों को सौंपी गई सम्मेलन में सर्वसम्मति से सात सदस्यीय लोकल कमेटी का गठन किया गया, जिसमें भीखन अंसारी को लोकल सचिव चुना गया।मौके पर ललिता देवी, अश्वा खातून, रेखा देवी, उषा देवी, मेधलाल रजक, छोटेलाल शर्मा, रंजीत मुर्मू, अभय सिंह, सूर्यदेव सिंह, उमर यादव, डुमरी महतो, कैलाश सिंह, द्रोपदी देवी, बंसती देवी, बिछिया देवी, उर्मिला देवी, राजेंद्र यादव, मोहम्मद कादिर अंसारी समेत बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

# बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की समीक्षा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** उप विकास आयुक्त स्मृता कुमारी की अध्यक्षता में सोमवार को सहकारिता विभाग द्वारा संचालित बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण को लेकर जिला अनुश्रवण समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में योजना की प्रगति, किसानों के पंजीकरण, बीमा कवरेज तथा अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं की विस्तार से समीक्षा की गई।बैठक में उप विकास आयुक्त ने कहा कि बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना प्राकृतिक आपदाओं, असामान्य मौसम और अन्य कृषि जोखिमों से किसानों को सुरक्षा प्रदान करने वाली महत्वपूर्ण योजना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि योजना का लाभ अधिक से




अधिक किसानों तक पहुंचाने के लिए व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जाए तथा पात्र किसानों का समयबद्ध पंजीकरण सुनिश्चित किया जाए।उन्होंने कहा कि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। साथ ही बीमा संबंधी शिकायतों एवं लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन का निर्देश भी दिया। उप विकास आयुक्त ने योजना की नियमित निगरानी, पारदर्शिता और जवाबदेही बनाए रखने पर जोर देते हुए अधिकारियों को किसानों को आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए बैठक में जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# बरकट्ठा प्रखंड को मिला नेतृत्व, जयपाल महतो ने संभाली बीडीओ की जिम्मेदारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरकट्ठा (हजारीबागह)।** बरकट्ठा प्रखंड में प्रशासनिक नेतृत्व में बदलाव हुआ है। सोमवार को जयपाल महतो ने प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) के रूप में अपना पदभार ग्रहण किया। उनके योगदान से प्रखंड के विकास कार्यों को नई गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। ज्ञात हो कि पूर्व बीडीओ रोशमा डुंगडुंग का स्थानांतरण बरही में अपर समाहर्ता के पद पर किया गया है।



उनके स्थान पर बरही के बीडीओ जयपाल महतो को बरकट्ठा प्रखंड का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने प्रखंड के अधिकारियों और कर्मियों से परिचय प्राप्त किया तथा विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया। इस अवसर पर प्रधान लिपिक फनीनाथ भूषण, प्रखंड कृषि पदाधिकारी अशोक ठाकुर, एमओ अनुग्रह लकड़ा, क्लर्क सरफराज अहमद, लेबर इंस्पेक्टर देवनाथ महतो, बीएफटी दिलीप कुमार, गुलजार अली, संतोष शर्मा, उमेश प्रसाद, संतोष कुमार सहित प्रखंड कार्यालय के कई अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। सभी ने नवपदस्थापित बीडीओ का स्वागत करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

# सलैया स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव की मांग तेज, आंदोलन की चेतावनी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** सलैया रेलवे स्टेशन में एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव जल्द सुनिश्चित किया जाए, अन्यथा चरणबद्ध आंदोलन चलाया जाएगा। यह बात सलैया संघर्ष मोर्चा की आठवीं साप्ताहिक बैठक के बाद जारी संयुक्त बयान में गौतम सोनी और तुलसी राणा ने कही। वहीं सामाजिक कार्यकर्ता एवं माले नेता राजेश सिन्हा ने कहा कि यदि सलैया स्टेशन रोड और रेल सुविधाओं से जुड़ी मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो फिर से जोरदार आंदोलन किया जाएग रविवार को आयोजित बैठक में सलैया संघर्ष मोर्चा के सक्रिय सदस्यों को उनके लगातार जनहितकारी प्रयासों के लिए राजेश सिन्हा ने पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मोर्चा पिछले ढाई वर्षों से लोकतांत्रिक और सकारात्मक तरीके से अपनी मांगों को रेलवे विभाग, धनबाद डीआरएम, रेल मंत्री तथा गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, कोडरमा सांसद एवं केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी तथा राज्यसभा सांसद सरफराज अहमद के समक्ष रखता रहा है।

बावजूद इसके अब तक किसी एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव सलैया स्टेशन पर सुनिश्चित नहीं हो सका है राजेश सिन्हा ने कहा कि सलैया संघर्ष मोर्चा के कार्य झारखंड के युवाओं के लिए प्रेरणादायक हैं। उन्होंने कहा कि आगे भी वार्ता और आंदोलन दोनों का रास्ता खुला रहेगा तथा जरूरत पड़ने पर सड़क से लेकर रेलवे तक व्यापक



जनआंदोलन चलाया जाएगा बैठक को संबोधित करते हुए गौतम सोनी ने कहा कि सलैया स्टेशन पर किसी भी एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव नहीं होने से यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। बैठक का मुख्य उद्देश्य रेल मंत्रालय और जनप्रतिनिधियों को इस समस्या से अवगत कराना तथा ठहराव की मांग को और मजबूती से उठाना था। उपस्थित लोगों ने एक स्वर में कहा कि सलैया स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव पूरी तरह न्यायोचित और जनहित से जुड़ी मांग है अमित छापरिया और मिथलेश पांडेय ने कहा कि गोड्डा-दिल्ली एक्सप्रेस और आसनसोल-रांची एक्सप्रेस जैसी ट्रेनों का मात्र दो-दो मिनट का ठहराव सलैया स्टेशन पर कराया जा सकता है। उनका कहना था कि इसके लिए रेलवे प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की पहल आवश्यक है तेलंगाना प्रवासी संघ के अध्यक्ष संजय कुमार, कन्हैया खेतान और बीरेंद्र पांडेय ने कहा कि क्षेत्र के बड़ी संख्या में युवा रोजगार के लिए हैदराबाद, बेंगलुरु, मुंबई समेत अन्य महानगरों में जाते हैं। ऐसे में ट्रेनों का ठहराव मिलने से हजारों लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। वहीं संदीप पांडेय, सचिन राम, सिकंदर गोप और श्रीकांत ने कहा कि जब स्थानीय स्तर पर पर्याप्त रोजगार उपलब्ध नहीं है तो कम से कम बेहतर रेल सुविधा उपलब्ध कराई जानी चाहिए वीरेंद्र पांडेय, संतोष पांडेय और सन्नी ने कहा कि सलैया स्टेशन आसपास के बोडो, भंडारीडीह, मकतपुर सहित लगभग 50 गांवों के लोगों के लिए महत्वपूर्ण केंद्र है। उन्होंने कहा कि यह स्टेशन सुरक्षा और सुविधा दोनों दृष्टिकोण से क्षेत्र के लिए उपयोगी साबित हो सकता है बैठक में राजेश सिन्हा, गौतम सोनी, अमित छापरिया, श्रीकांत, मिथलेश पांडेय, अनिल पांडेय, निशु सिंह, तुलसी राणा, राजकुमार साव, बीरेंद्र पांडेय, सनी, कन्हैया खेतान, संतोष पांडेय, संदीप पांडेय, सिकंदर गोप, गौतम विश्वकर्मा, मोहन तिवारी, सन्नी चौरसिया, सचिन राम सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# चौपारण में जगन्नाथ रथयात्रा की भव्य तैयारी, तीन दिवसीय महोत्सव में उमड़ेगा आस्था का सैलाब

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**चौपारण (हजारीबाग)** । चौपारण की श्री जगन्नाथ रथयात्रा इस वर्ष और अधिक भव्य एवं ऐतिहासिक स्वरूप में आयोजित की जाएगी। आगामी 16 जुलाई को होने वाले चौथे श्री जगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव को लेकर यात्रा प्रबंधन समिति की कोर कमेटी की बैठक आयोजित की गई, जिसमें आयोजन की तैयारियों एवं व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष हरिश्चंद्र सिंह ने की। इसमें चौपारण, इटखोरी, मयूरहंड, बरही, पदमा और चंदवारा समेत आसपास के क्षेत्रों से पहुंचे समिति सदस्यों एवं गणमान्य लोगों ने भाग लिया। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस वर्ष रथयात्रा को तीन दिवसीय महोत्सव के रूप में आयोजित किया जाएगा। समिति के अनुसार, 16 जुलाई को सियरकोनी



स्थित बैद्यनाथ नगर से भगवान जगन्नाथ, माता सुभद्रा और भगवान बलभद्र की प्रतिमाओं को चौथी मोड़ तक लाया जाएगा। वहां वैदिक मंत्रोच्चार और विशेष पूजा-अर्चना के बाद भगवानों को भव्य रथ पर विराजमान कर मौसीबाड़ी बिगहा हनुमंत मंदिर परिसर तक ले जाया जाएगा। भगवान दो दिनों तक वहीं विश्राम करेंगे, जिसके बाद तीसरे दिन पारंपरिक घुमती रथयात्रा के साथ पुनः मंदिर परिसर लौटेंगे। आयोजन समिति ने अनुमान जताया है कि इस वर्ष रथयात्रा में एक लाख से अधिक श्रद्धालु शामिल हो सकते हैं। इसे देखते हुए सुरक्षा, यातायात नियंत्रण, चिकित्सा सुविधा, पेयजल, पार्किंग और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में भक्तिवेदांत विद्याभवन गुरुकुल के संस्थापक गजाधर प्रभु ने कहा कि रथयात्रा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि भक्ति, सेवा, समर्पण और सामाजिक समरसता का संदेश देने वाला महापर्व है। वहीं समिति अध्यक्ष हरिश्चंद्र सिंह ने सभी श्रद्धालुओं से आयोजन को सफल बनाने के लिए सहयोग की अपील की। समिति सचिव राजदेव यादव ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की, जबकि रथयात्रा संयोजक अभिषेक सिंह ने इसे भविष्य में राष्ट्रीय पहचान दिलाने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। बैठक में जिला परिषद सदस्य राकेश रंजन, विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, सांसद प्रतिनिधि मुकुंद साहु, मुखिया सुनीता देवी समेत बड़ी संख्या में समिति सदस्य, जनप्रतिनिधि और श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# माले-राजद-फॉरवर्ड ब्लॉक की संयुक्त टीम ने एसपी से की मुलाकात, आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** हीरोडीह थाना क्षेत्र के बंगारो निवासी इंद्रदेव यादव हत्याकांड में आरोपियों द्वारा मृतक के परिजनों को लगातार धमकी दिए जाने के आरोप को लेकर सोमवार को भाकपा माले, राजद और फॉरवर्ड ब्लॉक की संयुक्त टीम ने गिरिडीह पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर मामले में त्वरित कार्रवाई की मांग की। प्रतिनिधिमंडल के साथ मृतक इंद्रदेव यादव की पत्नी, उनके पांचों बच्चे तथा अन्य परिजन भी मौजूद थे। परिजनों ने एसपी को बताया कि हत्या का मुख्य साजिशकर्ता अब भी पुलिस गिरफ्त से बाहर है और वह लगातार परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहा है। इस कारण पूरा परिवार भय और असुरक्षा के माहौल में जीवन जीने को मजबूर है।प्रतिनिधिमंडल में शामिल पूर्व जिला परिषद सदस्य एवं



फॉरवर्ड ब्लॉक नेता राजेश यादव, भाकपा माले के जमुआ प्रखंड सचिव एवं पूर्व जिला परिषद सदस्य मनोवर हसन बंटी तथा राजद नेता ललन यादव ने एसपी को मामले की गंभीरता से अवगत कराया। नेताओं ने कहा कि हत्या के आरोपियों का मनोबल इतना बढ़ गया है कि वे अब भी पीड़ित परिवार को खुलेआम धमकी दे रहे हैं। उन्होंने घटना में शामिल सभी दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी और पीड़ित परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की। एसपी डॉ. विमल कुमार ने परिजनों और नेताओं को आश्वस्त करते हुए कहा कि मामले में शामिल किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने तत्काल खोरीमहुआ एसडीपीओ और हीरोडीह थाना प्रभारी को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए मुलाकात के बाद नेताओं ने कहा कि उन्हें पुलिस अधीक्षक के आश्वासन पर भरोसा है, लेकिन यदि दोषियों की गिरफ्तारी में देरी हुई तो मामले को लेकर आंदोलन का रास्ता अपनाया जाएगा इस अवसर पर अक्षय कुमार, बाली यादव, शंकर यादव, उपेंद्र यादव समेत कई लोग उपस्थित थे।

# आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में लगेगा विशेष शिविर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के सफल 10 वर्ष पूरे होने के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से मंगलवार 9 जून को राज्य भर में कई कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। वहीं राज्यभर के आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में विशेष स्वास्थ्य शिविर लगाया जाएगा। भारत सरकार द्वारा 9 जून 2016 को शुरू किए गए इस अभियान का उद्देश्य मातृ मृत्यु दर में कमी लाने के लिए गर्भवती महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण प्रसव पूर्व जांच की सुविधा प्रदान करना है। इस विशेष उपलब्धि के उपलक्ष्य में 'सुरक्षित गर्भावस्था, स्वस्थ माताएं एवं सशक्त भारत' के विषय पर एक विस्तृत मार्गदर्शिका जारी की गई है। इस अभियान के एक दशक पूरे होने पर राज्य के सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में 09 जून को आयुष्मान आरोग्य शिविर लगाया जाएगा। इसके साथ ही जिला अस्पतालों, अनुमंडल अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और फर्स्ट रेफरल यूनिट पर विशेष पीएमएसएमए सत्र आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान सभी गर्भवती माताओं को समय पर जांच कराने के लिए जागरूक करने के लिए विशेष अभियान भी चलाया जाएगा। मातृत्व स्वास्थ्य कोषांग की राज्य नोडल पदाधिकारी डॉ। पुष्पा ने बताया कि पिछले 10 वर्षों (2016-2026) में इस अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं को विशेषज्ञों द्वारा स्वास्थ्य सेवाएं, अल्ट्रासाउंड, रक्त एवं मूत्र की सभी आवश्यक जांच निःशुल्क उपलब्ध कराई जाती है।

# सीमांचल टॉक सह यूथ आइकॉन सम्मान समारोह 23 अगस्त को

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पूर्णिया।** सीमांचल क्षेत्र की प्रतिभाओं, समाजसेवियों, शिक्षाविदों, चिकित्सकों, उद्यमियों और विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तित्वों को सम्मानित करने के उद्देश्य से "सीमांचल टॉक सह यूथ आइकॉन सम्मान समारोह-2026" का आयोजन आगामी 23 अगस्त को पूर्णिया स्थित विद्या विहार रेजिडेंशियल स्कूल परिसर में किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन इवेंटजिक मीडिया द्वारा किया जा रहा है, जबकि विद्या विहार करियर प्लस (वीवीसीपी) एवं लेट्स इंस्पायर बिहार इसके प्रमुख सहयोगी होंगे। इस संबंध में आयोजित प्रेस वार्ता में आयोजकों ने बताया कि शिक्षा, चिकित्सा, प्रशासन, सामाजिक सेवा, खेल, कला एवं संस्कृति, युवा उद्यमिता, दूरसंचार, राजनीति, मनोरंजन



तथा रियल एस्टेट सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों एवं संस्थाओं को सम्मानित किया जाएगा। विद्या विहार ग्रुप के सचिव राजेश चंद्र मिश्रा ने कहा कि सीमांचल प्रतिभाओं की धरती है, लेकिन अनेक लोगों को उनकी उपलब्धियों के अनुरूप पहचान नहीं मिल पाती। उन्होंने कहा कि यह सम्मान समारोह ऐसे लोगों को समाज के सामने प्रेरणादायक उदाहरण के रूप में प्रस्तुत करने का प्रयास है। वीवीसीपी के निदेशक प्रशांत शंकर ने कहा कि सफल एवं समाज के लिए योगदान देने वाले व्यक्तित्वों को मंच प्रदान करना युवाओं को प्रेरित करने के लिए आवश्यक है। इससे युवाओं में नई ऊर्जा और आत्मविश्वास का संचार होगा। वीवीआरएस की प्रशासक सुप्रिया मिश्र ने कहा कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने वाले व्यक्तियों को सम्मानित करना सामाजिक दायित्व है। ऐसे आयोजन प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के साथ समाज को नई दिशा भी प्रदान करते हैं। इवेंटजिक मीडिया के प्रमुख चंदन राज ने कहा कि यह समारोह सीमांचल की सकारात्मक पहचान को राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल साबित होगा। उन्होंने बताया कि सम्मान के लिए चयन प्रक्रिया पारदर्शी एवं निष्पक्ष होगी तथा विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों की सहभागिता से योग्य व्यक्तियों का चयन किया जाएगा। कार्यक्रम के जनसंपर्क पदाधिकारी (पीआरओ) आशीष झा ने बताया कि विभिन्न श्रेणियों में आवेदन आमंत्रित किए गए हैं और इच्छुक व्यक्ति एवं संस्थाएं निर्धारित प्रक्रिया के तहत आवेदन कर सकती हैं। उन्होंने कहा कि समारोह में बिहार सरकार के कई मंत्री, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, शिक्षाविद, समाजसेवी, उद्योगपति तथा विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिष्ठित हस्तियां शामिल होंगी। मगध रेंज के आईजी विकास वैभव विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे।

# बरामद हुए तीन मोबाइल, वास्तविक उपयोगकर्ताओं को सौंपे गए

**बरही (हजारीबाग)।** बरही थाना पुलिस ने सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर पोर्टल की सहायता से गुम हुए तीन मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक उपयोगकर्ताओं को सौंप दिया। इस कार्रवाई से मोबाइल धारकों के चेहरे पर खुशी लौट आई और उन्होंने पुलिस के प्रति आभार व्यक्त किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मोबाइल गुम होने की शिकायत मिलने के बाद बरही थाना पुलिस ने सीइआइआर पोर्टल पर आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर मोबाइल फोन की ट्रैकिंग शुरू की। तकनीकी अनुसंधान एवं लगातार प्रयास के बाद पुलिस ने तीनों मोबाइल फोन सफलतापूर्वक बरामद कर लिए। सत्यापन के उपरांत मोबाइल उनके सही उपयोगकर्ताओं को वापस कर दिए गए। इस संबंध में थाना प्रभारी विनोद कुमार यादव ने बताया कि सीईआईआर पोर्टल गुम एवं चोरी हुए मोबाइल फोन की बरामदगी में बेहद कारगर साबित हो रहा है। उन्होंने कहा कि बरही थाना पुलिस आम लोगों की संपत्ति की सुरक्षा के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने लोगों से अपील की कि मोबाइल गुम होने या चोरी होने की स्थिति में तत्काल थाना में सूचना दें तथा शिकायत दर्ज कराएं, ताकि त्वरित कार्रवाई कर मोबाइल की बरामदगी सुनिश्चित की जा सके। मोबाइल वापस मिलने पर लाभुकों ने बरही थाना पुलिस की सराहना करते हुए कहा कि पुलिस की सक्रियता और तकनीकी प्रयासों के कारण उन्हें उनका खोया हुआ मोबाइल पुनः प्राप्त हो सका।

## एक नजर

### बी के पाठशाला सकरोढ़ा में मनाया गया प्रकृति परिवर्तन दिवस

**नगरनौसा(नालंदा)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के सकरोढ़ा बी के पाठशाला में प्रजापिता ब्रह्म कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय फतुहां के संचालित बी के अंजू दीदी के द्वारा शिव झंडा फहराया गया तथा सभी माताओ एवं भाइयो तथा बहनों को झंडा के नीचे संकल्प दिलाया गया तथा ओम ध्वनि के द्वारा योग कराया गया। जिसमें अरविंद भाई, कांति माता, बन्दना बहन, विभा बहन, जागृत बहन, उर्मिला बहन,पूजा बहन, सरस्वती बहन, सुजन्ति माता, उर्मिला माता एवं अन्य माता बहन भी उपस्थित थे। इसके बाद बी के पाठशाला स्करोढ़ा में प्रकृति परिवर्तन दिवस मनाया गया। इसमें अरविंद भाई, अंजू दीदी तथा विभा बहन के द्वारा पेड़ लगाने के लिए पौधा वितरण किया गया। कार्यक्रम में अंजू दीदी द्वारा कार्यक्रम समाप्त के बाद अरविंद भाई को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

### घरेलू गैस की कीमतों में बढ़ोतरी पर युवा शक्ति संगठन ने जताया विरोध

**हिलसा (नालंदा)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमत में 29 रुपये की बढ़ोतरी को लेकर युवा शक्ति संगठन नालंदा के जिला अध्यक्ष मनीष यादव ने केंद्र सरकार की नीतियों की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि लगातार पेट्रोल, डीजल और गैस की कीमतों में वृद्धि से आम लोगों का जीवन प्रभावित हो रहा है। इससे विशेष रूप से महिलाओं, गरीबों, मजदूरों और छात्रों को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। मनीष यादव ने बताया कि इससे पहले 7 मार्च 2026 को घरेलू गैस सिलेंडर के दाम में 60 रुपये की बढ़ोतरी की गई थी और अब पुनः 29 रुपये बढ़ाए गए हैं। उन्होंने कहा कि छोटे गैस सिलेंडरों के दाम बढ़ने से निम्न आय वर्ग पर अतिरिक्त बोझ पड़ा है, जबकि कमर्शियल सिलेंडरों की कीमतों में लगातार वृद्धि से होटल और रेस्टोरेंट संचालकों की परेशानी भी बढ़ रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव समाप्त होने के बाद केंद्र सरकार आम जनता पर महंगाई का बोझ बढ़ा रही है। उनका कहना है कि बढ़ती कीमतें किसानों, छात्रों, महिलाओं और मध्यम वर्ग के लिए चिंता का विषय हैं। युवा शक्ति संगठन ने केंद्र सरकार से जनहित को ध्यान में रखते हुए गैस एवं पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों में राहत देने की मांग की है। संगठन का कहना है कि महंगाई पर नियंत्रण के लिए प्रभावी कदम उठाए जाने चाहिए, ताकि आम लोगों को राहत मिल सके।

### देसी और अंग्रेजी शराब का हुआ विनिष्टिकरण

**नारदीगंज,नवादा/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना परिसर में देसी और अंग्रेजी शराब का विनिष्टिकरण हुआ। मजिस्ट्रेट में सीओ रईस आलम,थानाध्यक्ष राजेश कुमार समेत पुलिस पदाधिकारी की मौजूदगी में अंग्रेजी व देसी शराब का को विनिष्टिकरण किया गया। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने कहा इस कार्यक्रम के तहत 978 लीटर शराब को विनष्ट किया गया है। जिसमे 828 लीटर अंग्रेजी और 150 लीटर देसी शराब था। यह शराब विभिन्न कांडों में जब्त किया गया था। वरीय अधिकारियों के आदेशानुसार जब्त शराब को विनष्ट किया गया।

### रजौली में टीकाकरण को लेकर बैठक

**रजौली (नवादा)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के डिजिटल माइक्रो प्लान को अद्यतन करने तथा समीक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सोमवार को रजौली प्रखंड सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. योगेंद्र प्रसाद ने की। बैठक में नियमित टीकाकरण कार्यक्रम की वर्तमान स्थिति, डिजिटल माइक्रो प्लान के अद्यतनकरण, सत्र स्थलों की समीक्षा, छूटे हुए लाभार्थियों की पहचान एवं उन्हें टीकाकरण सेवाओं से जोड़ने सहित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा हुई। सभी स्वास्थ्यकर्मियों को निर्देश दिया गया कि वे माइक्रो प्लान को नियमित अपडेट करें तथा टीकाकरण गतिविधियों की समयबद्ध समीक्षा सुनिश्चित करें। इस अवसर पर अनुमंडलीय अस्पताल के प्रभारी डीएस डॉ. दिलीप कुमार, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी रोहित कुमार, बीएचएम रविचंद्र प्रसाद, पीसीआई जिला समन्वयक कुमार अभिषेक, पीसीआई प्रखंड समन्वयक पंकज कुमार, डब्ल्यूएचओ एफएम अनिल कुमार तथा अन्य सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक के अंत में सभी प्रतिभागियों ने नियमित टीकाकरण कार्यक्रम को और अधिक प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए समन्वित प्रयास करने का संकल्प लिया। लक्ष्य है कि प्रत्येक पात्र गर्भवती महिला एवं बच्चे तक समय पर टीकाकरण सेवाएं पहुंचाई जा सकें। बैठक में प्रखंड में कार्यरत सभी एएनएम, आशा कार्यकर्ता एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मी उपस्थित रहे।

# धार्मिक वर्जनों के बावजूद अर्थी को कंधा दे शमशान घाट तक पहुंची महिलाएं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिला मुख्यालय के लाइन पर मिर्जापुर निवासी सह मानववादी संगठन अर्जक संघ आर्थिक समिति के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष इंजीनियर ब्रह्मदेव प्रसाद की पत्नी 70 वर्षीया सुधारानी का निधन उपरांत आज महिलाओं ने अरथी को कंधा देकर शमशान घाट तक पहुंची। ऐसे धार्मिक व रूठीवादी मान्यताओं के अनुसार महिलाओं के द्वारा अरथी कंधा देना व शमशान घाट तक पहुंचाना वर्जित है। ऐसे में मानववादी संगठन अध्यक्ष संघ के पहल पर महिलाओं ने न सिर्फ अरथी को कंधा दी बल्कि शमशान घाट तक भी पहुंचाई और चिता को अग्नि भी दिया। जिसके कारण यह बात इलाके में चर्चा की विषय बनी हुई है। अरथी को कंधा देने वालों में मृतका की पुत्री इंजीनियर विदुषी भारती, पतोहू मधुवाला कुमारी व नेहा



कुमारी, पोती टिमतिम, टूटू व टिया के अलावा बड़ी संख्या में अर्जक संघ से प्रभावित महिलाओं सुरभि कुमारी, रंजू कुमारी आदि ने अरथी को कंधा दी। शव यात्रा का नेतृत्व कर रहे अर्जक संघ सांस्कृतिक समिति के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र पथिक ने बताया कि स्त्री पुरुष की समानता को स्थापित करने के लिए यह पहल की जा रही है। साथ ही अवैज्ञानिक व रूढ़िवादी व्यवस्थाओं को नकार कर मानववादी व्यवस्था स्थापित करने के लिए यह कदम द्वारा उठाया गया। इंजीनियर ब्रह्मदेव प्रसाद मूल रूप से रोह प्रखंड के मनियोचक गांव के निवासी हैं। इस मौके पर मृतिका के पुत्र ई मनीष कुमार, ई नीतीश कुमार के अलावा वरिष्ठ पत्रकार व शिक्षाविद अविनाश निराला, रामसहाय महतो, सुमन सौरभ, सुरेन्द्र प्रसाद, जगदीश प्रसाद केशरी, परमेश्वर मंडल, भुवनेश्वर प्रसाद, राम सहाय प्रसाद, बैजनाथ प्रसाद, सुनील कुमर, नरेंद्र कुमार, गोरेलाल कुमार, सुशील कुमार सिंह, गोपाल भगत, किशोरी शरण वर्मा आदि दर्जनों गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# डीएम-एसपी ने मलमास मेला का निरीक्षण कर लिया सुरक्षा व सुविधाओं का जायजा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** राजगीर मलमास मेला में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने देर रात्रि तक संपूर्ण मेला क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण का उद्देश्य सुरक्षा व्यवस्था, विधि-व्यवस्था, श्रद्धालुओं की सुविधाओं तथा यातायात प्रबंधन की तैयारियों का जायजा लेना था। निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने मेला क्षेत्र के विभिन्न प्रवेश एवं निकास द्वारों, प्रमुख धार्मिक स्थलों, श्रद्धालुओं के आवागमन मार्गों, पार्किंग स्थलों, नियंत्रण कक्ष, अस्थायी शिविरों, बैरिकेडिंग व्यवस्था तथा संवेदनशील एवं भीड़-भाड़ वाले स्थलों का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि श्रद्धालुओं की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध एवं प्रभावी ढंग से पूरी की जाएं। जिला पदाधिकारी ने मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चिकित्सकीय टीमों की तैनाती, दवा उपलब्धता, एम्बुलेंस सेवा तथा अन्य स्वास्थ्य संबंधी तैयारियों को समय पर पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य समस्या का सामना न करना पड़े, इसके लिए सभी आवश्यक इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं। पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मेला क्षेत्र में व्यापक सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं तथा प्रत्येक गतिविधि पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने सभी प्रतिनियुक्त अधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों को सतर्क एवं सक्रिय रहकर अपने दायित्वों का निर्वहन करने का निर्देश दिया।


**पूर्व रेलवे**

वरिष्ठ मंडल अभियंता (IV), पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा--711101 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्यों के निष्पादन के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस अथवा अन्य किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के साथ पंजीकृत सहित समतुल्य प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं अपेक्षित वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से निम्नलिखित ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं : **सीनि. डीईएन/4/हावड़ा। क्रमांक 1, ई-निविदा सं.: 112_2026-27, दिनांक 04.06.2026, कार्य का विवरणः** हावड़ा मंडल - सीनि. डीईएन/4/हावड़ा के अधीन एईएन/रामपुरहाट के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत नीचे उल्लेखित स्थानों में टीएफटीआर-10.760 टीकेएम-एसएनटी-एनएचटी : अप 88.000 -90.500=2.500 किमी; डाउन 88.000-88.070=0.070 किमी, 88.130-88.433= 0.303 किमी., 88.553- 88.625=0.072 किमी., 88.736-90.140 =1.404 किमी.; एनएचटी-बीडीएजीः डाउन 124.00-125.600=1.600 किमी., 126.000 -127.500=1.500 किमी., 154.130-154.296 =0.166 किमी., 155.800-156.000=0.200 किमी., 156.600-156.750= 0.150 किमी.; अप 126.000-128.000=2.000 किमी., 154.545-154.955=0.410 किमी., 170.450-170.635 =0.185 किमी., 171.060-171.260=0.200 किमी.। **अनुमानित लागतः** रु.17,09,85,917.88; **बयाना राशिः** रु. 34,19,700। **क्रमांक 2, ई-निविदा सं.: 113_2026-27, दिनांक 04.06.2026, कार्य का विवरणः** हावड़ा मंडल - सीनि. डीईएन/4/हावड़ा के अधीन एईएन/बीएचपी के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत नीचे उल्लेखित स्थानों में टीएफटीआर-2.192 टीकेएम-केएएन-एसएनटीः अप 20.705-20.956=0.251 किमी; डाउन 20.705-20.956=0.251 किमी; एसएनटी-एनएचटीः अप 86.990-88.000=1.010 किमी, डाउन 87.000-87.680=0.680 किमी। **अनुमानित लागतः** रु. 3,48,39,257.80; **बयाना राशिः** रु. 6,96,800। **क्रमांक 3, ई-निविदा सं.: 114_2026-27, दिनांक 04.06.2026, कार्य का विवरणः** सीनि. डीईएन/1/हावड़ा एवं सीनि. डीईएन/4/हावड़ा के अधिकार क्षेत्र के अधीन वेल्डिंग हिस्से की आपूर्ति। **अनुमानित लागतः** रु. 3,85,45,864; **बयाना राशिः** रु. 7,70,900। **निविदा प्रपत्र की कीमतः** प्रत्येक के लिए शून्य। **समापन अवधिः** स्वीकृति पत्र के जारी किए जाने की तारीख से 18 महीने (क्रमांक 1 के लिए), 8 महीने (क्रमांक 2 के लिए) तथा 12 महीने (क्रमांक 3 के लिए)। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः** 29.06.2026 को 14.00 बजे। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी का दिन/बंद/हड़ताल घोषित होने पर भी ऑनलाइन निविदा बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में एप्लीकेशन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत कोई भी प्रस्ताव जमा करने की अनुमति नहीं देती है। हालांकि, ऑनलाइन निविदा अगले कार्यकारी दिवस को खोली जाएगी। निविदाओं का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। ई-निविदा से संबंधित बयाना राशि जमा (ईएमडी) तथा निविदा दस्तावेज की कीमत का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग अथवा पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। टिप्पणीः आईआरईपीएस (ई-टेंडर पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में फिक्स्ड डिपॉजिट रिसिप्ट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

(HWH-135/2026-27)


निविदा सूचनाएं वेबसाइट ww.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# आमजनों की समस्याओं के समाधान हेतु जिलेभर में जनसुनवाई आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** बिहार सरकार के सात निश्चय-3 के सातवें निश्चय "सबका सम्मान-जीवन आसान " के तहत आम नागरिकों के दैनिक जीवन को सरल, सहज एवं सम्मानजनक बनाने के उद्देश्य से प्रत्येक सप्ताह सोमवार एवं शुक्रवार को जिले के सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला पदाधिकारी, नवादा श्री रवि प्रकाश के निर्देशानुसार आज जिले के ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला स्तर के सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई का आयोजन किया गया, जिसमें आमजनों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना गया तथा उनके त्वरित एवं प्रभावी निष्पादन हेतु आवश्यक कार्रवाई की गई। जिला स्तर पर समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई की अध्यक्षता वरीय उपसमाहर्त्ता, नवादा श्री मनोज चौधरी ने की। जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों द्वारा कुल 13 शिकायतें दर्ज कराई गईं। प्राप्त शिकायतों में भूमि विवाद, अतिक्रमण, दाखिल-खारिज, बैंक खाते से अनधिकृत निकासी सहित अन्य विभिन्न प्रकार की समस्याएं शामिल थीं। जनसुनवाई के दौरान थाना नवादा सदर अंतर्गत अस्पताल मोड़ निवासी मनोज कुमार द्वारा निजी भूमि पर अतिक्रमण किए जाने, मिर्जापुर निवासी परमेश्वर महतो द्वारा भूमि नामांतरण, थाना



नरहट अंतर्गत जमुआरा निवासी अश्विनी कुमार शर्मा द्वारा बैंक खाते से अनधिकृत निकासी तथा थाना नेमदारगंज अंतर्गत बरेव निवासी अजय प्रसाद द्वारा दाखिल-खारिज से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किया गया। इसके अतिरिक्त अन्य परिवादियों द्वारा भी विभिन्न प्रकार की शिकायतें दर्ज कराई गईं। वरीय उपसमाहर्त्ता द्वारा कई मामलों का ऑन-द-स्पॉट निष्पादन किया गया, जबकि शेष मामलों को संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को जांचोपरांत आवश्यक कार्रवाई हेतु अग्रसारित किया गया। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं नियमानुसार निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजनों को त्वरित न्याय एवं राहत उपलब्ध हो सके। इसी क्रम में अपर समाहर्ता , नवादा सदर एवं रजौली अनुमंडल कार्यालय सहित जिले के सभी ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला स्तरीय सरकारी कार्यालयों में भी जनसुनवाई का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।

# सड़क दुर्घटना में बाइक सवार जख्मी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नगरनौसा(नालंदा)।** नगरनौसा पीएचसी के पास एनएच 431 चंडी-दनियावां मुख्य पर सोमवार के संध्या सड़क दुर्घटना में बाइक सवार एक युवक गम्भीर रूप से जख्मी हो गया। जख्मी युवक की पहचान चंडी थाना क्षेत्र के जागों बिगहा गांव निवासी स्वर्गीय इन्द्रू राम के 25 वर्षीय पुत्र संजीव कुमार के रूप में की गई। घटना के सम्बंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार युवक नगरनौसा बडीहा रोड़ बाजार स्थित गोकुल स्वीट्स में काम करता था। तत्काल युवक को पीएचसी नगरनौसा में भर्ती कराया गया जहां से युवक को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। थानाध्यक्ष शशिरंजन कुमार मिश्रा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।


**पूर्व रेलवे**

खुली निविदा सूचना सं. एमसी-लॉरीहायरिंग-आरपीएच-26, दिनांक 05.06.26; वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता (को-आर्डि.), पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का नामः** कैरेज एवं वैगन विभाग, रामपुरहाट, पूर्व रेलवे, हावड़ा मंडल के नियंत्रणाधीन सामग्रियों के परिवहन हेतु 3 वर्षों के लिए 10 टन क्षमता वाली डीजल संचालित लॉरी किराए पर लेना। **निविदा मूल्यः** रु. 57,28,003.20; **जमा की जाने वाली बयाना राशिः** रु. 1,14,600; **संविदा की अवधिः** कार्य शुरू होने की तारीख से 36 महीने। **ऑनलाइन निविदा जमा करने के लिए वेबसाइट का विवरणः** www.ireps.gov.in; **बोली बंद होने की तारीख एवं समयः** 26.06.2026 को 14.00 बजे तक।

(HWH-134/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**AFFIDAVIT**

I, SALIMA BIBI, W/o-Late Farid Ansari, aged about 67 years, by faith-Islam, R/o-Vill-Santhaldih, P.O.-Kura,P.S.-Pindrajora, District-Bokaro, Jharkhand do hereby solemnly affirm on oath and declare as follows:-

1. That, my actual and correct name is SALIMA BIBI which is mentioned in my Aadhaar No. 4385 4780 2149.
2. That, FARID ANSARI was my husband, who has been expired on 24.08.2025.
3. That, my deceased husband have a Bank Account in Bank of India, Siwandih Branch, vide Account No. 487110110003321, in which my name has been mentioned as a Nominee.
4. That, as a nominee in my deceased husband Bank Account, my name has been inadvertently mentioned as JAMILA KHATOON (which is my nick name).
5. That, SALIMA BIBI and JAMILA KHATOON both name same and one lady i.e. myself.
6. That, I am swearing this affidavit to produce it before the authority concerned and for the needful purpose.

Deponent
SALIMA BIBI

# जदयू सांसद के घर सेंधमारी कर चोरी, इलाके में मचा हड़कंप

## अंगरक्षक की पिस्टल ले गया चोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भागलपुर।** जिले में सुरक्षा व्यवस्था को चुनौती देने वाली एक बड़ी घटना सामने आई है। जदयू सांसद अजय कुमार मंडल के तिलकामांझी थाना क्षेत्र स्थित बैंक कॉलोनी आवास में अज्ञात चोरों ने सेंधमारी कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है। सूचना के बाद तिलकामांझी थाना पुलिस और वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी गई है।

जानकारी के अनुसार चोर रात के समय सांसद के आवास में घुसे और चोरी की घटना को अंजाम देकर फरार हो गए। सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि चोरों ने वहां तैनात अंगरक्षक निरंजन कुमार का पिस्टल भी अपने साथ ले गए।

इस घटना ने सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं, क्योंकि एक संरक्षित परिसर में इस तरह की सेंधमारी को बड़ी चूक माना जा रहा है।

घटना की जानकारी मिलते ही तिलकामांझी थाने की पुलिस टीम मौके पर पहुंची। नगर पुलिस उपाधीक्षक अजय कुमार चौधरी के नेतृत्व में पूरे मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि चोरों की पहचान की जा सके। साथ ही तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर भी जांच आगे बढ़ाई जा रही है।

### लग रहे तरह-तरह के कयास

सांसद के आवास से अंगरक्षक का हथियार चोरी हो जाने की घटना ने सुरक्षा व्यवस्था की गंभीर खामियों को उजागर कर दिया है।

स्थानीय लोगों के बीच भी इस घटना को लेकर चर्चा तेज है। प्रशासनिक स्तर पर भी मामले को गंभीरता से लिया जा रहा है और सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की जा रही है।

## थानाध्यक्ष के घर चोरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मुंगेर।** जमालपुर थाना क्षेत्र में लगातार हो रही आपराधिक घटनाओं ने पुलिस व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। बीते 10 दिनों के भीतर हुई दो बड़ी वारदातों ने न सिर्फ पुलिस की कार्यशैली को कटघरे में खड़ा किया है, बल्कि आम लोगों के बीच सुरक्षा को लेकर चिंता भी बढ़ा दी है। रविवार देर रात थाना क्षेत्र के दौलतपुर स्थित वी-मार्ट गली में जमालपुर थाना के अपर थाना अध्यक्ष टीपू सुल्तान के बंद पड़े मकान में चोरी की घटना सामने आई। इस घटना ने पुलिस गश्ती और सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब पुलिस अधिकारी का घर ही सुरक्षित नहीं है, तो आम नागरिकों की सुरक्षा की स्थिति का सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। चर्चा का विषय यह भी है कि जिस इलाके में चोरी की घटना हुई, वहां कई पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के आवास भी स्थित हैं। इसके बावजूद अपराधियों ने वारदात को अंजाम देकर पुलिस को खुली चुनौती दी है।

## टंकी खोदने के विवाद में गयी एक की जान

**पटना।** दीघा थाना क्षेत्र में पानी की टंकी खोदने को लेकर शुरू हुआ पड़ोसियों का विवाद एक युवक की मौत के साथ दर्दनाक मोड़ पर पहुंच गया। इलाज के दौरान युवक की मौत के बाद परिजनों और स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया। गुस्साए लोगों ने सोमवार को दानापुर-दीघा मार्ग जाम कर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। जानकारी के अनुसार, दीघा थाना क्षेत्र स्थित गणपति रोड फ्लोर मिल के पास रविवार सुबह पानी की टंकी खोदने का कार्य चल रहा था। इसी दौरान पानी के बहाव और निकासी को लेकर पड़ोस में रहने वाले दो पक्षों के बीच विवाद शुरू हो गया। देखते ही देखते कहासुनी ने उग्र रूप ले लिया। आरोप है कि विवाद के दौरान एक पक्ष के लोगों ने मिलकर नंदकिशोर राय (39) की पिटाई कर दी। मारपीट में वह गंभीर रूप से घायल हो गए।घटना के बाद परिजनों ने घायल नंदकिशोर राय को तत्काल अस्पताल पहुंचाया। हालत गंभीर होने पर उन्हें पाटलिपुत्र स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान सोमवार को उनकी मौत हो गई।

## जलवायु संरक्षण प्रतियोगिता ने संवेदनशीलता का दिया संदेश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** बीते दिन विश्व पर्यावरण दिवस 2026 की पूर्व संध्या पर झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद के तत्वावधान में एसआईडीएचए एवं वानिकी के विद्यार्थियों के सहयोग से जागरूकता पर आधारित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस बीच पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना व जलवायु परिवर्तन के मुद्दे पर सामूहिक जिम्मेदारी के निर्वहन पर जोर दिया गया। इस दौरान प्रतिभागियों ने जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने तथा सतत जीवनशैली अपनाने की अपील की।

इस अवसर पर प्रश्नोत्तरी, रंगोली, निबंध लेखन, चित्रकला एवं कचरे से कलाकृति जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। सभी प्रतियोगिताएं जलवायु परिवर्तन, पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास की थीम पर आधारित थीं। प्रतिभागियों ने अपने रचनात्मक कार्यों के माध्यम से पर्यावरणीय मुद्दों के प्रति गहरी समझ और संवेदनशीलता का परिचय दिया।

प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में जलवायु विज्ञान, जैव विविधता संरक्षण, नवीकरणीय ऊर्जा तथा वैश्विक पर्यावरणीय पहलों से जुड़े प्रश्न शामिल किए गए। वहीं, रंगोली और चित्रकला प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों तथा प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण की आवश्यकता को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। ₹कचरे से कलाकृति₹ प्रतियोगिता ने परिपत्र अर्थव्यवस्था (सर्कुलर इकोनॉमी) और संसाधनों के पुनः उपयोग के महत्व को उजागर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने जलवायु परिवर्तन से मुकाबले में युवाओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया और उन्हें पर्यावरण दूत बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने जिम्मेदार उपभोग, अपशिष्ट में कमी तथा प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण को जीवनशैली का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

# तेज रफ्तार कार ने ठेकेदार को रौंदा, मौत

## ग्रामीणों ने टायर जलाकर किया जाम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** जिले के सदर थाना क्षेत्र के माधौल बाईपास एनएच के पास एक तेज रफ्तार कार ने अपार्टमेंट के काम को देखकर लौट रहे ठेकेदार को रौंद डाला। इस घटना में उसकी दर्दनाक मौत हो गई। घटना को अंजाम देने के बाद कार सवार चार लोग मौके से भाग गए।

मृतक की पहचान सदर थाना क्षेत्र के डुमरी निवासी 60 वर्षीय ज्योधि शाह के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा और उन्होंने आगजनी करते हुए एनएच को जाम कर दिया। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

घटना को लेकर मृतक के परिजनों ने बताया कि वह बन रहे अपार्टमेंट का काम देखकर लौट रहे थे। इसी दौरान वह एनएच पार कर रहे थे, तभी एक अनियंत्रित कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी तेज थी कि वे गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। बाद में पुलिस और ग्रामीणों के माध्यम से परिजनों को घटना की सूचना मिली। मौके पर पहुंचने तक उनकी मौत हो चुकी थी।

घटना को लेकर स्थानीय ग्रामीणों ने कहा कि इस इलाके में आए दिन सड़क हादसे होते रहते हैं और प्रशासन इस ओर गंभीरता नहीं दिखा रहा है। सड़क दुर्घटना से आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर दिया, जिससे बाईपास पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। लोगों ने प्रशासन से सड़क सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की।

## गर्मी से नाजिर हुआ बेहोश, अफरातफरी

**मुंगेर।** जिले के संग्रामपुर प्रखंड में भीषण गर्मी और उमस के बीच संग्रामपुर अंचल कार्यालय में कार्यरत अंचल नाजिर आनंद कुमार कापड़ी की तबीयत अचानक बिगड़ गई। कार्यालयीन कार्य के दौरान वे बेहोश होकर गिर पड़े, जिसके बाद अंचल कर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, संग्रामपुर में भर्ती कराया।

अस्पताल में चिकित्सक ने बताया कि अत्यधिक गर्मी, डिहाइड्रेशन, शरीर में पानी की कमी तथा लगातार सफर करने के कारण हीट वेव की चपेट में आने से उनकी तबीयत खराब हुई है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि गर्मी के मौसम में अनावश्यक रूप से धूप में बाहर निकलने से बचें, पर्याप्त मात्रा में पानी पीएं तथा शरीर को हाइड्रेट रखें।

सीओ ने बताया कि संबंधित कर्मी सुबह बाइक दुर्घटना में भी घायल हो गए थे, जिससे उनकी शारीरिक कमजोरी बढ़ गई थी। स्थिति बिगड़ने पर उन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया और हीट वेव से बचाव के लिए बनाए गए विशेष कक्ष में भर्ती कराया गया।

# लापता महिला की अधजली लाश बरामद

## मायके वालों ने लगाया हत्या का आरोप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** वैशाली जिले के जंदाहा थाना क्षेत्र के महिसौर गांव में 37 वर्षीय रीता देवी का अधजला शव चार दिन बाद बरामद किया गया है। परिजनों ने रीता के ससुराल वालों पर हत्या कर शव छिपाने का आरोप लगाया है। रीता देवी 5 जून की रात से लापता थीं।

अधजला शव मिलने की सूचना पर घटनास्थल पर बड़ी संख्या में ग्रामीण जमा हो गए। मौके पर पहुंचीं थाना अध्यक्ष चांदनी सवारियां ने तेज धूप का हवाला देते हुए मृतका के मायके वालों से जल्दबाजी करने को कहा।

उनकी टिप्पणी, 'मुझे तेज धूप लग रही है, जल्दी करो' से ग्रामीण आक्रोशित हो गए और उन्होंने पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया।

रीता देवी की शादी वर्ष 2007 में पप्पू राय उर्फ नंद किशोर राय से हुई थी। उनके ससुर उपेंद्र राय जन वितरण प्रणाली के दुकानदार हैं। रीता की भाभी रेखा देवी के अनुसार, पप्पू राय ने किसी विवाद के कारण दूसरी शादी कर ली थी और रीता को अपने साथ नहीं रखना चाहते थे। मायके वालों का आरोप है कि इसी वजह से ससुराल वालों ने 5 जून की रात रीता की हत्या कर शव को गायब कर दिया।

बीते 6 जून को रीता देवी के मायके वाले महिसौर गांव पहुंचे तो उन्हें घर पर कोई नहीं मिला और ससुराल वाले फरार पाए गए। मायके वालों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। परिजनों ने आरोप लगाया है कि महिसौर थाना पुलिस मौके पर पहुंचने के बावजूद तत्काल कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर सकी।

# शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग को ले विपक्ष एकजुट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** नीट परीक्षा के लगातार हो रहे पेपर लीक, भ्रष्टाचार, धांधली तथा सीबीएससी की परीक्षा परिणाम में उजागर हुए व्यापक अनियमितता आदि के खिलाफ आज कॉंग्रेस नीत इंडिया गठबंधन में शामिल सभी दलों ने चट्टानी एकजुटता दिखाते हुए केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से इस्तीफा देने की आवाज बुलंद की है।

बिहार प्रदेश कॉंग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि प्रो विजय कुमार मिट्ठू, पूर्व विधायक मोहम्मद खान अली, जिला कॉंग्रेस उपाध्यक्ष बाबूलाल प्रसाद सिंह, दामोदर गोस्वामी, टिंकू गिरी, प्रो विश्वनाथ कुमार, डॉ अनिल कुमार सिन्हा आदि ने कहा कि देश के 22 लाख नीट परीक्षार्थियों सहित 18 लाख सीबीएससी के छात्रों एवं उनके परिजनों में भारी आक्रोश है साथ ही साथ अभी तक देश के दर्जनों छात्र आत्महत्या भी कर चुके हैं।

नेताओं ने कहा नीट परीक्षा आयोजित करने वाला एनटीए की विश्वसनीयता पर वर्षो से गंभीर सवाल उठ रहे हैं, तो दूसरी ओर सीबीएससी परीक्षा परिणाम में हुई घोर अनियमितता को मीडिया के समक्ष केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने स्वीकार करते हुए इसके अध्यक्ष एवं सचिव को भी बदलने का काम किया है।

नेताओं ने कहा कि आखिर क्या कारण है कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री इन परीक्षाओं में हुई धांधली को स्वीकार करने के बाद भी इस्तीफा नहीं देकर थेंथरई करने का काम कर रहे हैं, तो दुसरी ओर प्रधानमंत्री भी मुक दर्शक बने बैठे हैं।

नेताओं ने कहा कि सम्पूर्ण देशभर में छात्र, युवा केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग को लेकर आंदोलित है लगभग सभी राज्यों के मुख्यालयों पर विशाल धरना-प्रदर्शन, मशाल जुलूस निकालने का काम विगत कई दिनों से जारी है। नेताओं ने नीट की दोबारा परीक्षा जो 21 जून को आयोजित होने से पहले केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफा दे, नहीं तो आंदोलन और तीव्र होगी।

## मनाया गया प्रकृति परिवर्तन दिवस

**नगरनौसा(नालंदा)।** प्रखंड के सकरोढ़ा बीके पाठशाला में बीके अंजू दीदी के द्वारा शिव के झंडा फहराया गया तथा सभी माताओं, भाइयो तथा बहनों को झंडा के नीचे संकल्प दिलाया गया तथा ओम ध्वनि के द्वारा योग कराया गया।जिसमें अरविंद भाई, कांति माता ,बन्दना बहन,विभा बहन,जागृत बहन,उर्मिला बहन,पूजा बहन,सरस्वती बहन,सुजन्ति माता,उर्मिला माता एवं अन्य माता बहन भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में अरविंद भाई को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

# अमान्य घोषित संस्थाओं की डिग्री पर कई शिक्षक अब भी कार्यरत

## अब तो कार्रवाई पर भी लोग उठा रहे सवाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दरभंगा ।** दरभंगा जिले में फर्जी और अमान्य प्रमाणपत्रों के आधार पर शिक्षक नियुक्ति का मामला एक बार फिर चर्चा में है। उच्च न्यायालय के निर्देश पर वर्ष 2006 से 2016 तक नियोजित शिक्षकों के प्रमाणपत्रों की जांच कर रहे निगरानी अन्वेषण ब्यूरो ने जिले में कार्यरत कई शिक्षकों की डिग्रियों पर गंभीर सवाल उठाए हैं।

निगरानी ब्यूरो के आग्रह पर जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ) विद्यानंद ठाकुर ने स्थापना डीपीओ अवधेश प्रसाद को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। इसके बावजूद कार्रवाई की रफ्तार धीमी बनी हुई है, जिससे पूरे मामले पर सवाल खड़े हो रहे हैं। अलीनगर प्रखंड के हरसिंगपुर पंचायत से जुड़ा एक मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। आरोप है कि फर्जी प्रमाणपत्र के आधार पर नियुक्त एक शिक्षक आज दूसरे पंचायत में प्रखंड शिक्षक बनकर प्रधानाध्यापक की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। बताया जाता है कि नियोजन रद करने की प्रक्रिया के बावजूद प्रशासनिक स्तर पर खेल होने से मामला वर्षों से लंबित है।

निगरानी ब्यूरो के अनुसार विभिन्न विद्यालयों में हिंदी विद्यापीठ देवघर के प्रमाणपत्र पर 54 शिक्षक कार्यरत हैं। इसके अलावा गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के तीन, महिला विद्यापीठ इलाहाबाद के आठ, दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा के एक, काशी विद्यापीठ वाराणसी के चार और हिंदी साहित्य सम्मेलन के 11 शिक्षक नौकरी कर रहे हैं।

राज्य सरकार ने 25 अगस्त 2008 को 28 संस्थाओं के प्रमाणपत्रों को अमान्य घोषित कर दिया था। इनमें उपर्युक्त सभी संस्थान शामिल हैं। इसके बावजूद इन प्रमाणपत्रों के आधार पर कुल 81 लोग माध्यमिक, प्रारंभिक विद्यालयों तथा पुस्तकालयाध्यक्ष के पद पर कार्यरत हैं।

शिक्षकों और स्थानीय लोगों का आरोप है कि स्थापना कार्यालय में प्रभावशाली लोगों की मिलीभगत के कारण कई मामलों में कार्रवाई नहीं हो पा रही है। अब निगरानी के नए निर्देश के बाद सभी की नजर प्रशासनिक कार्रवाई पर टिकी है।

## शव यात्रा में फायरिंग का वीडियो वायरल

**भागलपुर।** नवगछिया के परबत्ता थाना क्षेत्र से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है, जहां शव यात्रा के दौरान हथियार से फायरिंग किए जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि जगतपुर गांव निवासी भवेश यादव की माता का निधन हो गया था। उनके अंतिम संस्कार के लिए शव यात्रा महादेवपुर घाट पहुंची थी। इसी दौरान कुछ लोगों द्वारा हथियार लहराते हुए फायरिंग किए जाने की बात सामने आई है। वायरल वीडियो में कुछ युवक हथियार के साथ दिखाई दे रहे हैं और फायरिंग करते नजर आ रहे हैं। वीडियो के सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के बाद इलाके में चर्चा का माहौल है। हालांकि, वीडियो की पुष्टि और उसमें शामिल लोगों की पहचान को लेकर पुलिस जांच कर रही है।

# ट्रक चालकों के साथ लाठी-डंडों से मारपीट का वीडियो वायरल

## तीन लोग घायल, लूटपाट का भी आरोप □छह नामजद सहित कई पर एफआरआई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा ।** भोजपुर जिले के कोईलवर थाना क्षेत्र के धनडीहा गांव के पास ट्रक चालकों के साथ सरेआम लाठी-डंडों से मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में कुछ लोग खुलेआम ट्रक चालकों और उनके सहयोगियों पर हमला करते दिख रहे हैं।

पीड़ित ट्रक चालक राजकुमार राम के अनुसार, वे अपने भाइयों के साथ बालू लोड करने जा रहे थे। इसी दौरान आरोपियों ने उन्हें रास्ते में रोक लिया और जबरन पैसे की मांग की।

आरोप है कि आरोपियों ने ट्रक रोककर बालू ले जाने के बदले 20 हजार रुपये की मांग की। पैसे देने से इनकार करने पर विवाद बढ़ गया और हमला कर दिया गया।

पीड़ित ने आरोप लगाया है कि मारपीट के दौरान जातिसूचक शब्दों का भी प्रयोग किया गया। हमले में एक व्यक्ति के सिर पर लोहे की रॉड से वार किया गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

इस घटना में चालक समेत तीन लोग घायल हो गए। आरोप यह भी है कि हमलावरों ने जबरन 60 हजार रुपये भी छीन लिए। घायलों का इलाज कराया जा रहा है।

मामले में एससी-एसटी थाना में छह नामजद और कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। आरोपियों में स्थानीय लोगों के नाम शामिल हैं।

पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, लेकिन अभी तक किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। घटना के बाद इलाके में तनाव और दहशत का माहौल है।

## बिना पंजीकरण के संचालित अस्पतालों पर हो सख्त कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार में गैर-पंजीकृत अस्पतालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की तैयारी शुरू हो गई है। भारतीय अस्पताल संघ के संस्थापक रंधीर कुमार ने राज्य के सभी गैर-पंजीकृत अस्पतालों को चेतावनी देते हुए कहा है कि मरीजों और उनके परिजनों के साथ किसी भी प्रकार की लूटखसोट, अनियमितता या उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि जो अस्पताल बिना वैध पंजीकरण के संचालित हो रहे हैं, वे तत्काल अपने संस्थानों का पंजीकरण कराएं, अन्यथा उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी और आवश्यकता पड़ने पर एफआईआर भी दर्ज कराई जा सकती है। श्री कुमार ने बताया कि इस मुद्दे की नीति को जल्द ही बिहार सरकार के स्वास्थ्य विभाग के समक्ष विस्तृत रूप से रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को पारदर्शी और जवाबदेह बनाने के लिए गैर-पंजीकृत अस्पतालों पर प्रभावी कार्रवाई आवश्यक है। संघ संस्थापक ने राज्य सरकार से आग्रह किया है कि सभी निजी अस्पतालों के पंजीकरण की स्थिति की समीक्षा कर नियमों का उल्लंघन करने वाले संस्थानों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

# प्रशासन से गुहार के बाद ग्रामीणों ने लिया चंदा और श्रमदान का सहारा

## 10 ट्रैक्टरों के साथ 60 लोग उतरे मैदान में, दिखी समरसता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

पटना। रक्सौल प्रखंड के मुसहरवा गांव में नेपाल से आने वाली गाद नदी ने पिछले वर्ष बरसात के दौरान तटबंध को 70 फीट, 7 फीट और 3 फीट तक क्षतिग्रस्त कर दिया था। कटाव के बाद भी विभागीय स्तर पर कोई ठोस पहल नहीं हुई। लगातार मांग और शिकायतों के बावजूद मरम्मत नहीं होने पर ग्रामीणों ने स्वयं तटबंध निर्माण का निर्णय लिया। शुक्रवार से गांव के करीब 60 लोग श्रमदान के जरिए मरम्मत कार्य में जुटे हुए हैं ।

तटबंध की मरम्मत के लिए ग्रामीणों ने आपस में चंदा जुटाया है । जिन परिवारों ने आर्थिक सहयोग नहीं किया है, वे श्रमदान कर रहे हैं। लगभग 10 ट्रैक्टरों से मिट्टी ढोई जा रही है। पूरे कार्य पर करीब दो लाख रुपये खर्च होने का अनुमान है ।

ग्रामीणों के अनुसार, पिछले साल तटबंध टूटने से करीब 300 एकड़ फसल बाढ़ की भेंट चढ़ गई थी । समय रहते मरम्मत नहीं होने पर इस वर्ष भी बड़े नुकसान की आशंका बनी हुई थी।

गाद नदी का पानी तटबंध तोड़कर बाहर निकलता है तो भेलाही, कुकीहिया, बेलसपुर, जयमंगलपुर, सिसवा, सौनाहा, पशुरामपुर और जगधर सहित कई गांव जलभराव की चपेट में आ जाते हैं। इससे करीब 500 एकड़ कृषि भूमि प्रभावित हो सकती है ।

ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों का कहना है कि केवल मिट्टी भराई पर्याप्त नहीं है। कटाव रोकने और तटबंध को स्थायी रूप से सुरक्षित बनाने के लिए पत्थर पिचिंग जरूरी है । अनुमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है। जल्द ही स्थल निरीक्षण कराया जाएगा और तटबंध को मजबूत बनाने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी ।

## दुर्घटना में बाइक सवार गंभीर

**नगरनौसा(नालंदा)।** नगरनौसा पीएचसी के पास एनएच 431 चंडी-दनियावां मुख्य पर सोमवार के संध्या सड़क दुर्घटना में बाइक सवार चंडी थाना क्षेत्र के जागो बिगहा गांव निवासी स्व इन्द्रू राम के 25वर्षीय पुत्र संजीब कुमार घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार युवक नगरनौसा बडीहा रोड़ बाजार स्थित गोकुल स्वीट्स में काम करता है जो अपने बाइक से नगरनौसा से चंडी की ओर जा रहा था कि नगरनौसा पीएससी के पास खड़ा सीएनजी में बाइक सवार युवक पिछे से धक्का मार दिया। जिससे बाइक सवार सड़क पर गिर गया और पीछे से आ रही ट्रक सड़क युवक पर चढ़ाते निकल निकल गया। घायल को पीएचसी नगरनौसा में भर्ती कराया गया जहाँ से उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। थानाध्यक्ष शशिरंजन कुमार मिश्रा ने बताया कि मामले की जाँच किया जा रहा है।

# डीजल के बाद अब खाद ने तोड़ी किसानों की कमर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डेहरी आन सोन ।** डीजल के दाम बढ़ने से किसानों की जेब पहले ही ढीली हो चुकी थी, लेकिन एक बार फिर खाद के बढ़े दामों ने किसानों की चिंताएं बढ़ा दी हैं। डेहरी प्रखंड में रबी सीजन में खाद की मारामारी का सामना कर चुके किसानों को खरीफ सीजन में महंगाई डायन सता रही है। दरअसल इस महीने रासायनिक खादों के सरकार ने रेट बढ़ा दिए हैं। जिससे किसानों को परेशानीओ का सामना करना पड़ रहा है। जिसके कारण खाद के दाम 175 रुपए बोरी से लेकर 550 रुपए बोरी तक बढ़ाए गए हैं, जिसमें पोटाश के दाम प्रति बोरी 1800 रुपए से बढकर 2100 रुपए पहुंच गए हैं। पोटाश के दामों में सीधे 300 रुपए का इजाफा हुआ है। वहीं एनपीके के दाम 1900 रुपए प्रति बोरी से बढकर 2450 रुपए तक पहुंच गए हैं। एसएसपी में 550 रुपए के जगह पर 150 रुपए की बढ़ोतरी हुई है। रबी फसलों से फुर्सत पाते ही किसान खरीफ सीजन की तैयारियों में जुटे हुए हैं। खेतों को तैयार करने के साथ ही वे खाद और बीज के जुगाड़ में भी लगे हुए हैं। अब खाद में महंगाई ने उन्हें चिंता में डाल दिया है।

कृषि पदाधिकारी ने बताया कि, "खरीफ सीजन किसानों को मक्के की फसल के लिए प्रति एकड़ दो बोरी यूरिया, 1 बोरी एनपीके और 20 किलो पोटाश की आवश्कता होती है। एनपीके और पोटाश के दाम बढ़े हैं। ऐसे में खरीफ की फसल लगा रहे किसानों को एनपीके और पोटाश पर ज्यादा खर्च करना पड़ेगा, उनकी लागत पहले से बढ़ जाएगी। हालांकि कई किसान जरूर से ज्यादा खाद अपने खेतों में डालते हैं जिससे ओवरडोज होने की वजह से सही उत्पादन नहीं मिल पाता है। रबी के सीजन में यूरिया के लिए कतार में लगने के लिए मजबूर रहे किसानों के लिए राहत की बात है कि खरीफ सीजन में यूरिया और डीएपी के दाम नहीं बढ़े हैं।

# गवाह की हत्या से भड़के लोग, एसपी ने थानेदार को किया निलंबित

## 15 मई को मृतक के भतीजे की हुई थी हत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जहानाबाद।** भेलावर थाना क्षेत्र के जलालपुर ईंट भट्ठा के समीप रविवार की देर शाम अपराधियों ने स्थानीय निसरपुरा गांव निवासी 45 वर्षीय मुन्ना कुमार को गोली मारकर जख्मी कर दिया था, युवक को इलाज के लिए सदर अस्पताल से पीएमसीएच रेफर किया गया था ,जहां देर रात्रि इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

सोमवार की सुबह मुन्ना कुमार की मौत की सूचना मिलते ग्रामीण आक्रोशित हो गए और पटना- गया एनएच-22 को टेहटा के समीप जाम कर दिया। पटना से लाए गए शव को सड़क पर रखकर अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग करने लगे। जाम के कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। स्वजन का कहना था कि गत 15 मई को अपराधियों ने मुन्ना के भतीजे शिवम कुमार की भी पीट-पीट कर हत्या कर दी थी, उस केस में मुन्ना ही पैरवी कर रहे थे, जिसको लेकर उन्हें लगातार जान से मारने की धमकी मिल रही थी। इसकी सूचना कई बार भेलावर थाना पुलिस को दी गई। लेकिन गिरफ्तारी नहीं होने से आरोपितों का मनोबल बढ़ता गया और रविवार को मुन्ना कुमार की भी गोली मारकर हत्या कर दी गई। अगर पुलिस मामले को गंभीरता से लेती तो मुन्ना कुमार की जान बच सकती थी। जाम के सूचना पर एसपी अपराजित लोहान, एसडीपीओ मनीष चंद्र चौधरी समेत कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची, जिसके बाद लोगों को समझा कर जाम हटाया गया। करीब तीन घंटे बाद एनएच पर आवागमन सुचारू हुआ, जिसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा गया। वहीं इस मामले में एसपी अपराजित लोहान ने भेलावर के थानेदार रंजीत कुमार को निलंबित कर दिया है।

## कटिहार-अमृतसर समर स्पेशल ट्रेन के बढ़े फेरे

अररिया। गर्मी के मौसम में ट्रेनों में बढ़ती भीड़ और यात्रियों की मांग को देखते हुए रेलवे बोर्ड ने कटिहार-अमृतसर समर स्पेशल ट्रेन के फेरों में बढ़ोतरी करने का निर्णय लिया है। इससे सीमांचल क्षेत्र के हजारों यात्रियों को राहत मिलेगी। अमृतसर जाने वाली समर स्पेशल ट्रेन संख्या 05736/ 05735 के परिचालन को जुलाई माह में तीन अतिरिक्त फेरों के लिए बढ़ा दिया गया है। कटिहार मंडल रेल उपभोक्ता परामर्शदात्री समिति के सदस्य ने बताया कि रेलवे बोर्ड ने यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ट्रेन के परिचालन को आगे बढ़ाने की स्वीकृति प्रदान की है।

# एनडीए के सभी उम्मीदवारों की जीत तय, संख्या बल हमारे साथ : संजय सरावगी

## विधान परिषद चुनाव में एनडीए पूरी तरह एकजुट, सभी प्रत्याशी होंगे विजयी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने बिहार विधान परिषद द्विवार्षिक चुनाव 2026 के लिए एनडीए के सभी नौ उम्मीदवारों द्वारा नामांकन दाखिल किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि एनडीए पूरी तरह एकजुट, संगठित और मजबूत है। उन्होंने विश्वास जताया कि गठबंधन के सभी उम्मीदवार विजयी होंगे तथा विधान परिषद में एनडीए की ताकत और अधिक बढ़ेगी। सोमवार को एनडीए के सभी नौ उम्मीदवारों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। भारतीय जनता पार्टी की ओर से पवन सिंह, डॉ. संजय मयूख, अनिल कुमार ठाकुर और शीला पंडित ने नामांकन किया। वहीं जदयू की ओर से निशांत कुमार, डॉ. भारती मेहता, शिवानी प्रजापति और ललन प्रसाद ने नामांकन दाखिल किया। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) की ओर से अशरफ अंसारी ने अपना नामांकन पत्र भरा। प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि बिहार में एनडीए की सरकार ने विकास, सुशासन और जनकल्याण के क्षेत्र में जो कार्य किए हैं, उसी का परिणाम है कि गठबंधन के प्रति जनप्रतिनिधियों और जनता का विश्वास लगातार मजबूत हुआ है। उन्होंने कहा कि विधान परिषद चुनाव में भी यह विश्वास स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। प्रदेश अध्यक्ष सरावगी ने कहा कि एनडीए के पास स्पष्ट संख्या बल है और सभी सहयोगी दल पूरी मजबूती के साथ एक-दूसरे के साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा कि गठबंधन के प्रत्याशी विभिन्न सामाजिक वर्गों का प्रतिनिधित्व करते हैं तथा उनके अनुभव और कार्यक्षमता का लाभ बिहार को मिलेगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी उम्मीदवार निर्विरोध अथवा भारी समर्थन के साथ विजयी होकर सदन में पहुंचेंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व तथा मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की कार्यकुशलता से बिहार विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। एनडीए सरकार ने राज्य में आधारभूत संरचना, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण, रोजगार और सामाजिक न्याय के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए हैं।


# ममता बनर्जी की तानाशाही नीतियों से त्रस्त होकर टीएमसी में मची भगदड़ : मंगल पांडेय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** पूर्व स्वास्थ्य मंत्री और पश्चिम बंगाल के भाजपा प्रभारी मंगल पांडेय ने तृणमूल कांग्रेस में मची राजनीतिक उथल-पुथल और दिल्ली में आयोजित विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन की बैठक पर तीखा हमला बोला है। श्री पांडेय ने तृणमूल कांग्रेस के कई सांसदों द्वारा लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर संसद में अलग गुट की व्यवस्था करने और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में शामिल होने की इच्छा जताने पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी कुशासन की समाप्ति के बाद अब उनकी राजनीतिक पारी का भी अंत अब तय हो चुका है। श्री पांडेय ने कहा कि ममता बनर्जी की तानाशाही, तुष्टीकरण और विकास विरोधी नीतियों से अब उनकी ही पार्टी के सांसद और कार्यकर्ता पूरी तरह से ऊब चुके हैं। टीएमसी के सांसदों का लोकसभा स्पीकर को पत्र लिखना और एनडीए में शामिल होने की इच्छा जताना यह साफ करता है कि उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और देश के विकास मॉडल पर पूरा भरोसा है। यह कोई पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी टीएमसी के कई बड़े नेता ममता बनर्जी की जनविरोधी नीतियों के कारण पार्टी का साथ छोड़ चुके हैं और टीएमसी के राज्यसभा सांसद भी इस्तीफा दे रहे हैं। ये इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण है कि पार्टी के भीतर असंतोष का ज्वालामुखी फूट चुका है। टीएमसी अब ताश के पत्तों की तरह ढह रही है। श्री पांडेय ने दिल्ली में कांग्रेस की अगुवाई में हुई 'इंडिया' गठबंधन की बैठक पर निशाना साधते हुए कहा कि यह गठबंधन देश के विकास के लिए नहीं, बल्कि केवल अपने राजनीतिक अस्तित्व को बचाने के लिए किया जा रहा एक ढोंग है। दिल्ली में जुटने वाले इन नेताओं के पास देश के विकास के लिए न तो कोई विजन है और न ही कोई नीति।

# विधायकों द्वारा दिए गए विशेषाधिकार हनन मामलों की विधानसभा अध्यक्ष ने की समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार के कार्यालय कक्ष में सोमवार को विशेषाधिकार हनन की सूचनाओं से संबंधित एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में मोहनियां की विधायक संगीता कुमारी तथा चनपटिया के विधायक अभिषेक रंजन द्वारा क्रमशः नगर परिषद कुदरा (कैमूर) की कार्यपालक पदाधिकारी उजाली राज और चनपटिया के कार्यपालक पदाधिकारी हेमंत कुमार के विरुद्ध दी गई विशेषाधिकार हनन की सूचनाओं पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में आरोपित पदाधिकारियों एवं संबंधित विभाग के वरीय अधिकारियों को उपस्थित होकर अपना पक्ष रखने का अवसर दिया गया। विधानसभा अध्यक्ष ने आरोपित अधिकारियों का पक्ष सुनने तथा विभागीय मंतव्य की समीक्षा करने के बाद संबंधित जिलाधिकारियों से विस्तृत प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि जनप्रतिनिधियों के साथ अधिकारियों का सहयोगात्मक और सम्मानजनक व्यवहार सुशासन, लोकतांत्रिक मूल्यों तथा प्रशासनिक दक्षता के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनता की आकांक्षाओं के प्रतिबिंब होते हैं। विधायिका और कार्यपालिका के बीच बेहतर समन्वय एक सुव्यवस्थित शासन व्यवस्था की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि कार्यपालिका को विधायिका के साथ सामंजस्य स्थापित करते हुए कार्य करना चाहिए, ताकि जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके और आम जनता को उनका समुचित लाभ प्राप्त हो। बैठक में नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव विनय कुमार, अपर सचिव मनोज कुमार, आरोपित पदाधिकारी तथा विधानसभा सचिवालय के वरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# खान सर की अग्रिम जमानत याचिका दाखिल, सुरक्षा कर्मियों की जमानत अर्जी पर हुई सुनवाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** हत्या के प्रयास एवं शस्त्रों के अवैध इस्तेमाल के मामले में जहां एक ओर आज खान ग्लोबल स्टडीज के निदेशक फैसल खान उर्फ खान सर की ओर से पटना के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की गई तो वहीं दूसरी ओर जेल में बंद दो सुरक्षाकर्मियों की नियमित जमानत याचिका पर भी सुनवाई हुई। पटना के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रूपेश देव की अदालत में खान सर की ओर से अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की गई। अग्रिम जमानत याचिका उनके वकील अरविंद मउआर की ओर से दाखिल की गई जिस पर सुनवाई 09 जून 2026 को होगी। दूसरी ओर इसी मामले में जेल में बंद दो अभियुक्त सुरक्षाकर्मी दीपक कुमार और तालेबर सिंह की नियमित जमानत याचिका पर उनकी ओर से वकील अरविंद मउआर ने प्रथम श्रेणी के न्यायिक दंडाधिकारी अनुराग वर्मा की अदालत में बहस की। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने पुलिस से मामले में इकठ्ठा किए गए सिलसिलेवार सबूतों की मांग की है। नियमित जमानत अर्जी पर अगली सुनवाई 10 जून 2026 को होगी। गौरतलब है कि खान सर के कोचिंग संस्थान के नजदीक हुई गोलीबारी के वायरल वीडियो के आधार पर कदमकुआं थाना की पुलिस ने खान सर और उनके दो सुरक्षा कर्मियों के खिलाफ बीएनएसएस और शस्त्र अधिनियम की विभिन्न धाराओं में कदम कुआं थाना में कांड संख्या 418/2026 दर्ज किया है।

# दोषी अधिकारियों पर गिरेगी गाज, शिकायतों के निपटारे में नहीं होगी देरी : मंत्री

## नगर विकास एवं आवास मंत्री नीतीश मिश्रा ने की समीक्षा, दिए कई अहम निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** नगर विकास एवं आवास विभाग के मंत्री नीतीश मिश्रा ने सोमवार को विभाग में आरोप एवं निगरानी संबंधित समीक्षा बैठक की। बैठक में विभाग के विभिन्न स्तरों पर लंबित शिकायतों, आरोपों तथा निगरानी मामलों की विस्तृत समीक्षा की गई। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि लोकसभा, राज्यसभा, विधानसभा एवं विधान परिषद के सदस्यों द्वारा अधिकारियों के विरुद्ध प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। श्री मिश्रा ने कहा कि जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए मुद्दे जनता की अपेक्षाओं और समस्याओं से जुड़े होते हैं। इसलिए ऐसी शिकायतों के निपटारे में अनावश्यक विलंब किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं होगा। उन्होंने निर्देश दिया कि शिकायतों के निष्पादन हेतु एक स्पष्ट एवं प्रभावी मानक संचालन प्रक्रिया तैयार की जाए तथा उसका अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाए, ताकि प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध एवं पारदर्शी समाधान हो सके। मंत्री ने विभागीय अधिकारियों को सभी लंबित मामलों की समीक्षा कर उनके शीघ्र निष्पादन के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिकायतों एवं आरोपों की जांच प्रक्रिया को फास्ट ट्रैक मोड में संचालित किया जाए, ताकि दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों के विरुद्ध त्वरित एवं नियमानुसार कार्रवाई की जा सके। उन्होंने स्पष्ट कहा कि विभाग में नियम विरुद्ध कार्यप्रणाली, भ्रष्टाचार एवं लापरवाही के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी और किसी भी स्तर पर अनियमितता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। श्री मिश्रा ने यह भी कहा कि शिकायतों की जांच निष्पक्ष, तथ्यपरक एवं पारदर्शी ढंग से की जानी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जहां दोष सिद्ध हो वहां कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, वहीं असत्य अथवा आधारहीन शिकायतों के मामलों पर भी गंभीरता से विचार किया जाए, ताकि कर्तव्यनिष्ठ एवं ईमानदारी से कार्य कर रहे अधिकारियों का मनोबल प्रभावित न हो। उन्होंने कहा कि अच्छे कार्य करने वाले अधिकारियों को प्रोत्साहित करना भी सुशासन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। मंत्री ने कहा कि सुशासन, जवाबदेही एवं पारदर्शिता को मजबूत बनाने के लिए शिकायतों का त्वरित समाधान अत्यंत आवश्यक है। जनता का विश्वास बनाए रखने के लिए विभागीय कार्यप्रणाली में जवाबदेही, समयबद्धता और संवेदनशीलता सुनिश्चित करनी होगी। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि शिकायत निवारण प्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाते हुए जनता एवं जनप्रतिनिधियों की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का हरसंभव प्रयास करें।

# निवेशकों को बड़ी राहतः एसआइपीबी सचिवालय बना राज्य का एकल नोडल एजेंसी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार में औद्योगिक निवेश को और अधिक सुगम, पारदर्शी एवं समयबद्ध बनाने की दिशा में राज्य मंत्रिपरिषद ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। मंत्रिपरिषद द्वारा बिहार औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन अधिनियम, 2016 की धारा 10 के अंतर्गत राज्य निवेश प्रोत्साहन पर्षद सचिवालय को एकल नोडल एजेंसी के रूप में प्राधिकृत करने, इससे संबंधित विभागों के अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति एवं क्लियरेंस हेतु मानक संचालन प्रक्रिया के निर्धारण के लिए राज्य निवेश प्रोत्साहन पर्षद को प्राधिकृत करने की स्वीकृति दी गई है। इससे बहु-एजेंसी विनियामक व्यवस्था के कारण वर्तमान प्रशासनिक जटिलताएं दूर होगी तथा परियोजनाओं का समयवद्ध क्रियान्वयन हो सकेगा। प्रतिनियुक्त अधिकारियों का औद्योगिक विकास आयुक्त के प्रत्यक्ष प्रशासनिक नियंत्रण, अनुशासनिक अधीनता एवं पर्यवेक्षण से त्वरित क्लियरेंस की सुविधा प्राप्त हो सकेगी। क्लियरेंस जारी करने हेतु औद्योगिक विकास आयुक्त द्वारा आवश्यकता अनुसार विभागों एवं वैधानिक निकायों के सक्षम नोडल अधिकारियों को शामिल या उपवर्जित करने के संबंध में प्रतिनियुक्तियों के औपचारिक आदेश जारी किया जा सकेगा। राज्य निवेश प्रोत्साहन पर्षद द्वारा व्यापक मानक संचालन प्रक्रियाएं तैयार किया जाएगा। यह निर्णय बिहार सरकार की उद्योग अनुकूल नीतियों तथा 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' को मजबूत करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# रौशन आनंद की जमानत याचिका पर आदेश सुरक्षित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** खान ग्लोबल स्टडीज के सुरक्षाकर्मी के साथ मारपीट के मामले में जेल में बंद ज्ञान बिंदु कोचिंग संस्थान के निदेशक रौशन आनंद की नियमित जमानत याचिका पर सुनवाई के बाद आज पटना की एक अदालत ने अपना आदेश सुरक्षित रख लिया। प्रथम श्रेणी के न्यायिक दंडाधिकारी अनुराग वर्मा की अदालत में रौशन आनंद की ओर से बहस करते हुए उनके वकील विजय आनंद ने अपने मुवक्किल को निर्दोष बताया और उन पर लगाये गये आरोपों को निराधार बताते हुए जमानत पर मुक्त किए जाने की प्रार्थना की। खान ग्लोबल स्टडीज की ओर से वकील अरविंद मउआर ने जमानत अर्जी का विरोध किया। दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद अदालत ने अपना आदेश सुरक्षित रख लिया। प्राथमिकी के अनुसार मामले के अभियुक्तों पर खान ग्लोबल स्टडीज में प्रवेश कर एक सुरक्षाकर्मी को खींचकर बाहर सड़क पर लाने और उसके साथ मारपीट कर जख्मी कर देने का आरोप है। इस मामले में पुलिस ने रौशन आनंद, अभिषेक कुमार और गौरव कुमार को गिरफ्तार कर 03 जून 2026 को जेल भेजा था। मामले की प्राथमिकी कदमकुआं थाना में बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत कांड संख्या 410/26 के रूप में दर्ज की गई है।

# केवाइपी केंद्र संचालक अफवाहों और धन उगाही करने वालों से रहें सावधान : डॉ. आनंद रंजन झा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**वैशाली।** केवाईपी केंद्रों के संचालन से संबंधित वर्तमान परिस्थितियों को लेकर केवाईपी वेल्फेयर सोसाइटी, वैशाली के अध्यक्ष डॉ. आनंद रंजन झा ने बिहार के सभी केवाईपी केंद्र संचालकों से सतर्क एवं सजग रहने की अपील की है। डॉ. झा ने कहा कि वर्तमान समय में कुछ लोग एवं अवसरवादी तत्व केंद्र संचालकों की चिंताओं का लाभ उठाकर उन्हें गुमराह करने तथा विभिन्न बहानों से धन उगाही करने का प्रयास कर रहे हैं। ऐसे लोगों से सभी केंद्र संचालकों को सावधान रहने की आवश्यकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिहार सरकार के सात निश्चय कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित केवाईपी (कुशल युवा कार्यक्रम) का महत्व बना हुआ है और केंद्र संचालकों को किसी भी प्रकार की अफवाहों या भ्रामक सूचनाओं पर ध्यान नहीं देना चाहिए। किसी भी प्रकार की गलत जानकारी फैलाकर आर्थिक लाभ लेने का प्रयास करने वाले व्यक्तियों से दूरी बनाए रखना आवश्यक है। डॉ. झा ने बिहार के सभी केवाईपी केंद्र संचालकों से अपील की कि वे इस विषय से संबंधित किसी भी व्यक्ति, संस्था या केंद्र संचालक को किसी प्रकार की राशि का भुगतान न करें। यदि कोई व्यक्ति किसी समस्या के समाधान, केंद्र संचालन या अन्य किसी बहाने से धन की मांग करता है तो उसकी सूचना संबंधित अधिकारियों एवं संगठन के पदाधिकारियों को दें। उन्होंने कहा कि सभी केंद्र संचालकों को एकजुट होकर अपने अधिकारों एवं हितों की रक्षा करनी चाहिए तथा केवल अधिकृत एवं विश्वसनीय स्रोतों से प्राप्त सूचनाओं पर ही विश्वास करना चाहिए।


# मंत्री अरुण शंकर प्रसाद पर हमला मामले में खजौली थानाध्यक्ष और चौकीदार निलंबित, सात गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मधुबनी।** बिहार सरकार के श्रम संसाधन मंत्री अरुण शंकर प्रसाद के काफिले पर हुए हमले और उसमें शामिल एक वाहन को क्षतिग्रस्त करने के मामले में मधुबनी पुलिस ने खजौली थाना क्षेत्र के ठाहर गांव से तीन महिला और तीन पुरुष को देर रात्रि में गिरफ्तार कर लिया। वहीं मुख्य साजिशकर्ता सुनील कुमार सिंह को नगर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है। यह जानकारी पुलिस अधीक्षक योगेन्द्र कुमार ने समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में दी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि खजौली थाना में क्षेत्र हुए घटना में विफल खजौली थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह एवं ठाहर गांव के चौकीदार को लापरवाही के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि कुल 17 लोगों को नामजद व अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। इसमें अभी तक साजिशकर्ता सुनील कुमार सिंह, खजौली थाना क्षेत्र के ठाहर गांव निवासी वीणा देवी, बद्री मंडल, शितला देवी, रंजू देवी, विवेक कुमार यादव, राजदेव यादव, सुनील कुमार सिंह शामिल हैं। इन सभी की गिरफ्तारी सीसीटीवी कैमरे के फोटो के आधार पर की गई है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अन्य आरोपी के गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। उन्होंने बताया कि इस मामले में स्पीडी ट्राईल चलाकर सभी आरोपी को कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाएगी।

# भारतीय रेल ने तीन सेक्शन में 163 किमी चालू करके कवच 4.0 सेफ्टी रोलआउट में लाई तेज़ी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**हाजीपुर।** भारतीय रेल ने आज अपने नेटवर्क के तीन सेक्शन में कवच वर्जन 4.0 (ऑटोमैटिक ट्रेन प्रोटेक्शन सिस्टम) के 163 रूट किलोमीटर चालू किए, जो रेल सेफ्टी को मज़बूत करने में एक और बड़ा मील का पत्थर है। नए चालू किए गए सेक्शन में धनबाद और पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन के सरमाटांर से निमियाघाट (76 किमी), फ्लाईओवर केबिन से भभुआ रोड (43 किमी) और सासाराम से फ़ेसर (44 किमी) सेक्शन शामिल हैं। पूर्व मध्य रेल के दीन दयाल उपाध्याय मंडल में कवच सिस्टम को शामिल किया गया है। इस कमीशनिंग के साथ, इंडियन रेलवे हाई-डेंसिटी रूट पर ट्रेन प्रोटेक्शन, ऑपरेशनल सेफ्टी और रिलायबिलिटी बढ़ाने के लिए स्वदेशी कवच सिस्टम के डिप्लॉयमेंट में तेज़ी ला रहा है। आज के शामिल होने के बाद,कवच वर्जन 4.0 को पूर्व मध्य रेल में कुल 256.3 रूट किलोमीटर पर कमीशन किया गया है। इसमें पूर्व मध्य रेल का मानपुर-सरमाटांर (93.3 किमी) सेक्शन भी शामिल है। पूर्व मध्य रेल के धनबाद और पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल के सरमाटांर से निमियाघाट, फ्लाईओवर केबिन से भभुआ रोड और सासाराम से फ़ेसर के लेटेस्ट कमीशन किए गए 163 रूट किमी सेक्शन पर कवच 4.0 के साथ ट्रेन ऑपरेशन शुरू हो गया है। फ़ेसर-सासराम सेक्शन पर कवच युक्त पहली ट्रेन 15137 बुद्ध पूर्णिमा एक्सप्रेस सफलतापूर्वक चलायी गयी। यह फ़ेसर से 03:02 बजे गुजरी और सासाराम 03:50 बजे पहुंची। भभुआ-पंडित दीन दयाल उपाध्याय/फ्लाईओवर केबिन सेक्शन पर यह भभुआ से 04:39 बजे निकली और पंडित दीन दयाल उपाध्याय/एफओसी से 05.20 बजे गुजरी।

# फिल्म नीति में कलाकारों के लिए अनुदान से होगा रोजगार का सृजन : मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** कला एवं संस्कृति मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार से फिल्म अभिनेता कुमार कन्हैया सिंह ने सोमवार को शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार ने कहा कि बिहार फिल्म प्रोत्साहन नीति 2024 के तहत बिहार में फिल्म की शूटिंग करने पर निर्माता को 4 करोड़ रुपये तक की सब्सिडी देने का प्रावधान है। इसके अलावा फिल्म में बिहार के कलाकारों को काम देने पर उन्हें भुगतान की गई राशि का 50 फीसदी अतिरिक्त अनुदान दिया जाता है जिससे बिहार के कलाकारों को राज्य में ही काम मिल रहा है। डॉ. प्रमोद कुमार ने कहा कि फिल्म नीति का निर्माण विभिन्न राज्यों की फिल्म नीतियों का अध्ययन करने के बाद फिल्म निर्माताओं की सुविधाओं को ध्यान में रखकर किया गया है। साथ ही बिहार में शूटिंग होने वाली फिल्मों के निर्माताओं और कलाकारों से उनका फीडबैक लिया जा रहा है। उसके अनुसार कार्ययोजना भी बनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि बिहार में अबतक 50 से अधिक फिल्मों की शूटिंग की अनुमति दी गई है जिनमें से ज्यादातर फिल्मों की शूटिंग पूरी हो चुकी है। उन्होंने कहा कि निर्माताओं को शूटिंग परमिशन के लिए अलग-अलग विभागों में आवेदन की आवश्यकता नहीं है। फिल्म निगम के माध्यम से वे ऑनलाइन परमिशन प्राप्त कर सकते हैं।

# शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में जमीन मापी की दर में दो गुणा की बढ़ोतरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राज्य सरकार ने शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में मौजूद जमीनों की मापी की दर में तकरीबन दो गुणा की बढ़ोतरी की है। बढ़ोतरी के बाद नई दर के मुताबिक नगर निगम, नगर परिषद और नगर पंचायत क्षेत्र में मौजूद रैयती जमीन की मापी के लिए प्रति खेसरा 2 हजार रुपये और अधिकतम 8 हजार रुपये की दर निर्धारित की गई है। इसी तरह ग्रामीण क्षेत्र में प्रति खेसरा 1 हजार रुपये और अधिकतम 4 हजार रुपये मापी शुल्क निर्धारित किया गया है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में सोमवार को आयोजित कैबिनेट की विशेष बैठक में इससे संबंधित मसौदे पर मुहर लगी। कैबिनेट में 25 एजेंडों पर मुहर लगी। कैबिनेट में लिए गए निर्णयों के बारे में विस्तृत जानकारी मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के अपर मुख्य सचिव अरविंद कुमार चौधरी ने सूचना भवन के सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में दी। श्री चौधरी ने कहा कि इस नए प्रावधान के तहत शहरी क्षेत्र में तत्काल मापी के लिए प्रति खेसरा 4 हजार और अधिकतम 16 हजार रुपये का शुल्क देना होगा। वहीं, ग्रामीण इलाकों में तत्काल मापी के लिए प्रति खेसरा 2 हजार और अधिकतम 8 हजार रुपये का शुल्क निर्धारित किया गया है। वहीं इससे पहले सामान्य जमीन की मापी की यह दर शहरी इलाकों के लिए 1 हजार रुपये प्रति खेसरा और अधिकतम 4 हजार रुपये थी। इसी तरह ग्रामीण इलाकों के लिए यह दर 500 रुपये और अधिकतम 1 हजार रुपये थी। परंतु अब इसे बढ़ाकर दोगुणा कर दिया गया है। अपर मुख्य सचिव ने बताया कि राज्य में 15 वर्ष पुराने गैर-सरकारी वाहनों की स्क्रैपिंग के लिए जारी एसओपी जारी है। इसके तहत निबंधित यान स्क्रैपिंग सुविधा के माध्यम से वाहन को स्क्रैप कराने पर सीओडी जारी किया जाता है। अब इस सीओडी के आधार पर नए वाहनों के निबंधन में मोटरवाहन कर में निर्धारित छूट दी जाएगी। इससे अधिक से अधिक संख्या में गैर-सरकारी वाहनों को स्क्रैप किए जाने और नए वाहनों की खरीद को प्रोत्साहित किया जा सकेगा। इससे वाहनों से होने वाले प्रदूषण को कम करने में भी मदद मिलेगी। इसके अलावा रबी मौसम 2026-27 से केंद्र सरकार की तरफ से प्रायोजित प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना को कार्यान्वित करने की स्वीकृति प्रदान की गई है।

# लैंड बैंक निर्माण में किसी भी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं : मंत्री

## राजस्व महा अभियान के आवेदनों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करें

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने सोमवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से मुंगेर, पूर्णिया एवं कैमूर जिलों के राजस्व कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को कड़ी चेतावनी दी कि राजस्व मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही अब स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि निर्धारित समय सीमा में कार्यों का निष्पादन सुनिश्चित करें, अन्यथा दोषी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाएगी। समीक्षा के दौरान मंत्री ने सभी जिलों को निर्देश दिया कि विकास कार्यों और औद्योगिक निवेश को गति देने के लिए प्राथमिकता के आधार पर लैंड बैंक का निर्माण किया जाए। उन्होंने कहा कि दस वर्ष से अधिक पुराने मामलों की विशेष समीक्षा की जाए तथा सरकारी जमीनों पर की गई अवैध अथवा गलत जमाबंदियों को तत्काल रद्द करने की कार्रवाई की जाए। साथ ही ऐसे मामलों के लिए जिम्मेदार अधिकारियों एवं कर्मचारियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। राजस्व न्यायालय प्रबंधन प्रणाली की समीक्षा करते हुए मंत्री ने कहा कि केवल वादों के निष्पादन की संख्या बढ़ाना पर्याप्त नहीं है, बल्कि निर्णयों की गुणवत्ता पर भी विशेष ध्यान देना होगा।

# पीड़ित पशुपालक परिवारों के बीच 30 लाख रुपए की सहायता राशि का वितरण

## पटना डेयरी प्रोजेक्ट, सुधा डेयरी, पटना द्वारा 'जन कल्याण कोष योजना' का उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** वैशाल पाटलिपुत्र दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड, पटना (सुधा डेयरी) द्वारा सोमवार को दुग्ध उत्पादकों एवं पशुपालकों के कल्याणार्थ समर्पित 'जन कल्याण कोष सह योजना' का उद्घाटन और सहायता राशि वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम दशरथ मांझी सभागार, पटना में हुआ। इस विशेष कल्याणकारी योजना के माध्यम से दुग्ध संघ ने अपने सदस्य किसानों और उनके परिवारों के प्रति अपनी गहरी सामाजिक और सहकारी प्रतिबद्धता को धरातल पर उतारा है। डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग के सचिव सह अध्यक्ष, कॉम्फेड शीर्षत कपिल अशोक कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि संघ का यह प्रयास सराहनीय है, विपरीत परिस्थितियों में पशुपालकों को संबल प्रदान करना ही सहकारिता का असली मूल मंत्र है। साथ ही इस जन कल्याण योजना को कॉम्फेड के द्वारा बिहार के सभी दुग्ध संघों में जल्द से जल्द लागू करने को कहा। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित कॉम्फेड के प्रबंध निदेशक समीर सौरभ ने किसानों के स्वावलंबन पर जोर देते हुए कहा कि 'सुधा' ब्रांड की असली ताकत हमारे ग्रामीण क्षेत्रों के परिश्रमी किसान हैं और संकट की हर घड़ी में महासंघ उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। इस विशेष कोष का निर्माण पूरी तरह से सहकारिता की भावना के साथ किया गया है। इस कोष का मुख्य उद्देश्य सक्रिय पशुपालकों एवं दुग्ध समिति के संबद्ध कर्मियों की असामयिक मृत्यु अथवा उनके दुधारू पशुओं की हानि होने पर तत्काल वित्तीय सुरक्षा प्रदान करना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वैशाल पाटलिपुत्र दुग्ध संघ के अध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि सोमवार के इस ऐतिहासिक अवसर पर कुल 30 लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि सीधे लाभार्थियों और उनके आश्रितों के बीच वितरित की गई है। संघ के प्रबंध निदेशक रुपेश राज ने कहा कि संघ की यह 'जन कल्याण योजना' केवल एक आर्थिक सहायता नहीं है, बल्कि यह हमारे किसान भाई-बहनों और उनके मूक पशुओं के प्रति एक श्रद्धांजलि और कृतज्ञता है, जिन्होंने असमय दुनिया को अलविदा कह दिया। मरणोपरांत उनके परिवारों को दी गयी यह सहायता राशि उनके दुख को तो कम नहीं कर सकती, परन्तु यह इस बात का प्रतीक है कि संकट के इस घड़ी में पूरा दुग्ध संघ परिवार उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। कार्यक्रम में समारोह में राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के प्रतिनिधि और वरीय प्रबंधक डॉ. पदम वीर सिंह, संघ के निदेशक मंडल, अधिकारी, कर्मचारी तथा संघ क्षेत्र पटना, सारण तथा वैशाली जिला के विभिन्न दुग्ध समितियों से जुड़े अध्यक्ष, सचिव तथा समिति से जुड़े दुग्ध उत्पादक किसान उपस्थित थे।

# आरएसपीएल ग्रुप ने पूरे किए 50 गौरवशाली वर्ष

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** आरएसपीएल ग्रुप जिसने कानपुर की धरती से अपना सफर शुरू किया और आज भारत सहित दुनिया के अनेक देशों में भारतीय गुणवत्ता, भरोसे और मूल्यों का प्रतीक बनकर उभरा है। भारत के अग्रणी एफएमसीजी समूहों में शामिल आरएसपीएल ग्रुप ने अपनी स्थापना के 50 गौरवशाली वर्ष पूरे होने का उत्सव मनाया। आरएसपीएल के प्रमुख और लोकप्रिय ब्रांड घड़ी डिटर्जेंट ने भी अपने 50 वर्ष पूरे किए हैं। पिछले 50 वर्षों में आरएसपीएल ने सदैव भारत में बना, भारतीयों के लिए बना के अपने मूल विचार को केंद्र में रखा है। देशभर में स्थापित 24 से अधिक विनिर्माण इकाइयों के माध्यम से समूह ने घरेलू उत्पादन को सशक्त बनाया और भारतीय उद्योग की सामर्थ्य को नई पहचान दिलाई है। इसकी शुरुआत उत्तर प्रदेश के कानपुर में मुरलीधर ज्ञानचंदानी और बिमल कुमार ज्ञानचंदानी ने एक साधारण लेकिन बड़े सपने के साथ की थी। आज घड़ी डिटर्जेंट देश के करोड़ों परिवारों का भरोसेमंद साथी बन चुका है और लगभग 32 प्रतिशत भारतीय घरों तक इसकी पहुंच है। साबुन और डिटर्जेंट से शुरू हुई यह यात्रा आज हाइजीन केयर, पर्सनल केयर, डेयरी एवं आइसक्रीम, केमिकल निर्माण, फैशन एवं लाइफस्टाइल तथा खाद्य एवं पेय पदार्थ जैसे विविध क्षेत्रों तक विस्तार पा चुकी है। उत्तर प्रदेश, गुजरात, राजस्थान, बिहार, मध्य प्रदेश सहित अनेक राज्यों में स्थापित इसकी उत्पादन इकाइयों ने न केवल औद्योगिक विकास को गति दी है, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था, रोजगार और आधारभूत ढांचे को भी सशक्त बनाया है।

# संपादकीय

## लोग अपराध कर क्यों रहे हैं, इस मनोविज्ञान को समझना भी जरूरी

देश में यह एक नई तस्वीर बन रही है कि आर्थिक असुरक्षा और बदहाली की स्थिति लोगों के मनोविज्ञान पर गहरा और घातक असर डाल रही है।सवाल है कि क्या केवल सख्ती के दावे और हिदायतों के दम पर राज्य में अपराध और आपराधिक मानसिकता वाले लोगों पर काबू पाया जा सकता है। उत्तर प्रदेश में हाल में हत्या की कई घटनाओं से साफ है कि अपराध पर काबू करने के सरकारी दावों के बरक्स हकीकत क्या है। ऐसा लगता है कि कानून-व्यवस्था की स्थिति को लेकर राज्य की सरकार और पुलिस बेफिक्र हैं और दूसरी ओर अपराधियों का दुस्साहस लगातार बढ़ता जा रहा है। यह बेवजह नहीं है कि हत्या की लगातार कई वारदातों के बाद विपक्षी दलों की ओर से सरकार को कठघरे में खड़ा किया जाने लगा है।दरअसल, बीते कुछ दिनों के भीतर उत्तर प्रदेश में एशियाई खेलों के लिए चुने गए एक पैरा-एथलीट और एक राष्ट्रीय स्तर की कबड्डी महिला खिलाड़ी सहित हत्या की अन्य घटनाओं के बाद सरकार इस बात के लिए आलोचना के कठघरे में है कि क्या राज्य की कानून-व्यवस्था ठप हो चुकी है।अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि हाल में पिछले कुछ समय से लगातार बड़ी आपराधिक घटनाओं की वजह से खुद मुख्यमंत्री योगी के भीतर काफी नाराजगी देखी गई और उन्होंने ज्यादा अपराध दर वाले जिलों के पुलिस अधिकारियों को सख्त हिदायत दी।सवाल है कि क्या केवल सख्ती के दावे और हिदायतों के दम पर राज्य में अपराध और आपराधिक मानसिकता वाले लोगों पर काबू पाया जा सकता है। अगर ऐसा संभव हो पाता, तो आज राज्य सरकार जघन्य अपराधों में तेज बढ़ोतरी के लिए खुद को आलोचना के घेरे में खड़ा नहीं पाती। जब उत्तर प्रदेश में सत्ता परिवर्तन हुआ था, तब भाजपा का वादा यही था कि वह राज्य को अपराध और अपराधियों से मुक्त कराएगी।अपराधियों पर काबू पाने के मकसद से की गई कुछ फौरी सख्ती और कार्रवाइयों से ऐसा लगा भी। मगर हत्या या अन्य किसी जघन्य अपराध के आरोपियों को मुठभेड़ में मार गिराए जाने के कुछ मामलों में पुलिस के रवैये पर सवाल भी उठे। आज एक समांतर सच यह भी है कि आपराधिक मानसिकता के लोग बेधड़क सामान्य से लेकर जघन्य अपराधों को अंजाम दे रहे हैं और अपराध के खात्मे का दावा करने वाली सरकार अपराधियों को रोक पाने में नाकाम दिख रही है। ऐसे में यह सवाल स्वाभाविक है कि क्या आपराधिक मानसिकता वाले लोगों के भीतर पुलिस का खौफ खत्म हो गया है। अपराध के बेलगाम होते जाने के बीच अब ऐसी घटनाएं भी सामने आ रही हैं, जिनमें हत्या की वजहें हैरान करती हैं। उत्तर प्रदेश के मेरठ में राष्ट्रीय स्तर की एक कबड्डी खिलाड़ी की हत्या सिर्फ 3,600 रुपये के उधार की वजह से कर देने की खबर आई। इस घटना में भी पहला सवाल यही है कि आरोपी के भीतर आखिर क्यों पुलिस और कानूनी कार्रवाई का कोई खौफ नहीं था।दूसरे, कोई व्यक्ति अपने लिए तीन-चार हजार रुपये को इतनी बड़ी रकम कैसे मान लेता है कि वह उसके लिए किसी की हत्या कर दे। उत्तर प्रदेश की इस घटना के अलावा देश के अलग-अलग हिस्सों से अक्सर ऐसी खबरें आती हैं, जिनमें दो-चार या पांच सौ रुपये जैसी मामूली रकम के लिए किसी की जान ले ली जा रही है।क्या देश में यह एक नई तस्वीर बन रही है कि आर्थिक असुरक्षा और बदहाली की स्थिति लोगों के मनोविज्ञान पर गहरा और घातक असर डाल रही है? जाहिर है, आदतन या सुविधा से अपराध करने वालों के खिलाफ सख्ती के साथ-साथ सामान्य पृष्ठभूमि के लोगों के जघन्य अपराधों को अंजाम देने की परिस्थितियों और वजहों पर विचार करना वक्त की जरूरत है। बिना जड़ पर प्रहार किए अपराध पर पूरी तरह काबू पाना एक चुनौती बनी रहेगी।

# आकाशवाणी के 90 वर्ष : विश्वास, संस्कृति और जनसंवाद की अमर ध्वनि

**अभिषेक दास**

जब सूचना की दुनिया अभूतपूर्व बदलावों से गुज़र रही है, जब ख़बरों की गति उनकी सत्यता पर भारी पड़ती दिखाई देती है, और जब सोशल मीडिया का शोर संवाद की गंभीरता को चुनौती दे रहा है, ऐसे समय में आकाशवाणी के 90 वर्ष पूरे होना केवल एक प्रसारण संस्था का पड़ाव नहीं, बल्कि भारतीय लोकतंत्र, संस्कृति और जनसंचार की एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। नौ दशकों की यह यात्रा इस बात का प्रमाण है कि तकनीक बदल सकती है, माध्यम बदल सकते हैं, लेकिन विश्वसनीयता, जनसरोकार और सांस्कृतिक प्रतिबद्धता की प्रासंगिकता कभी समाप्त नहीं होती।

8 जून 1936 को ऑल इंडिया रेडियो के रूप में स्थापित यह संस्था आज भी करोड़ों भारतीयों के लिए भरोसे का पर्याय बनी हुई है। स्वतंत्रता से पहले शुरू हुई इसकी यात्रा ने भारत के राजनीतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक परिवर्तन को न केवल देखा है, बल्कि उसे आकार देने में भी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यही कारण है कि आकाशवाणी को केवल एक रेडियो नेटवर्क के रूप में नहीं, बल्कि आधुनिक भारत के जीवंत इतिहास के रूप में देखा जाना चाहिए।

स्वतंत्रता आंदोलन और राष्ट्र-निर्माण के दौर में आकाशवाणी की भूमिका विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। 14-15 अगस्त 1947 की ऐतिहासिक मध्यरात्रि में पंडित जवाहरलाल नेहरू का 'नियति से साक्षात्कार' भाषण देश के कोने-कोने तक पहुँचाने का दायित्व इसी माध्यम ने निभाया। विभाजन की विभीषिका के समय जब लाखों लोग अपने परिवारों से बिछड़ गए थे, तब लापता व्यक्तियों की सूचनाओं और शांति-संदेशों के प्रसारण के माध्यम से आकाशवाणी ने सामाजिक पुनर्संवाद की भूमिका निभाई। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि उस दौर में रेडियो केवल सूचना का साधन नहीं, बल्कि उम्मीद की आवाज़ था।

लोकतंत्र की मज़बूती में भी आकाशवाणी का योगदान कम महत्त्वपूर्ण नहीं रहा है। युद्धकाल हो या चुनावी प्रक्रिया, राष्ट्रीय संकट हो या प्राकृतिक आपदा—हर अवसर पर इसने ज़िम्मेदार और संतुलित पत्रकारिता का परिचय दिया। 1962, 1965 और 1971 के युद्धों के दौरान प्रसारित समाचारों और देशभक्ति कार्यक्रमों ने राष्ट्रीय मनोबल को सुदृढ़ किया। वहीं, चुनावों के दौरान मतदाता जागरूकता और निष्पक्ष सूचना के प्रसार ने लोकतांत्रिक चेतना को मज़बूत आधार प्रदान किया।

ग्रामीण भारत के विकास में आकाशवाणी की भूमिका विशेष रूप से रेखांकित की जानी चाहिए। आज जब कृषि क्षेत्र में तकनीकी नवाचारों की चर्चा होती है, तब यह याद रखना आवश्यक है कि हरित क्रांति के शुरुआती दौर में वैज्ञानिक खेती की जानकारी किसानों तक पहुँचाने का सबसे प्रभावी माध्यम रेडियो ही था। 'कृषि जगत', 'चौपाल' और 'फार्म एंड होम' जैसे कार्यक्रमों ने किसानों को नई तकनीकों, उन्नत बीजों और मौसम संबंधी सूचनाओं से जोड़ा। वास्तव में, भारत की कृषि क्रांति की कहानी में आकाशवाणी एक मौन लेकिन निर्णायक पात्र रही है।

सांस्कृतिक संरक्षण के क्षेत्र में इसकी भूमिका और भी व्यापक है। स्वतंत्रता के बाद जब शास्त्रीय संगीत के पारंपरिक संरक्षक तंत्र कमज़ोर पड़ रहे थे, तब आकाशवाणी ने कलाकारों को मंच प्रदान किया। पंडित रविशंकर, उस्ताद बिस्मिल्लाह ख़ाँ, पंडित भीमसेन जोशी और बेगम अख़्तर जैसी विभूतियों की कला को राष्ट्रीय पहचान दिलाने में इसकी महत्त्वपूर्ण भूमिका रही। 'विविध भारती' ने भारतीय जनजीवन में मनोरंजन का नया अध्याय जोड़ा और रेडियो को घर-घर की धड़कन बना दिया। यही नहीं, विभिन्न भाषाओं और बोलियों में प्रसारण के माध्यम से आकाशवाणी ने भारत की भाषाई विविधता को संरक्षित करने का भी ऐतिहासिक कार्य किया है।

आज जब इंटरनेट और स्मार्टफ़ोन संचार के प्रमुख साधन बन चुके हैं, तब भी आपदाओं के समय रेडियो की उपयोगिता कम नहीं हुई है। ओड़िशा के सुपर साइक्लोन से लेकर सुनामी और उत्तराखंड आपदा तक, ऐसे अनेक अवसर आए जब आधुनिक संचार तंत्र विफल हो गए, लेकिन रेडियो ने लोगों तक आवश्यक सूचनाएँ पहुँचाना जारी रखा। यही कारण है कि आकाशवाणी को आपदा प्रबंधन की 'लाइफ़लाइन' कहा जाता है।

डिजिटल युग में आकाशवाणी ने स्वयं को समयानुकूल ढालने का प्रयास भी किया है। 'मन की बात' कार्यक्रम ने रेडियो को नई पीढ़ी के विमर्श का हिस्सा बनाया। इसके साथ ही, न्यूज़ ऑन एआईआर ऐप, वेव्स ऐप, पॉडकास्ट और डिजिटल स्ट्रीमिंग के माध्यम से संस्था ने अपने पारंपरिक स्वरूप को आधुनिक तकनीक के साथ जोड़ा है। यह परिवर्तन इसलिए महत्त्वपूर्ण है क्योंकि किसी भी सार्वजनिक प्रसारण संस्था की सफलता उसकी अनुकूलन क्षमता पर निर्भर करती है।

फिर भी, चुनौतियाँ कम नहीं हैं। युवा पीढ़ी का ध्यान आकर्षित करना, डिजिटल रेडियो तकनीक को व्यापक बनाना और अपने समृद्ध अभिलेखागार को आधुनिक स्वरूप में संरक्षित करना ऐसे कार्य हैं, जिन पर गंभीरता से ध्यान देने की आवश्यकता है। विशेष रूप से उस समय, जब कृत्रिम बुद्धिमत्ता और एल्गोरिदम आधारित संचार व्यवस्था मीडिया के स्वरूप को तेज़ी से बदल रही है, आकाशवाणी के सामने अपनी विश्वसनीयता को बनाए रखते हुए नई पीढ़ी के साथ संवाद स्थापित करने की चुनौती है।

लेकिन इन चुनौतियों के बीच एक तथ्य निर्विवाद है—फ़ेक न्यूज़ और सूचनात्मक अराजकता के इस दौर में आकाशवाणी आज भी भरोसे की आवाज़ बनी हुई है। इसकी सबसे बड़ी पूँजी न तो इसके ट्रांसमीटर हैं और न ही इसके स्टूडियो; इसकी सबसे बड़ी ताकत है जनता का विश्वास। यही विश्वास नौ दशकों की यात्रा का वास्तविक पुरस्कार है।

आकाशवाणी के 90 वर्ष पूरे होने का अवसर केवल अतीत का उत्सव मनाने का नहीं, बल्कि भविष्य की दिशा तय करने का भी है। यह संस्था भारत की सामूहिक स्मृति, सांस्कृतिक विरासत और लोकतांत्रिक चेतना का अभिन्न हिस्सा रही है। वर्तमान में आकाशवाणी अपनी प्रसारण भाषाओं की संख्या, सामाजिक-आर्थिक विविधता और अपने विशाल संगठनात्मक ढांचे के दृष्टिकोण से विश्व के सबसे बड़े रेडियो नेटवर्कों में से एक है। देश भर में 420 स्टेशनों के साथ, आकाशवाणी की घरेलू सेवा भारत के लगभग 92% भौगोलिक क्षेत्र और 99.19% जनसंख्या तक पहुँचती है, जिसके तहत 23 भाषाओं और 179 बोलियों में कार्यक्रमों का प्रसारण किया जाता है। नौ दशकों के कालजयी सफ़र में आकाशवाणी ने अपने ध्येय-वाक्य 'बहुजनहिताय, बहुजनसुखाय' को अक्षरशः जीकर दिखाया है। जब तक भारत में संवाद, संस्कृति और सार्वजनिक हित की आवश्यकता बनी रहेगी, तब तक 'यह आकाशवाणी है...' की आत्मीय पुकार भारतीय जनमानस में गूँजती रहेगी। यही इसकी सबसे बड़ी उपलब्धि है और यही इसके अगले सौ वर्षों की सबसे मज़बूत आधारशिला भी है।

**(लेखक आकाशवाणी समाचार, पटना में समाचार वाचक हैं )**

# पाकिस्तान के बाद अब बांग्लादेश से रक्षा संबंध बना रहा तुर्किये, भारत को दो तरफ से घेरने की रणनीति!

**(नीरज कुमार दुबे )**

तुर्किये ने साफ संकेत दे दिया है कि वह दक्षिण एशिया में अपनी मौजूदगी केवल व्यापार या मानवीय सहायता तक सीमित नहीं रखना चाहता। ढाका में हुई उच्च स्तरीय वार्ता में रक्षा सहयोग, रक्षा उत्पादन, सामरिक साझेदारी और आर्थिक विस्तार पर जिस गंभीरता से चर्चा हुई, वह भारत के लिए साधारण घटना नहीं है।

दक्षिण एशिया की बदलती भू राजनीतिक बिसात पर अब एक नया और बेहद खतरनाक समीकरण तेजी से उभर रहा है। भारत विरोधी रवैये के लिए लंबे समय से चर्चित तुर्किये अब केवल पाकिस्तान तक सीमित नहीं रहा, बल्कि उसने बांग्लादेश के साथ भी अपने रक्षा और सामरिक रिश्तों को तेजी से विस्तार देना शुरू कर दिया है। ढाका पहुंचे तुर्किये के विदेश मंत्री हाकान फिदान ने जिस तरह बांग्लादेश को दक्षिण एशिया की सुरक्षा संरचना का महत्वपूर्ण स्तंभ बताया, उसने नई दिल्ली की चिंता और गहरा दी है। इस बयान को भारत के चारों ओर रणनीतिक दबाव बनाने की सुनियोजित चाल के रूप में देखा जा रहा है।

तुर्किये ने साफ संकेत दे दिया है कि वह दक्षिण एशिया में अपनी मौजूदगी केवल व्यापार या मानवीय सहायता तक सीमित नहीं रखना चाहता। ढाका में हुई उच्च स्तरीय वार्ता में रक्षा सहयोग, रक्षा उत्पादन, सामरिक साझेदारी और आर्थिक विस्तार पर जिस गंभीरता से चर्चा हुई, वह भारत के लिए साधारण घटना नहीं है। बांग्लादेश ने तुर्किये को रक्षा सामग्री निर्माण में निवेश का खुला न्योता दिया है। दोनों देशों ने पारंपरिक सहयोग से आगे बढ़कर रणनीतिक साझेदारी की दिशा में कदम बढ़ाने की बात कही है। यह वही तुर्किये है जिसने पाकिस्तान के साथ मिलकर वर्षों तक भारत विरोधी मोर्चेबंदी की, कश्मीर मुद्दे पर खुलकर इस्लामाबाद का साथ दिया और इस्लामी सहयोग संगठन के मंचों पर भारत के खिलाफ माहौल बनाने का प्रयास किया।

उधर, दिल्ली की सबसे बड़ी चिंता यह है कि तुर्किये अब भारत के पश्चिमी मोर्चे पर पाकिस्तान और पूर्वी मोर्चे पर बांग्लादेश के साथ समानांतर सामरिक रिश्ते बना रहा है। यह दो तरफा दबाव की रणनीति जैसी दिखाई देती है। पाकिस्तान पहले से ही तुर्किये के रक्षा उद्योग, ड्रोन तकनीक और सैन्य प्रशिक्षण का लाभ उठा रहा है। अब यदि वही ढांचा बांग्लादेश तक पहुंचता है, तो भारत के लिए सुरक्षा समीकरण और जटिल हो जाएंगे। खास तौर पर तब, जब बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन के बाद नई सरकार अपनी विदेश नीति को नए ढंग से गढ़ने की कोशिश कर रही है।इसके अलावा, तुर्किये और बांग्लादेश के बीच केवल रक्षा सहयोग ही नहीं, बल्कि आर्थिक और संस्थागत साझेदारी भी तेजी से बढ़ रही है। दोनों देश व्यापार को तेरह अरब डॉलर से बढ़ाकर बीस अरब डॉलर तक ले जाने की तैयारी में हैं। विशेष आर्थिक क्षेत्रों में तुर्किये को निवेश का निमंत्रण दिया गया है।

वस्त्र, दवा निर्माण, जहाज निर्माण और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाया जा रहा है। ढाका में अंतरराष्ट्रीय स्तर का अस्पताल और नर्सिंग संस्थान स्थापित करने का प्रस्ताव भी दिया गया है। यह साफ दिखाता है कि तुर्किये केवल सैन्य साझेदारी नहीं, बल्कि दीर्घकालिक प्रभाव स्थापित करने की नीति पर काम कर रहा है।सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि तुर्किये दक्षिण एशिया में खुद को मुस्लिम दुनिया के प्रभावशाली संरक्षक के रूप में स्थापित करना चाहता है। रोहिंग्या मुद्दे पर उसकी सक्रियता, गाजा पर आक्रामक बयानबाजी और बांग्लादेश के साथ मानवीय सहयोग इसी रणनीति का हिस्सा हैं। लेकिन इसके पीछे छिपा बड़ा उद्देश्य क्षेत्रीय प्रभाव विस्तार और भारत की सामरिक चुनौती को बढ़ाना है।वैसे तो तुर्किये लगातार यह कह रहा है कि भारत को उसके पाकिस्तान से रिश्तों की वजह से उससे दूरी नहीं बनानी चाहिए। लेकिन असली सवाल भरोसे का है। राष्ट्रपति एर्दोआन कई बार खुलकर कश्मीर पर पाकिस्तान के समर्थन में बयान दे चुके हैं। तुर्किये ने पाकिस्तान के साथ अपने रक्षा रिश्ते भी काफी मजबूत कर लिए हैं। इतना ही नहीं, पिछले साल भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष के दौरान तुर्किये ने पाकिस्तान को रक्षा उपकरण और ड्रोन तक मुहैया कराए थे। भारत ने पाकिस्तान की तरफ से आए जिन कई ड्रोनों को मार गिराया था, उनमें तुर्किये में बने ड्रोन भी शामिल थे। ऐसे में तुर्किये का भारत से दोस्ती और संतुलन की बात करना नई दिल्ली को एक सोची समझी रणनीतिक चाल जैसा लगता है। यही वजह है कि भारत भी अब तुर्किये को उसी की भाषा में जवाब दे रहा है।

दरअसल, भारत ने हाल के वर्षों में साइप्रस और ऑर्मेनिया के साथ अपने रक्षा संबंधों को तेजी से मजबूत किया है। ऑर्मेनिया अब भारतीय हथियारों का बड़ा खरीदार बन चुका है। साइप्रस के साथ भी भारत रणनीतिक और रक्षा सहयोग बढ़ा रहा है। यह सीधे-सीधे तुर्किये को संदेश है कि यदि अंकारा भारत के पड़ोस में दखल बढ़ाएगा, तो नई दिल्ली भी तुर्किये के सामरिक क्षेत्र में जवाबी दबाव बनाएगी। जिस तरह तुर्किये पाकिस्तान और अब बांग्लादेश के जरिए भारत को घेरने की कोशिश कर रहा है, उसी तरह भारत भी तुर्किये के विरोधी या प्रतिस्पर्धी देशों के साथ संबंध मजबूत कर रहा है। यह नई शीत प्रतिद्वंद्विता का संकेत है।

उधर, बांग्लादेश के प्रधानमंत्री तारिक रहमान की विदेश नीति भी इस समय भारत के लिए गहरी चिंता का विषय बनती जा रही है। भारत की ओर से सबसे पहले आधिकारिक यात्रा का निमंत्रण मिलने के बावजूद रहमान ने पहले मलेशिया और फिर चीन जाने का फैसला किया।

# टूटते भरोसे के वेंटिलेटर पर देश की परीक्षा व्यवस्था

**योगेश कुमार गोयल**

पेपर लीक के चलते नीट-यूजी 2026 परीक्षा का रद्द होना, सीबीएसई की ऑन स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) प्रणाली पर उठे गंभीर सवाल और एसएससी जीडी परीक्षा में धांधली, ये घटनाएं मिलकर यह साबित करती हैं कि भारत की परीक्षा प्रणाली अब गहरे संस्थागत संकट में फंस चुकी है और भारत की परीक्षा प्रणाली अब वेंटिलेटर पर है। नीट-यूजी 2026 का घटनाक्रम तो इस विफलता की सबसे भयावह तस्वीर पेश करता है। लगभग 22.79 लाख छात्रों की मेहनत, उनके परिवारों के त्याग और वर्षों की तैयारी एक झटके में शून्य हो गई। यह केवल एक परीक्षा का रद्द होना नहीं था बल्कि उस विश्वास का टूटना था, जिस पर पूरी शिक्षा व्यवस्था टिकी हुई है। इससे भी अधिक चिंताजनक तथ्य यह है कि इस बार मामला केवल बाहरी गिरोहों तक सीमित नहीं रहा बल्कि जांच में राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के भीतर तक मिलीभगत के आरोप सामने आए।

सीबीआई की जांच और संसदीय समिति की पूछताछ में यह संकेत मिले हैं कि प्रश्नपत्र तैयार करने और परीक्षा प्रबंधन से जुड़े कुछ अधिकारियों ने मोटी रकम लेकर चुनिंदा छात्रों तक प्रश्नपत्र पहुंचाने का काम किया। यदि ये आरोप सही हैं तो यह केवल भ्रष्टाचार नहीं बल्कि संस्थागत विश्वासघात है। जिस संस्था को निष्पक्षता की गारंटी देनी थी, वही यदि धांधली का हिस्सा बन जाए तो पूरी व्यवस्था का नैतिक आधार ही खत्म हो जाता है। नीट पेपर लीक की प्रकृति भी सामान्य नहीं थी। 'गेस पेपर' के नाम पर लगभग 150 से अधिक प्रश्नों का हूबहू मिल जाना, परीक्षा से पहले 600 अंकों तक के सवालों का प्रसार, व्हाट्सएप और टेलीग्राम जैसे प्लेटफॉर्म्स पर खुलेआम प्रश्नपत्र का घूमना, ये सब किसी संयोग का परिणाम नहीं हो सकते। यह एक संगठित, बहुस्तरीय और तकनीकी रूप से सक्षम नेटवर्क का संकेत है, जो परीक्षा प्रणाली की हर कमजोर कड़ी को भेद चुका है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि 2024 में पेपर लीक के बाद भी कोई ठोस सुधार क्यों नहीं हुआ? सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियों, जांच समितियों और सिफारिशों के बावजूद 2026 में स्थिति और बदतर कैसे हो गई? इसका सीधा अर्थ है कि समस्या तकनीकी कम और इच्छाशक्ति की अधिक है।

भारत की परीक्षा प्रणाली का ढ़ांचा ही कई स्तरों पर कमजोर है। प्रश्नपत्रों की छपाई से लेकर वितरण तक की प्रक्रिया में निजी एजेंसियों और आउटसोर्स कर्मचारियों की बड़ी भूमिका रहती है। यही वह जगह है, जहां से माफिया नेटवर्क अपनी जड़ें जमाता है। जब प्रश्नपत्र परीक्षा केंद्र तक पहुंचने से पहले ही स्कैन होकर डिजिटल रूप में फैल सकता है तो यह स्पष्ट संकेत है कि सुरक्षा तंत्र केवल कागजों पर मजबूत है, जमीन पर नहीं। दूसरी ओर, कोचिंग उद्योग का अनियंत्रित विस्तार इस संकट को और गहरा कर रहा है। मेडिकल और इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाएं अब हजारों करोड़ रुपये का बाजार बन चुकी हैं। इस बाजार में 'सफलता' एक उत्पाद है, जिसे खरीदने के लिए छात्र और अभिभावक किसी भी हद तक जाने को मजबूर हैं। इसी मानसिकता का फायदा उठाकर एजुकेशन माफिया 'सीक्रेट पेपर', '100 प्रतिशत सलेक्शन गारंटी' और 'इनसाइडर एक्सेस' जैसे झूठे वादों के जरिए पूरे सिस्टम को खोखला कर रहा है।

# तृणमूल कांग्रेस में टूट और ममता की बढ़ती चिन्ताएं

**(ललित गर्ग )**

**पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी और तृणमूल कांग्रेस के समक्ष खड़ी चुनौतियों को भी इसी परिप्रेक्ष्य में देखा जा सकता है। जब किसी दल का नेतृत्व स्वयं को संगठन और जनता से ऊपर मानने लगता है, तब असंतोष जन्म लेता है, कार्यकर्ता दूर होने लगते हैं और अंततः राजनीतिक आधार कमजोर पड़ने लगता है। पश्चिम बंगाल की राजनीति एक बार फिर उथल-पुथल के दौर से गुजर रही है। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी), जिसने पिछले डेढ़ दशक से बंगाल की राजनीति पर लगभग एकाधिकार स्थापित कर रखा था, आज आंतरिक असंतोष, नेतृत्व संबंधी प्रश्नों और जनविश्वास के संकट से जूझती दिखाई दे रही है। पार्टी के भीतर असंतुष्ट नेताओं और विधायकों की गतिविधियों ने यह संकेत दिया है कि संगठनात्मक एकता में दरारें उभर रही हैं। यह स्थिति केवल किसी एक राजनीतिक दल का संकट नहीं है, बल्कि लोकतंत्र में राजनीतिक मूल्यों, जनभावनाओं और नेतृत्व की भूमिका पर पुनर्विचार का अवसर भी है।**

राजनीति में इतिहास बार-बार यह प्रमाणित करता रहा है कि जब भी सत्ता के साथ अहंकार जुड़ता है, जनता अंततः उसका उत्तर देती है। लोकतंत्र में जनता ही अंतिम निर्णायक होती है। चाहे वह इंदिरा गांधी का आपातकाल हो, पश्चिम बंगाल में वामपंथी शासन या दिल्ली में आम आदमी पार्टी का अंत या फिर उत्तर प्रदेश एवं बिहार की अनेक राजनीतिक घटनाएँ-हर जगह जनता ने यह संदेश दिया है कि सत्ता जनता की सेवा के लिए है, शासन के अहंकार के लिए नहीं।ममता बनर्जी को कभी संघर्षशील, जुझारू और जननेता के रूप में देखा जाता था। उन्होंने वामपंथी शासन के लंबे दौर को समाप्त कर बंगाल में परिवर्तन का नया अध्याय लिखा। किंतु समय के साथ उनकी राजनीति पर अहंकारवाद, व्यक्तिवाद और तुष्टिकरण के आरोप बढ़ते गए। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि पार्टी के भीतर निर्णय प्रक्रिया का अत्यधिक केंद्रीकरण और कुछ व्यक्तियों का बढ़ता प्रभाव अनेक वरिष्ठ नेताओं को असहज करता रहा है। यही कारण है कि समय-समय पर असंतोष के स्वर उभरते रहे हैं। राजनीतिक टिप्पणीकारों द्वारा प्रकाशित विश्लेषणों में भी यह प्रश्न उठाया गया है कि यदि किसी दल में संगठन से अधिक व्यक्ति महत्वपूर्ण हो जाए, तो वहां असंतोष स्वाभाविक रूप से जन्म लेता है। हाल के घटनाक्रमों ने इस आशंका को और बल दिया है। जिस प्रकार पार्टी के कुछ वरिष्ठ नेता और विधायक नेतृत्व की कार्यशैली पर सवाल उठा रहे हैं, उससे यह स्पष्ट होता है कि समस्या केवल व्यक्तियों की नहीं, बल्कि संगठनात्मक संस्कृति की भी है।

भारतीय राजनीति में हाल के वर्षों में आम आदमी पार्टी और उसके नेता अरविंद केजरीवाल का उदाहरण भी इस संदर्भ में उल्लेखनीय है। वर्ष 2013 से लेकर 2024 तक दिल्ली की राजनीति में आम आदमी पार्टी ने अभूतपूर्व सफलता प्राप्त की। भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन से निकले केजरीवाल को जनता ने ईमानदार, पारदर्शी और वैकल्पिक राजनीति के प्रतीक के रूप में स्वीकार किया। लेकिन समय के साथ सत्ता का केंद्रीकरण, विरोधियों के प्रति असहिष्णुता, राजनीतिक



अहंकार और स्वयं को अजेय मान लेने की प्रवृत्ति उनके नेतृत्व पर हावी होती दिखाई दी। जनता ने देखा कि जो दल कभी राजनीतिक शुचिता और नैतिकता की बात करता था, वह भी सत्ता के उसी मोह और व्यक्तिकेंद्रित राजनीति का शिकार होता जा रहा है, जिसके विरुद्ध उसने संघर्ष प्रारम्भ किया था। परिणामस्वरूप दिल्ली की राजनीति में उसका प्रभाव कमजोर हुआ और जनता ने यह स्पष्ट संदेश दिया कि लोकतंत्र में कोई भी नेता अथवा दल जनता से बड़ा नहीं होता। यह घटना इस सत्य को पुनः स्थापित करती है कि जनता लंबे समय तक अहंकार, अतिशयोक्ति और आत्ममुग्धता को स्वीकार नहीं करती।

पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी और तृणमूल कांग्रेस के समक्ष खड़ी चुनौतियों को भी इसी परिप्रेक्ष्य में देखा जा सकता है। जब किसी दल का नेतृत्व स्वयं को संगठन और जनता से ऊपर मानने लगता है, तब असंतोष जन्म लेता है, कार्यकर्ता दूर होने लगते हैं और अंततः राजनीतिक आधार कमजोर पड़ने लगता है। इतिहास बताता है कि लोकतंत्र में विनम्रता, संवाद, जनभावनाओं का सम्मान और राष्ट्रहित के प्रति प्रतिबद्धता ही स्थायी राजनीतिक सफलता की कुंजी हैं। किसी भी लोकतांत्रिक दल की शक्ति उसके विचार, संगठन और कार्यकर्ताओं में होती है, न कि केवल एक नेता में। जब दल विचारधारा की बजाय व्यक्तिपूजा पर आधारित होने लगते हैं, तब उनका संकट निश्चित हो जाता है। भारतीय राजनीति में अनेक उदाहरण हैं जहाँ परिवारवाद ने दलों की जड़ों को कमजोर किया। महाराष्ट्र में शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के विभाजन के पीछे भी नेतृत्व और उत्तराधिकार से जुड़े प्रश्न महत्वपूर्ण रहे। बंगाल में भी इसी प्रकार की चर्चाएँ समय-समय पर सामने आती रही हैं। तृणमूल कांग्रेस के सामने दूसरा बड़ा संकट उसकी सार्वजनिक छवि का है। शिक्षक भर्ती, नगर निकायों तथा अन्य प्रशासनिक मामलों से जुड़े विवादों ने जनता के मन में अनेक प्रश्न खड़े किए हैं। किसी भी सरकार की सबसे बड़ी पूंजी जनता का विश्वास होता है। यदि जनता को यह महसूस होने लगे कि शासन में पारदर्शिता और जवाबदेही कम हो रही है, तो राजनीतिक नुकसान होना स्वाभाविक है।

इसके साथ ही पश्चिम बंगाल में लंबे समय से चल रही पहचान, नागरिकता, सीमा सुरक्षा और अवैध घुसपैठ से जुड़ी बहसों ने भी राजनीतिक वातावरण को प्रभावित किया है। भारतीय जनता पार्टी ने इन मुद्दों को राष्ट्रीय सुरक्षा और सांस्कृतिक अस्मिता के प्रश्न के रूप में प्रस्तुत किया। भाजपा का तर्क रहा है कि राष्ट्रहित सर्वोपरि होना चाहिए और किसी भी प्रकार की तुष्टिकरण की राजनीति अंततः समाज को विभाजित करती है। यही कारण है कि बंगाल में भाजपा ने अपनी राजनीतिक रणनीति को राष्ट्रवाद, सांस्कृतिक पहचान और सुशासन के मुद्दों पर केंद्रित किया। भाजपा की बंगाल यात्रा भी अपने आप में एक महत्वपूर्ण राजनीतिक अध्ययन का विषय है। कभी केवल दो सीटों तक सीमित रहने वाली पार्टी आज राज्य की सत्ता शक्ति बन चुकी है। यह परिवर्तन अचानक नहीं हुआ। इसके पीछे वर्षों का संगठनात्मक विस्तार, बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं का निर्माण, राष्ट्रीय नेतृत्व की सक्रियता तथा स्थानीय मुद्दों को राष्ट्रीय विमर्श से जोड़ने की रणनीति रही है। भाजपा ने बंगाल में यह संदेश देने का प्रयास किया कि वह केवल एक राजनीतिक विकल्प नहीं, बल्कि वैचारिक विकल्प भी है। हालांकि यह भी उतना ही सत्य है कि केवल राष्ट्रवाद या धार्मिक पहचान के आधार पर किसी दल की स्थायी सफलता सुनिश्चित नहीं होती। लोकतंत्र में जनता विकास, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा भी चाहती है। इसलिए किसी भी राजनीतिक दल के लिए आवश्यक है कि वह राष्ट्रीय भावना के साथ-साथ जनकल्याणकारी नीतियों को भी प्राथमिकता दे।

राष्ट्र और राजनीति का संबंध अत्यंत गहरा है। कोई भी राजनीतिक दल तभी दीर्घकालिक सफलता प्राप्त कर सकता है जब वह राष्ट्रहित, संविधान, लोकतांत्रिक मूल्यों और जनभावनाओं के प्रति प्रतिबद्ध रहे। यदि कोई दल ऐसे तत्वों का समर्थन करता हुआ दिखाई देता है जो राष्ट्रीय एकता के विरुद्ध हों, तो जनता धीरे-धीरे उससे दूरी बनाने लगती है। भारत की लोकतांत्रिक चेतना इतनी परिपक्व हो चुकी है कि वह अंततः राष्ट्रहित और जनहित के बीच संतुलन स्थापित करने वाले नेतृत्व को ही स्वीकार करती है। पश्चिम बंगाल का वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य इसी सत्य की पुष्टि करता है। तृणमूल कांग्रेस के सामने चुनौती केवल बगावत या संगठनात्मक असंतोष नहीं है, बल्कि जनता के विश्वास को पुनः अर्जित करने की भी है। यदि पार्टी आत्ममंथन करती है, संगठन को लोकतांत्रिक बनाती है, पारदर्शिता बढ़ाती है और जनभावनाओं को समझने का प्रयास करती है, तो वह अपनी स्थिति को पुनः मजबूत कर सकती है। लेकिन यदि अहंकार, व्यक्तिवाद और तुष्टिकरण की राजनीति जारी रहती है, तो संकट और गहरा सकता है। यही लोकतंत्र का शाश्वत सत्य है और यही पश्चिम बंगाल की वर्तमान राजनीति का सबसे बड़ा सबक भी। लोकतंत्र का सबसे बड़ा संदेश यही है कि सत्ता स्थायी नहीं होती, किंतु मूल्य स्थायी होते हैं। राजनीतिक दल आते-जाते रहते हैं, लेकिन जनता की अपेक्षाएँ और राष्ट्र की आवश्यकताएँ हमेशा बनी रहती हैं। जो दल इन अपेक्षाओं को समझते हैं, वे इतिहास बनाते हैं और जो इन्हें अनदेखा करते हैं, वे इतिहास बन जाते हैं। आज बंगाल की राजनीति एक निर्णायक मोड़ पर खड़ी है। आने वाले वर्षों में यह स्पष्ट होगा कि तृणमूल कांग्रेस आत्मसुधार का मार्ग चुनती है या राजनीतिक पतन की ओर बढ़ती है। लेखक, पत्रकार एवं स्तंभकार(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# अस्पतालों, नर्सिंग होम, होटल, लॉज एवं गेस्ट हाउस में अग्नि सुरक्षा मानकों के अनुपालन हेतु विशेष अभियान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अररिया।** जिला अग्निशमन पदाधिकारी, अररिया डॉ. अशोक कुमार प्रसाद एवं जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी अररिया शम्भू कुमार रजक द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर जिला अंतर्गत अस्पतालों, नर्सिंग होम, होटल, लॉज एवं गेस्ट हाउस में अग्नि सुरक्षा मानकों के अनुपालन हेतु विशेष अभियान की विस्तृत जानकारी दी गई। जिला अग्निशमन पदाधिकारी, अररिया ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए बताया कि निदेशक-सह-राज्य अग्निशमन पदाधिकारी, बिहार, पटना के निदेर्शानुसार राज्यभर में अस्पतालों, नर्सिंग होम, होटल, लॉज, गेस्ट हाउस एवं अन्य आवासीय प्रतिष्ठानों में अग्नि सुरक्षा मानकों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। हाल के अग्निकांडों को देखते हुए अग्नि सुरक्षा ऑडिट, अनुपालन सत्यापन एवं आवश्यकतानुसार सीलिंग की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि ने जिन अस्पतालों एवं नर्सिंग होम का अग्नि सुरक्षा ऑडिट पहले ही किया जा चुका है, लेकिन बताई गई कमियों का अनुपालन अब तक नहीं हुआ है, उनके विरुद्ध बिहार अग्निशमन सेवा अधिनियम, 2014 एवं बिहार अग्निशमन सेवा नियमावली, 2021 के प्रावधानों के तहत अंतिम नोटिस जारी किया जाएगा।पूर्व में दी गई वैधानिक अवधि समाप्त होने की स्थिति में विधि सम्मत प्रक्रिया अपनाते हुए सीलिंग की कार्रवाई भी की जा सकती है। ऐसे संस्थानों को अनुपालन के लिए अधिकतम 48 घंटे का समय दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिन अस्पतालों का अभी तक ऑडिट नहीं हुआ है, उनका प्राथमिकता के आधार पर अग्नि सुरक्षा ऑडिट कराया जाएगा तथा ऑडिट के बाद कमियों के अनुपालन



के लिए अधिकतम 15 दिनों की समय-सीमा निर्धारित की गई है। आईसीयू, ओटी, ऑक्सीजन एवं वेंटिलेटर सुविधा वाले उच्च जोखिम वाले अस्पतालों को प्राथमिकता दी जाएगी तथा उनका ऑडिट सात दिनों के भीतर पूरा किया जाएगा। सभी अस्पतालों एवं नर्सिंग होम, चाहे ऑडिटेड हों अथवा अनऑडिटेड, को सक्षम विद्युत अभियंता अथवा विद्युत प्राधिकार से विद्युत भार विश्लेषण एवं विद्युत सुरक्षा प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा। इसमें स्वीकृत एवं वास्तविक विद्युत भार, कनेक्टेड लोड, वायरिंग की स्थिति, ईएलसीबी/आरसीसीबी सुरक्षा व्यवस्था, डीजी सेट, पैनल, आईसीयू/ओटी, ऑक्सीजन क्षेत्र, लिफ्ट एवं एसी लोड आदि का सत्यापन आवश्यक होगा। किसी भी प्रकार के ओवरलोडिंग को तत्काल दूर करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि किसी अस्पताल में ऐसी कमियां पाई जाती हैं जो तत्काल मानव जीवन के लिए जोखिम उत्पन्न करती हैं, तो सीलिंग अथवा अन्य कार्रवाई से पूर्व मरीजों, विशेषकर वेंटिलेटर, आईसीयू एवं ऑक्सीजन सपोर्ट पर निर्भर मरीजों की सुरक्षित निकासी एवं स्थानांतरण के लिए जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग, सिविल सर्जन एवं स्थानीय पुलिस के साथ समन्वय स्थापित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सामान्य परिस्थितियों में अनऑडिटेड अस्पतालों को अनुपालन के लिए 15 दिनों से अधिक का समय नहीं दिया जाएगा तथा गंभीर जोखिम की स्थिति में तत्काल जोखिम न्यूनीकरण उपाय सुनिश्चित किए जाएंगे। कागजी अनुपालन को पर्याप्त नहीं माना जाएगा, बल्कि भौतिक निरीक्षण, फोटोग्राफ, पोर्टल अपलोड एवं प्रमाण-पत्रों की जांच के आधार पर वास्तविक सत्यापन किया जाएगा। नोटिस जारी करने, ऑडिट कराने अथवा अनुपालन सत्यापित करने में लापरवाही बरतने वाले क्षेत्रीय पदाधिकारियों के विरुद्ध भी विभागीय कार्रवाई की जाएगी। इसी प्रकार होटलों, लॉज एवं गेस्ट हाउसों के लिए भी व्यापक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। जिन होटलों का ऑडिट हो चुका है और जिनमें कमियां पाई गई हैं, उन्हें तत्काल अंतिम नोटिस जारी कर अनुपालन सुनिश्चित कराया जाएगा। निर्धारित अवधि में अनुपालन नहीं होने पर विधि के अनुसार सीलिंग की कार्रवाई की जाएगी तथा अनुपालन के लिए 48 घंटे का समय दिया जाएगा। सभी होटलों, चाहे वे ऑडिटेड हों अथवा अनऑडिटेड, को परिसर में रखे गए एलपीजी सिलेंडरों की संख्या, भंडारण स्थल, रसोई में उपयोग, अतिरिक्त सिलेंडरों की स्थिति तथा सक्षम प्राधिकार से प्राप्त अनुमति एवं लाइसेंस संबंधी विवरण के साथ स्व-घोषणा पत्र प्रस्तुत करना होगा। यह भी सुनिश्चित करना होगा कि सिलेंडरों का भंडारण कमरों, गलियारों, बेसमेंट, सीढ़ियों, आपात निकास मार्गों अथवा अन्य असुरक्षित स्थानों पर नहीं किया गया है।

# खरीफ महाभियान कार्यक्रम में किसानों को दी आधुनिक खेती की जानकारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** खरीफ मौसम में किसानों को उन्नत कृषि तकनीक,बेहतर बीज एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सोमवार को विकास भवन सभागार में एक दिवसीय खरीफ महाभियान के तहत जिला स्तरीय कृषि कर्मशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम



का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी, अपर समाहर्ता डॉ. विनोद कुमार, उप विकास आयुक्त अमित कुमार ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पदाधिकारी ने कहा कि कृषि क्षेत्र में नई तकनीकों को अपनाकर किसान कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने किसानों से सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कृषि योजनाओं का लाभ उठाने और वैज्ञानिक पद्धति से खेती करने की अपील की।महाभियान के दौरान कृषि विभाग के अधिकारियों एवं कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को खरीफ मौसम में लगाई जाने वाली प्रमुख फसलों की उन्नत खेती की विस्तृत जानकारी दी। वैज्ञानिकों ने धान,मक्का, दलहन एवं तिलहन फसलों के लिए उन्नत किस्म के बीजों के चयन,समय पर बुआई, खेत की तैयारी तथा फसल प्रबंधन के बारे में बताया। साथ ही फसलों में आवश्यक पोषक तत्वों की पूर्ति, संतुलित उर्वरकों के उपयोग एवं मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने के उपायों पर भी प्रकाश डाला गया। कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को कीट एवं रोग नियंत्रण के वैज्ञानिक तरीकों की जानकारी देते हुए कहा कि समय पर पहचान और उचित प्रबंधन से फसल नुकसान को काफी हद तक कम किया जा सकता है।कार्यक्रम में जिला कृषि पदाधिकारी मिथिलेश कुमार ने किसानों को कृषि विभाग द्वारा उपलब्ध कराई जा रही विभिन्न अनुदान योजनाओं, उन्नत बीज वितरण कार्यक्रम तथा अन्य सुविधाओं की भी जानकारी दी। उप परियोजना निदेशक आत्मा शशिकांत झा ने जिले के किसानों को खेती में नवीनतम वैज्ञानिक खोजों और प्रौद्योगिकी के सहारे कम लागत में अधिक पैदावार को लेकर चलाये जा रहे कार्यक्रमों की जानकारी दी। किसानों से रासायनिक उर्वरकों के अंधाधुंध उपयोग से भूमि की क्षय होती उर्वरा शक्ति के प्रति सचेत करते हुए रासायनिक खाद का संतुलित व न्यूनतम उपयोग पर बल दिया। श्री झा ने किसानों से फसल चक्र अपनाने और जैविक उर्वरकों के उपयोग की अपील की।

## संक्षिप्त समाचार

### दोस्ती निभाने के चक्कर में खानी पड़ी जेल की हवा

**मनसाही/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** एक तरफा प्यार में बंधक बने युवक को जेल की हवा खानी पड़ी। मामले को लेकर पीड़ित पक्ष ने गिरफ्तार आरोपी सहित उनके अन्य नौ दोस्त जो नवविवाहिता को उठाने आया था के खिलाफ मनसाही थाने में लिखित आवेदन दिया।जिसके बाद पुलिस ने गिरफ्तार युवक लड्डू उरांव एवं उनके दोस्तों खिलाफ प्राथमिकी दर्ज किया। पुलिस ने गिरफ्तार युवक लड्डू उरांव का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मनसाही में मेडिकल कराया इसके बाद उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार आरोपी मनसाही थानाक्षेत्र के भेड़मारा बलुआ गांव निवासी बताया जाता है।

### करंट लगने से किशोरी की मौत, गांव में मातम

**अमदाबाद/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के दक्षिणी करीमुल्लापुर पंचायत के तिलौकी डारा गांव में करंट लगने से एक किशोरी की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है तथा गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि 16 वर्षीय किशोरी घर में कपड़ा धो रही थी। इसी दौरान मोटर का बिजली तार खुला होने के कारण वह उसकी चपेट में आ गई और उसे करंट लग गया। काफी देर बाद परिजनों की नजर उस पर पड़ी तो वह जमीन पर अचेत अवस्था में गिरी हुई थी। आनन-फानन में परिजन उसे इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अमदाबाद लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक डॉ. साकेत कुमार ने बताया कि किशोरी को मृत अवस्था में अस्पताल लाया गया था। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।

### जिलाधिकारी की अध्यक्षता में डीएलसीसी की बैठक, वित्तीय वर्ष के निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने का निर्देश

**अररिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिला पदाधिकारी, विनोद दूहन की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित परमान सभागार में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में वरीय उप समाहर्ता बैंकिंग, अग्रणी जिला प्रबंधक सहित विभिन्न बैंकों के जिला समन्वयक एवं शाखा प्रबंधक उपस्थित थे। बैठक के दौरान जिला पदाधिकारी द्वारा विभिन्न बैंकिंग योजनाओं एवं ऋण वितरण की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में पाया गया कि जिले का सीडी रेशियो 92.54 प्रतिशत है, जो बिहार राज्य के औसत 87.94 प्रतिशत से बेहतर है। जिला पदाधिकारी ने इस उपलब्धि पर संतोष व्यक्त करते हुए निर्देश दिया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में शत प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त करने का निर्देश दिया गया।

### हैदराबाद में हादसे के शिकार युवक की इलाज के दौरान मौत

**अमदाबाद/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत भवानीपुर खट्टी ग्राम पंचायत के श्रीराम टोला निवासी करण यादव की रविवार को मौत हो गई। बताया जाता है कि वह करीब एक वर्ष पूर्व हैदराबाद में एक निजी कंपनी में कार्यरत था। जहां कार्य के दौरान ऊंचाई से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया था।मृतक के भाई ने बताया कि हादसे में करण यादव की कमर की हड्डी टूट गई थी। घटना के बाद उसका कई महीनों तक हैदराबाद में इलाज चला। वह घर लौट आया था। जहां लगातार उपचार जारी था। इसी दौरान रविवार को उसकी मौत हो गई।परिजनों ने मामले की सूचना अमदाबाद थाना को दी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए कटिहार सदर अस्पताल भेज दिया है।इस संबंध में अपर थानाध्यक्ष विजय कुमार राम ने बताया कि वे कटिहार से लौट रहे हैं। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है तथा गांव में शोक का माहौल व्याप्त है।

### रैयांपुर घाट पर पुल निर्माण एवं भेलागंज में पुलिस चौकी स्थापना की मांग

**कदवा/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** कदवा विधानसभा क्षेत्र के समग्र विकास को लेकर सदैव प्रयासरत विधायक दुलाल चन्द्र गोस्वामी ने मुख्यमंत्री बिहार सरकार सम्राट चौधरी से भेंट कर उनको क्षेत्र के विकास एवं जनसुरक्षा से जुड़ा मांग पत्र सौंपा है।अपने मांग पत्र उन्होंने कदवा प्रखंड मुख्यालय से सटे कुम्हड़ी- चौकी-कुरुम ग्रामीण कार्य विभाग के पथ पर महानंदा नदी के रैयांपुर घाट में पुल एवं संपर्क पथ निर्माण निर्माण की मांग की है।

# 35 लीटर देशी शराब के साथ महिला गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डंडखोरा (कटिहार)।** डंडखोरा पुलिस की सख्ती से क्षेत्र मेंअवैध शराब निर्माण एवं बिक्री करने वालों में हड़कंप मच गया है।बीती रात थानाध्यक्ष विजय कुमार के निर्देश पर पुलिस ने क्षेत्र में अवैध शराब के विरुद्ध छापेमारी अभियान चलाकर भमरैली पंचायत अन्तर्गत रघेली संथाली टोला से लगभग 300 लीटर देशी कच्चा जावा विनष्ट किया तो वहीं अलग-अलग तीन घरों में छापेमारी कर 35 लीटर देशी चुलाई शराब बरामद किया और एक महिला तस्कर को भी गिरफ्तार करने में सफल हुई है।जबकि दो तस्कर भागने में सफल हो गये।थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस ने अपनी कारवाई



में देशी शराब के साथ रघैली संथाली टोला से एक महिला होपन मोय सोरेन को हिरासत में लिया है।वहीं द्वाशय पंचायत के सिमरजोरी गांव के दो घरों में की गई छापेमारी में भी पुलिस ने अवैध देशी शराब बरामद किया है।उन्होंने बताया कि दो तस्कर भागने में सफल रहे हैं।जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी में जुटी है। उन्होंने बताया कि बरामद शराब को लेकर थाना में मद्यनिषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर तस्कर महिला को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।उन्होंने बताया कि मद्य निषेध अभियान को शतप्रतिशत सफल बनाना हमारी प्राथमिकता है।उन्होंने अवैध शराब निर्माण एवं शराब तस्करी की जानकारी थाना को देने की अपील की है। थानाध्यक्ष ने कहा कि सूचक का नाम और पता गोपनीय रखा जाएगा। अभियान में अपर थानाध्यक्ष अमलेंदु सिंह, एसआई रीतेश कुमार,अरविंद कुमार सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी व पुलिस बल मौजूद रहे।

# जमीन विवाद में महिला से मारपीट का आरोप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरारी (कटिहार)।** बरारी थाना क्षेत्र के सुजापुर पंचायत अंतर्गत बड़ी कछुआ वार्ड संख्या 11 में जमीन विवाद को लेकर एक महिला ने अपने पति सहित 6 लोगों पर मारपीट,अभद्र व्यवहार और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। मामले को लेकर पीड़िता बीबी सेहनुर ने बरारी थाना में लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। आवेदन में एक व्यक्ति को कथित रूप से "बांग्लादेशी" बताते हुए भी आरोप लगाया गया है, जिसकी जांच की मांग की गई है।पीड़िता बीबी सेहनूर ने आवेदन में बताया है कि उसके पति मो. शरीफ की दो शादियां हैं। पंचायत स्तर पर मुखिया की अध्यक्षता में पारिवारिक संपत्ति का बंटवारा किया गया था। बंटवारे के तहत उसे भी आवासीय जमीन का हिस्सा मिला था। महिला का आरोप है कि अपने हिस्से की जमीन पर घर निर्माण का कार्य शुरू करने के दौरान कुछ लोगों ने इसका विरोध किया और विवाद खड़ा कर दिया। पीड़ित महिला ने आरोप लगाया है कि मो. शरीफ, मो. रहमत, मो.वसीयत आलम, शहबाज आलम, मो हनीफ बांग्लादेशी ने उसके साथ और उसके पुत्र मो. सऊद के साथ मारपीट की। आवेदन के अनुसार लाठी से हमला किया गया तथा धक्का-मुक्की कर जमीन पर गिरा दिया गया।

# विद्यार्थी परिषद की मांग पर डीएस कॉलेज बीएड विभाग में गडबड़ी को लेकर जांच समिति गठित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई की ओर से पूर्व कुलपति प्रो.राजनाथ यादव के कार्यकाल से ही अभाविप ने पूर्णिया विवि के कुलपति को आवेदन देकर गुहार लगायी थी । अभाविप के प्रांत सह मंत्री विनय कुमार सिंह ने पूर्णिया विवि के पूर्व कुलपति प्रो. राजनाथ यादव को एक आवेदन देकर बताया था कि बीएड स्ववितपोषित है। यह पूर्णिया विवि के दो अंगीभूत महाविद्यालय फारबिसगंज व डीएस कॉलेज कटिहार में संचालित है। बताया कि पीयू के वर्ष 2018 के स्थापना काल से अद्यतन व्यवसायिक पाठ्यक्रम संचालन के लिए कोई विनियमन नहीं बनाया गया है यह एक स्ववितपोषित व्यवसायिक पाठ्यक्रम



है। अब तक पैतृक विवि भूपेन्द्र नारायण मंडल विवि मधेपुरा के निनियमन से ही संचालित है। उक्त विवि में बीएड पाठ्यक्रम में नामांकन के लिए अभी भी एक लाख रुपए की राशि शुल्क के मद में लिया जा रहा है। जबकि पूर्णिया विवि द्वारा डेढ़ लाख की राशि शुल्क के मद में लिया जा रहा है। दोनों महाविद्यालय डीएस कॉलेज व फारबिसगंज कॉलेज फारबिसगंज के लिए प्रबंधन समिति का गठन किया जाए. ताकि दोनों महाविद्यालय के स्ववितपोषित पाठ्यक्रम बीएड का स्वच्छ और नियमानुकूल संचालन सुनिश्चित हो सके। प्रो. राजनाथ यादव के कार्यकाल पूरा होने के बाद प्रो. विवेकानंद सिंह के आते ही एबीवीपी के प्रांत सह मंत्री विनय सिंह,विभाग सह संयोजक विक्रांत सिंह ने कुलपति को आवेदन देकर अवगत करवाया कि विवि द्वारा डीएस कॉलेज में बीएड विभाग में शिक्षकों व कमियों की नियुक्ति सहित विभिन्न स्तरों पर की गयी अनियमितता उजागर होने के बाद भी अब तक कोई कार्रवाई नहीं हो पाया है। इस गंभीर मामले की उच्च स्तरीय जांच कराकर अविलंब कार्रवाई करने की जरूरत है। अंगीभूत महाविद्यालयों के बीएड विभाग में अविलम्ब शुल्क की राशि भूना मंडल के तर्ज पर एक लाख रुपए अधिकतम की जाये. ताकि इलाके के गरीब छात्र-छात्राएं भी बीएड में नामांकन करा सकें। एबीवीपी के मांग को कुलपति ने तुरंत संज्ञान में लेते हुए कहा कि पूर्णिया विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित दो बीएड कॉलेजों में शिक्षक-कर्मचारी नियुक्ति घोटाले और वित्तीय अनियमितताओं की जांच होगी। कुलपति प्रो. विवेकानंद सिंह के निर्देश पर पांच सदस्यीय जांच समिति का गठन किया गया है। जांच डीएस कॉलेज कटिहार और फारबिसगंज कॉलेज में संचालित बीएड विभाग की होगी। कुलसचिव प्रो. अखिलेश कुमार ने पांच जून को पत्र जारी कर समिति के सदस्यों को उनके कार्य और दायित्वों से अवगत कराया है।

# अब फायर ऑडिट नहीं तो बढ़ सकती हैं मुश्किले

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बारसोई (कटिहार)।** दिल्ली एवं मुजफ्फरपुर में हाल में हुई दर्दनाक अग्निकांड की घटनाओं ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि सुरक्षा मानकों की अनदेखी कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। इन्हीं घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए बारसोई अनुमंडल प्रशासन ने अग्नि सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सख्त रुख अपनाया है। रविवार को अनुमंडल पदाधिकारी राजू कुमार ने अपने आवास पर अग्निशमन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर अनुमंडल क्षेत्र के सभी मल्टीपरपज भवनों, होटल, विवाह भवन, नर्सिंग होम, स्कूल, शॉपिंग मॉल एवं अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का फायर



ऑडिट कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी दुर्घटना के बाद कार्रवाई करने से बेहतर है कि पहले से सुरक्षा के सभी उपाय सुनिश्चित कर लिए जाएं।एसडीओ ने संस्थान संचालकों और व्यवसायियों से अपील करते हुए कहा कि वे बिहार अग्निशमन सेवा की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर फायर ऑडिट अवश्य कराएं। आवेदन प्राप्त होते ही विभागीय टीम संबंधित संस्थान का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था की जांच करेगी तथा आवश्यक सुधार के सुझाव देगी। उन्होंने कहा कि फायर ऑडिट केवल कागजी प्रक्रिया नहीं, बल्कि जीवन रक्षा का महत्वपूर्ण माध्यम है। इससे भवनों में मौजूद संभावित खतरों की पहचान होती है और समय रहते उन्हें दूर किया जा सकता है।

# अलग-अलग मामलों में पुलिस ने ग्यारह को किया गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनिहारी (कटिहार)।** मनिहारी पुलिस इन दिनों अपराध नियंत्रण व विधि व्यवस्था संधारण को लेकर एक्शन मोड में है। ताबडतोड छापेमारी अभियान चलाकर अवांछित तत्वों की गिरफ्तारी की जा रही। इसी क्रम में सोमवार को फरार चल रहे छः वारंटियों को गिरफ्तार कर लिया। इनमें क्रांतिक्षचौक निवासी शेख मुर्शीद, गांधी टोला से सोनू कुमार, रामप्रवेश पासवान, सुभाष पासवान, सचिन पासवान, कंचन कुमार शामिल हैं। गुप्त सूचना के आधार पर विशेष छापेमारी कर मनिहारी थानाकिंड संख्या 293/25 धारा 309,बीएन एस, 25 (1-बी) आर्मस एक्ट के फरार अभियुक्त राजेश यादव पिता जवाहर यादव साकिन मिजार्पुर को गिरफ्तार कर




न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।गुप्त सूचना के आधार पर हसवर फोर लेन के नीचे ग्लैमर मोटर साईकिल पर सवार तीन लोगों को 35 लीटर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। पकडे गये शराब तस्कर की पहचान भेडियाही गांव के अरुण ऋषि,दोगच्छी केवाला गांव के आनंदी ऋषि, बिहारी मंडल के रुप में हुई है। शराब के नशे में हंगामा करने के आरोप में नयाटोला निवासी विकास महतो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।थानाध्यक्ष संतोष कुमार झा के नेतृत्व में चलाये गये इस अभियान में एसआई नीरज कूमार निराला,एसआई आशीष कुमार, एसआई, विजय सिंह, पीएसआई पीयूष नंदन, पीएसआई चंदन कुमार, पीएसआई पुष्पेन्द्र कुमार शब्बीर सहित पुलिस बल के जवान शामिल थे।

# राज्यव्यापी आंदोलन को लेकर राजद की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** राजद प्रदेश नेतृत्व के आहवान पर राज्यव्यापी आंदोलन के तहत कटिहार सदर प्रखंड मुख्यालय में धरना को लेकर प्रदेश महासचिव समरेंद्र कुणाल ने गांवों में बैठक कर लोगों से आंदोलन में शामिल होने की अपील कर रहे हैं।कटिहार सदर पंचायत में बैठक आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता सपन ऋषि ने किया। इस अवसर पर श्री कुणाल ने बताया कि बढ़ती महंगाई बरोजगारी राज्य में लगातार गिरती कानून व्यवस्था घोटाला भ्रष्टाचार बिजली संकट महिलाओं के साथ जुल्म अत्याचार के खिलाफ राजद का धारदार आंदोलन है। इस अवसर पर उन्होने कहा कि बिहार में भाजपा सरकार बनने के बाद राज्य की स्थिति बदतर हो गई है।राज्य में महिलाओं का बलात्कार गैंग रेप उनकी हत्या आम बात हो गई है। हर दिन पेट्रोल डीजल गैस सिलेंडर की



कीमत बढ़ती जा रही है रोटी कपड़ा और मकान बनना गरीब मध्यम वर्ग के लोगों के लिए वस की बात नहीं है। साग सब्जी तक लोगो के लिए मुहाल हो गया है। बिजली संकट चरम पर है एक सौ पच्चीस यूनिट बिजली फ्री देकर बिजली आपूर्ति में व्यापक कटौती की गई है श्री कुणाल ने कहा कि जबसे से भाजपा सरकार ने ग्यारह सौ रुपए वृद्धा विधवा एवं दिव्यांग पेंशन लागू किया और चार महीने से पेंशन बंद है। शिक्षक प्रोफेसर राज्य के ठीकेदार तक का पैसा नहीं मिल रहा है चारों तरफ लोग त्राहिमाम है। श्री कुणाल ने कहा इन्हीं मुद्दे से लोगों को ध्यान बांटने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव एवं बिहार की प्रथम महिला मुख्यमंत्री श्रीमती राबड़ी देवी से सरकारी आवास छीन लिया गया उनके सुरक्षा में लगे पुलिस को हटा लिया गया ताकि राजद कमजोर हो गरीबों की आवाज नहीं उठाए। इस अवसर पर राजद के रणविजय यादव, उमेश पासवान, मो. हबीबुर्र रहमान, अंकित कुमार, श्याम ऋषि आदि लोग शामिल थें। इधर कटिहार नगर क्षेत्र में वार्ड नंबर 39,40, 41एवं 42 के राजद कार्यकताओं की संयुक्त बैठक

# खरीफ महाभियान 2026 के तहत जिला स्तरीय प्रशिक्षण सह कर्मशाला आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अररिया ।** कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण, अररिया के तत्वावधान में टाउन हॉल, अररिया में शारदीय (खरीफ) महाभियान 2026 अंतर्गत जिला स्तरीय प्रशिक्षण सह कर्मशाला का आयोजन अपर समाहर्ता, अररिया अनिल कुमार झा की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कर्मशाला में शारदीय (खरीफ) मौसम में होने वाली विभिन्न फसलों की उन्नत उत्पादन तकनीकों की विस्तृत जानकारी गई।

अपर समाहर्ता, अररिया ने अपने संबोधन में योजना के अंतर्गत फॉर्मर रजिस्ट्री में आ रही मिसमैच, परिमार्जन एवं भूमि संबंधी त्रुटियों के निराकरण के उपायों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कृषि विभाग एवं



राजस्व विभाग के कर्मियों और पदाधिकारियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए अधिक से अधिक किसानों की फॉर्मर रजिस्ट्री पूर्ण कराने का निर्देश दिया। जिला कृषि पदाधिकारी -सह- परियोजना निदेशक, आत्मा ने खरीफ मौसम में संचालित की जाने वाली विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बेबी कॉर्न एवं स्वीटकॉर्न के उत्पादन को बढ़ावा देने, संकर मक्का एवं धान के अनुदानित बीज वितरण, प्रत्यक्षण कार्यक्रम, फसल विविधीकरण के तहत त्रिफसली प्रणाली को प्रोत्साहित करने तथा दलहन उत्पादन में आत्मनिर्भरता हासिल करने के उद्देश्य से सरकार द्वारा संचालित योजनाओं पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी। जिला भूमि सुधार उपसमाहर्ता ने फॉर्मर रजिस्ट्री के दौरान सामने आ रही तकनीकी समस्याओं के समाधान हेतु आवश्यक सुझाव दिए तथा भूमि अभिलेखों से संबंधित त्रुटियों के समयबद्ध निराकरण पर बल दिया। वही कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र एवं सिंचाई विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों ने खरीफ मौसम में उगाई जाने वाली फसलों की उत्पादकता बढ़ाने के लिए आधुनिक कृषि तकनीकों, उन्नत बीजों के उपयोग, जल प्रबंधन एवं वैज्ञानिक खेती के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान उप निदेशक, कृषि अभियंत्रण, उप परियोजना निदेशक, आत्मा, अनुमंडल पदाधिकारी, अररिया, जिला उद्यान पदाधिकारी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी द्वारा भी कई महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। उक्त कार्यक्रम में सभी प्रखंड कृषि पदाधिकारी, प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक, सहायक तकनीकी प्रबंधक, कृषि समन्वयक, किसान सलाहकार कार्यपालक सहायक, लेखपाल आदि उपस्थित थे।

## सोने के खरीदार सावधान! इतिहास का बड़ा इशारा- आने वाले दिनों में धड़ाम से गिरेंगे दाम?

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सोने की कीमत में पिछले काफी समय उतार-चढ़ाव आ रहा है। इस साल जनवरी में यह अपनी उच्चतम शिखर पर पहुंच गया था। इसके बाद से अब तक इसमें बड़ी गिरावट आ चुकी है। आज सोमवार को भी यह लुढ़क गया। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल के मुताबिक इस साल मई में सोने की कीमत में दुनिया में जहां गिरावट आई है, वहीं भारत में इसमें तेजी देखी गई



है। वहीं दूसरी ओर सोने में उतार-चढ़ाव का इतिहास बताता है कि सोने की कीमत में जब भी जबरदस्त तेजी आई है, उसके बाद इसमें बड़ी गिरावट भी देखी गई है। ऐसे में सवाल है क्या आने वाले समय में भारत में भी सोने की कीमत गिर सकती है। हालांकि इस साल अभी तक भारतीय घरेलू बाजार ने सोने ने शानदार रिटर्न दिया है। हाल में आई वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल की रिपोर्ट 'गोल्ड मार्केट कमेंट्री : हाइकिंग अप अ वोल्केनो' के अनुसार मई में जहां वैश्विक स्तर पर सोने के दाम 1.4 प्रतिशत गिरे, वहीं भारत में इसकी कीमतों में 4.1 प्रतिशत की जोरदार तेजी दर्ज की गई। रिपोर्ट के मुताबिक मई के अंत में अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना 4,546 डॉलर प्रति औंस पर बंद हुआ। बाजार में सोने ने करीब 20 प्रतिशत का शानदार रिटर्न दिया है। भारत में सोने की कीमतों में यह उछाल पश्चिम एशिया (मिडिल ईस्ट) में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और सर्राफा बाजारों में भारी उतार-चढ़ाव के बीच आया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में राष्ट्र को संबोधित करते हुए नागरिकों से अपील की थी कि वे फिलहाल सोने की खरीदारी को कुछ समय के लिए टाल दें। प्रधानमंत्री की इस अपील और ऊंची कीमतों के कारण भारत, दक्षिण कोरिया और जापान जैसे भौतिक बाजारों में सोने की मांग में कुछ नरमी और डिस्काउंट भी देखा गया है।

## 3 महीने में पैसा किया डबल, कंपनी के पास 2400 करोड़ रुपये से अधिक का काम

**नईदिल्ली, एजेंसी।** डी डेवलपमेंट इंजीनियर्स के शेयरों में सोमवार को अपर सर्किट लगा है। कंपनी के शेयरों की कीमतों में 5 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। कंपनी के शेयरों में उछाल के पीछे की वजह वर्क ऑर्डर से जुड़ी जानकारी है। डी डेवलपमेंट इंजीनियर्स ने बताया है कि 631.91 करोड़ रुपये का वर्क ऑर्डर मई 2026 में मिला है। आज बीएसई में कंपनी के शेयर 670 रुपये के स्तर पर ओपन हुए थे। 5 प्रतिशत की उछाल के बाद बीएसई में यह स्टॉक 707.95 रुपये के इंट्रा-डे हाई पर पहुंच गया। डी डेवलपमेंट इंजीनियर्स का यह 52 वीक हाई है। बता दें, कंपनी के शेयरों में आज सोमवार को अपर सर्किट लगा है। कंपनी का ऑर्डर बुक 2400



करोड़ रुपये के पार डी डेवलपमेंट इंजीनियर्स का कुल ऑर्डर बुक 2433.90 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया है। मई के शुरुआत में कंपनी के पास 1909.82 करोड़ रुपये का काम था। जोकि 31 मई तक 2400 करोड़ रुपये को क्रॉस कर गया। बता दें, इस कंपनी ने शेयर बाजारों को दी जानकारी में कहा है कि मई के महीने में 107.83 करोड़ रुपये का काम पूरा भी हुआ है। मई के महीने में डी डेवलपमेंट्स को पावर सेगमेंट में कुल 274.79 करोड़ रुपये का काम मिला था। जिसके बाद इस सेगमेंट में कंपनी का ऑर्डर बुक 1251.42 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया है। ऑयल गैस सेगमेंट में कंपनी को 358 करोड़ रुपये का काम मिला है। मई के महीने में मिले इस नए ऑर्डर की वजह से अब कुल काम सेगमेंट में 881 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया।

# भारत की इकोनामी के लिए असली चुनौती

## अचानक दुनिया की रेस में पिछड़ता दिख रहा शेयर बाजार

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पिछले कुछ दिनों से भारत की अर्थव्यवस्था लगभग सभी तबकों में चर्चा और विमर्श के केंद्र में आ गई है। ईरान युद्ध और कच्चे तेल के दामों का असर आस-पास दिख ही रहा है, साथ में शेयर बाजार की भारी उठापटक भी रोज लोगों के दिल दहलाती आ रही है। आम आदमी को पेट्रोल-डीजल के दाम चुभने लगे हैं और चाहे-अनचाहे उसे महंगाई का डर भी सताने लगा है। कुछ अर्थशास्त्री भी डरावने हालात की तरफ इशारा कर रहे हैं। खासकर उन अर्थशास्त्रियों की चर्चा ज्यादा हो रही है, जो पिछले कई साल से इस सरकार के बड़े समर्थक रहे हैं, लेकिन अब किसी न किसी कारण से आर्थिक नीतियों या सरकार के फैसलों पर उंगली उठाने लगे हैं। इस बीच दो ऐसी खबरें आ गईं, जिनसे चर्चा और गर्म हो गई। पहली थी, भारत के शेयर बाजार में सारे शेयरों की कुल कीमत (मार्केट कैपिटलाइजेशन) दुनिया में पांचवें नंबर से खिसक कर पहले छठे और फिर सातवें नंबर पर पहुंच गई है और दूसरी खबर थी, एक अंतरराष्ट्रीय समाचार एजेंसी का यह दावा कि मई के अंत में भारत ने करीब 12 अरब डॉलर का सोना बेच दिया है। दोनों ही खबरें चटपट सुर्खियां बन गईं।

**भारत का शेयर बाजार अचानक दुनिया की रेस में पिछड़ता क्यों दिख रहा?** आखिर भारत का शेयर बाजार अचानक दुनिया की रेस में पिछड़ता क्यों दिख रहा है, जबकि देश की अर्थव्यवस्था ने पूरे साल उम्मीद से बेहतर प्रदर्शन किया



### एआई के पीछे भाग रहे दुनियाभर के निवेशक

एआई से सम्मोहित निवेशक अब इन कंपनियों के शेयरों में जमकर पैसा लगा रहे हैं। क्या आलम है, इसे यूं समझिए कि ताइवान के स्टॉक मार्केट इंडेक्स में करीब 42 फीसदी की हिस्सेदारी टीएसएमसी की है। इस साल इसका शेयर डेढ़ गुना हो चुका है। दुनिया भर के निवेशक तो इसके पीछे भाग ही रहे हैं, सरकार भी उनका रास्ता आसान कर रही है।

### भारत की असली परेशानी क्या है

भारत के लिए परेशानी की बात यह है कि यहां लिस्टेड कंपनियों में कोई भी ऐसी बड़ी कंपनी नहीं है, जो एआई या सेमीकंडक्टर कारोबार में दुनिया की दिग्गज कंपनियों के सामने खड़ी हो। तो क्या इसका मतलब है कि भारत की अर्थव्यवस्था बुरे हाल में है इसका जवाब देने से पहले दूसरी खबर का भी हिसाब लगा लेना बेहतर होगा। बहुत खस्ता आर्थिक स्थिति में भी बस एक उदाहरण है, जब भारत ने अपना सोना गिरवी रखा था।

### क्या भारत की अर्थव्यवस्था खतरे में है

फिर भी, क्या भारत की अर्थव्यवस्था खतरे में है एक बड़ा संकट तो सामने खड़ा है, जो ईरान-अमेरिका के बीच स्थायी शांति-समझौता होने तक खड़ा रहेगा। मगर भारत की घरेलू मांग, नौजवान आबादी, बुनियादी ढांचे पर खर्च, मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने की नीति और मजबूत बैंकिंग प्रणाली ऐसी चीजें हैं, जो इसकी अर्थव्यवस्था की मजबूती दिखाती हैं। शेयर बाजार में भी घरेलू संस्थानों या छोटे निवेशकों की एसआईपी से आने वाले पैसे का प्रवाह मजबूत बना हुआ है।

### भारत का बाजार कुछ खास नहीं गिरा


हालांकि, भारत का बाजार कुछ खास नहीं गिरा है। अब भी यह 4.8 ट्रिलियन डॉलर के करीब या दुनिया के बड़े बाजारों में से एक है, लेकिन पहले ताइवान और फिर दक्षिण कोरिया पांच ट्रिलियन डॉलर का मार्केट कैप पार करके भारत से आगे निकल गए हैं। यहां यह भी याद रखना चाहिए कि विदेशी निवेशक भारत के बाजार में लगातार बिकवाली कर रहे हैं। सिर्फ 2026 में अब तक वे भारत से करीब 26 अरब डॉलर निकाल चुके हैं। जबकि, दूसरी तरफ ताइवान और दक्षिण कोरिया के बाजार इसी दौरान तूफानी रफ्तार से बढ़ रहे हैं। उनकी बढ़ोतरी की सबसे बड़ी वजह है, कृत्रिम मेधा या एआई का धूम-धड़ाका। जिस अंदाज में एआई हमारे जीवन के हर पहलू को जकड़ता जा रहा है, उससे दुनिया भर के बड़े-छोटे निवेशक सम्मोहित हो चुके हैं। इसीलिए एआई और सेमीकंडक्टर वाली कंपनियों में पैसा लगाने की होड़ लगी है।

## प्राइवेट कंपनियां बनाएंगी परमाणु बिजली और सरकार देगी खरीदने की गारंटी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार ग्रीन एनर्जी यानी स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए एक बड़ा कदम बढ़ाने की तैयारी में है। इसके तहत न्यूक्लियर एनर्जी यानी परमाणु ऊर्जा सेक्टर में प्राइवेट सेक्टर इन्वेस्टमेंट को आकर्षित करने के लिए कई उपायों पर विचार किया जा रहा है। इसमें एश्योर्ड पावर परचेज एग्रीमेंट भी शामिल है। भारत की न्यूक्लियर पावर कैपेसिटी अभी 8.78 गीगावॉट है और 2031-32 तक इसके बढ़कर 22.38 गीगावॉट तक पहुंचने का अनुमान है।

ईटी की एक रिपोर्ट के मुताबिक नीति आयोग के सदस्य अभय करंदीकर ने कहा कि सरकार जल्द ही टेक्नोलॉजी डेवलपर्स, ऑपरेटर्स और इन्वेस्टर्स के साथ बातचीत शुरू करेगी। सरकार 'सस्टेनेबल हार्नेसिंग एंड एडवांसमेंट ऑफ न्यूक्लियर एनर्जी फॉर ट्रांसफॉर्मिंग इंडिया एक्ट, 2025 के तहत नियम नोटिफाई करने की भी तैयारी कर रही है। साथ ही सरकार प्राइवेट सेक्टर की भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए फाइनेंशियल सपोर्ट देने पर भी विचार कर सकती है।

1 लाख करोड़ रुपये की रिसर्च, डेवलपमेंट और इनोवेशन स्कीम के जरिए प्राइवेट सेक्टर को फाइनेंशियल सपोर्ट दिया जा सकता है। या फिर प्राइवेट सेक्टर की मदद के लिए शुरुआती दौर में एक अलग सेक्टर-स्पेसिफिक फंड बनाया जा सकता है। स्कीम के तहत प्राइवेट सेक्टर और स्टार्टअप्स को ट्रांसफोर्मेटिव टेक्नोलॉजी को तेजी से आगे बढ़ाने के लिए लॉन्ग टर्म और कम



ब्याज दर पर अनसिक्योर्ड फाइनेंसिंग दी जाती है। इसमें न्यूक्लियर एनर्जी सेक्टर भी शामिल है। करंदीकर ने कहा कि इस कवायद का मकसद यह है कि सरकार देश में न्यूक्लियर क्षमता के सस्टेनेबल डेवलपमेंट के लिए रोडमैप तैयार कर रही है। उससे पहले कैपिटल फ्लो और टेक्नोलॉजी की तैयारी के बारे में स्टेकहोल्डर्स से फीडबैक लिया जा रहा है। एक्ट, 2025 के तहत प्राइवेट कंपनियां न्यूक्लियर सेक्टर में प्लांट ऑपरेशन, बिजली उत्पादन , इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरिंग और कुछ खास गतिविधियां कर सकती हैं। इसमें न्यूक्लियर फ्यूल बनाना या अन्य तय पदार्थों का उत्पादन, इस्तेमाल, प्रोसेसिंग या डिस्पोजल शामिल है।

### क्या है इतिहास का इशारा

पिछले दो दशकों का मूल्य इतिहास बताता है कि जब भी सोने में कोई बड़ी तेजी आती है, तो उसके बाद एक बड़ी गिरावट भी देखने को मिलती है। सितंबर 2022 से शुरू हुई सोने की रिकॉर्ड तोड़ रैली इस साल 29 जनवरी को अपने ऐतिहासिक उच्चतम स्तर 5,594.82 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई थी। इस अवधि के दौरान सोने ने करीब 245 प्रतिशत का बंपर रिटर्न दिया। हालांकि, इस शिखर को छूने के बाद से कीमतों में नरमी आई है। इंटरनेशनल मार्केट में सोना करीब 22 प्रतिशत गिरकर सोमवार सुबह 4,368 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था।

## भारत को पछाड़ने वाले दक्षिण कोरिया की निकली हवा, शेयर बाजार में भारी गिरावट

### रोकनी पड़ी ट्रेडिंग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दक्षिण कोरिया के शेयर बाजार में इस साल सबसे ज्यादा तेजी आई है। हाल में वह भारत को पछाड़कर दुनिया का छठा बड़ा स्टॉक मार्केट बन गया था। लेकिन आज मामला पलट गया। निवेशकों की मुनाफावसूली के चलते दक्षिण कोरिया के बेंचमार्क इंडेक्स कोस्पी में जबरदस्त बिकवाली हुई और यह 9 प्रतिशत गिर गया। हालत यह हो गई कि 20 मिनट के लिए ट्रेडिंग रोकनी पड़ी। सबसे ज्यादा नुकसान सैमसंग को हुआ। इन्हीं शेयरों के दम पर दक्षिण कोरिया ने भारत को पछाड़ा था।



सैमसंग के शेयरों में 6 प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट आई जबकि शेयर 4 प्रतिशत से ज्यादा टूट गया। इसके साथ ही सैमसंग का मार्केट कैप 1.310 ट्रिलियन डॉलर रह गया। इसी तरह बाजार वैल्यू 919.91 अरब डॉलर रह गई। हाल में एआई से जुड़े शेयरों में काफी तेजी आई थी और आशंका जताई जा रही थी कि इनका हाल भी डॉट.कॉम की तरह हो सकता है। आज की गिरावट से साउथ कोरिया का बेंचमार्क पिछले हफ्ते के रेकॉर्ड हाई से लगभग 14 प्रतिशत नीचे आ गया है।

जैसे ही निवेशकों ने मुनाफावसूली शुरू की बाजार का कंसंट्रेशन रिस्क यानी एक ही सेक्टर पर ज्यादा निर्भरता का जोखिम एक्सपोज हो गया। कोस्पी ने इस साल गजब की उड़ान भरी थी। इसमें ज्यादातर तेजी एआई से जुड़े कुछ शेयरों के प्रदर्शन पर टिकी थी। कोस्पी के वेटेज में सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स की करीब आधी हिस्सेदारी है।

इस साल कोस्पी की तेजी में इनका करीब दो-तिहाई योगदान रहा है। इन शेयरों में तेजी के दम पर इस साल में अब तक 79 प्रतिशत तेजी आई है। आज की बिकवाली के बाद भी सैमसंग में इस साल 138 प्रतिशत तेजी आई है जबकि शेयर 196 प्रतिशत चढ़ा है। पिछले एक साल में एआई इन्फ्रास्ट्रक्चर की मांग में जबरदस्त उछाल आया है। इस कारण इससे जुड़े शेयरों में भी तेजी आई है।

## जो भिंडी भारत में 40 रू. किलो, अमेरिका में उसके दाम 7,250

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भिंडी भारतीयों के लिए किसी आम सब्जी जैसी ही है। लेकिन, अमेरिका में इसे इस तरह बेचा जाता है कि कीमत भारत के मुकाबले 18025 प्रतिशत तक बढ़ जाती है। यह बात तब सामने आई जब आशीष आहूजा नाम के एक भारतीय कंटेंट क्रिएटर अमेरिका के सुपरमार्केट में घूम रहे थे। तभी उन्हें स्नैक वाले सेक्शन में मसालेदार, कुरकुरी तली हुई भिंडी दिखाई दी। 85 ग्राम के छोटे से पैकेट के दाम 6.50 डॉलर यानी लगभग 600 रुपये थे। आहूजा ने हिसाब लगाया तो पता चला कि यह कीमत किलो में करीब 7,250 रुपये बैठती है। इसी भिंडी को आज के दिनों में बड़े आराम से भारतीय बाजारों में 40 रुपये किलो में खरीदा जा सकता है। भारत के आम बाजार और पश्चिमी देशों के ग्रोसरी स्टोर के शेल्फ में जमीन-आसमान का फर्क है। इंस्टाग्राम पर आहूजा ने बताया



कि कैसे घर में रोज खाई जाने वाली एक आम सब्जी को अमेरिकी ग्राहकों के लिए पूरी तरह से नए रूप में पेश किया गया है। आशीष आहूजा ने इंस्टाग्राम पर इसका वीडियो शेयर किया। उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'हम भिंडी को रोज खाई जाने वाली आम सब्जी के तौर पर खाते-पीते बड़े हुए हैं। भारत में यह बस एक और सब्जी है। लेकिन, अमेरिका में वे इसे तलते हैं, छोटे पैकेट में पैक करते हैं और अचानक यह शेल्फ पर एक प्रीमियम स्नैक बन जाती है। 85 ग्राम के लिए 6.50 डॉलर।'

आहूजा ने आगे कहा, 'लेज से भी ज्यादा महंगी।' मजाक में कहा, 'यह भिंडी आपसे 'पर्सनैलिटी टैक्स' वसूल रही है। किसी ने भिंडी को नहीं बताया था कि वह ऐसा भी कर सकती है।' वीडियो में आहूजा ने पैकेजिंग और इसकी बहुत ज्यादा कीमत के बारे में बताया।

उन्होंने कहा, 'तो दोस्तों मैं आपको कुछ बहुत दिलचस्प चीज दिखाता हूं। देखिए, यह क्या है अब, भिंडी जिसका इस्तेमाल हम भारत में सब्जी बनाने के लिए करते हैं। अमेरिका में देखिए, वही चीज स्नैक के तौर पर मिल रही है। मतलब, अच्छी तरह से तली हुई। मसालों और बाकी चीजों के साथ।

### लोगों को दिखा जबरदस्त बिजनेस आइडिया

जाहिर है, सोशल मीडिया यूजर्स ने इस बात पर मजाकिया रिएक्शन दिए। एक यूजर ने मजाक में कहा, 'अमेरिका जाकर तो भिंडी का प्रमोशन ही हो गया।' एक और यूजर ने पीढ़ियों के अंतर वाली मजेदार बात कही- 'भारत में मांओं को बच्चों को यह खिलाने के लिए बहुत मशक्कत करनी पड़ती है। वहीं अमेरिका में लोग एक पैकेट के लिए 600 रुपये तक दे रहे हैं।' लोगों ने कॉर्पोरेट रीब्रांडिंग की ताकत को भी समझा। एक यूजर ने कमेंट किया, 'अच्छी पैकेजिंग और मार्केटिंग का यही कमाल है। सब्जी वही है, लेकिन लोगों की सोच बिल्कुल बदल गई है।' वहीं, एक समझदार यूजर को इसमें बिजनेस का मौका दिखा।

## नौकरी नहीं मिली तो क्या सरकारी लोन से खड़ी कर दी कंपनी

### अब 30 लाख सालाना का टर्नओवर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमोल भावसार मध्य प्रदेश के खरगोन जिले के भीकनगांव के रहने वाले हैं। उन्होंने साबित करके दिखाया है कि बड़े शहरों के बाहर भी कारोबारी सफलता हासिल की जा सकती है। वह ऐसे इलाके से आते हैं जहां सरकारी नौकरी को ही मंजिल माना जाता है। लेकिन, उन्होंने अलग रास्ता चुनकर आने वाले युवाओं के लिए मिसाल पेश की है। अमोल भावसार ने लगभग 30 लाख रुपये के सालाना टर्नओवर वाला बेवरेज (पेय पदार्थ) का बिजनेस खड़ा कर दिया है। सरकारी नौकरी नहीं मिलने के बाद उन्होंने इस दिशा में कदम बढ़ाए थे। आइए, यहां अमोल भावसार की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।

अमोल ने ग्रेजुएशन तो पूरा कर लिया। लेकिन, उन्हें मनचाही नौकरी नहीं मिल पाई। जैसे-जैसे वक्त बीता, निराशा बढ़ने लगी। हार मानने के बजाय उन्होंने खुद अपना मौका बनाने का फैसला किया। सबसे बड़ी चुनौती पूंजी की थी।

तभी अमोल को मध्य प्रदेश सरकार की ओर से लागू 'पीएम माइक्रो फूड एंटरप्राइज अपग्रेडेशन स्कीम' के बारे में पता चला। उन्होंने इसके लिए अप्लाई किया। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया से 25 लाख रुपये का लोन



और 7.5 लाख रुपये की सब्सिडी हासिल की।

इस सरकारी स्कीम की मदद से अमोल ने शुरू किया। अपना ब्रांड 'जिंगो सोडा' लॉन्च किया। स्थानीय मांग को समझते हुए उन्होंने तीन फ्लेवर पेश किए- जीरा, बूम और स्पीड। शुरुआत में अमोल ने सिर्फ लोकल मार्केट पर फोकस किया। धीरे-धीरे उनका डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क निमाड़ इलाके में फैल गया। आज 'जिंगो सोडा' किराने की दुकानों और छोटे व्यापारियों के पास उपलब्ध है। लोकल ब्रांड होने के कारण इसने जल्द ही स्थानीय ग्राहकों का भरोसा जीत लिया। अमोल की फैक्ट्री में सोडा बनाने की पूरी प्रक्रिया मशीनों से होती है। बोतल बनाने और लेबल लगाने से लेकर पैकेजिंग तक इसमें सबकुछ शामिल है। इस व्यवस्थित सिस्टम से क्वालिटी एक जैसी बनी रहती है। मार्केट में ब्रांड की विश्वसनीयता मजबूत होती है।

### 17 परिवारों का सहारा बना यह काम

अमोल का यह काम अब सिर्फ उनकी अपनी कामयाबी नहीं है। यह 17 परिवारों की आजीविका का जरिया भी बन गया है। छोटे शहर में ऐसी यूनिट लगाना एक बड़ी उपलब्धि है। उनका सालाना टर्नओवर अब लगभग 30 लाख रुपये तक पहुंच गया है। आगे की योजना के तौर पर वह नए फ्लेवर लाने और ब्रांड को जिले से बाहर भी फैलाने की सोच रहे हैं।

### युवाओं के लिए मौका

सब्सिडी और ब्याज में छूट मिल सकती है। जिले के किसान और युवा उम्मीदवार मार्गदर्शन के लिए बागवानी और फूड प्रोसेसिंग डपािर्टमेंट से संपर्क कर सकते हैं। अमोल की कहानी साबित करती है कि सही जानकारी, संस्थागत सहयोग और हिम्मत के साथ एक छोटे से शहर से भी शानदार सफलता हासिल की जा सकती है।

## बढ़ता ही जा रहा है सीएमआर ग्रीन का जीएमपी


**मुंबई, एजेंसी।** पश्चिम एशिया में चल रहे तनाव के बीच एक अच्छा आईपीओ आया तो निवेशक टूट पड़े। तभी तो यह 127 गुना से भी ज्यादा ओवरसब्सक्राइब हो गया। आप तो समझ ही गए, हम बात कर रहे हैं सीएमआर ग्रीन टेक्नोलॉजीज के आईपीओ की। जिन्होने इसमें अप्लाई किया है वे जानना चाहते हैं कि उन्हें शेयर मिला है या नहीं। आप भी अलॉटमेंट स्टेटस जानना चाहते हैं तो हम बता रहे हैं तरीका। सीएमआर ग्रीन टेक्नोलॉजीज का आईपीओ पिछले सप्ताह 3 से 5 जून तक खुला था। इसमें अलॉटमेंट आज यानी सोमवार, 8 जून को तय किए जाने की संभावना है। इसके 10 जून को बीएसई और एनएसई पर लिस्ट होने की संभावना है। एक बार जब शेयर अलॉटमेंट का अनुपात तय हो जाएगा तो आप इसे नीचे बनाए गए तरीकों से जांच सकते हैं।

**झोली भर कर मिले हैं आवेदन:** इस आईपीओ को खूब आवेदन मिले हैं। एनएसई के आंकड़ों के मुताबिक आवेदन करने के अंतिम दिन सीएमआर ग्रीन का आईपीओ 124.04 गुना ओवरसब्सक्राइब हुआ था। इसमें रिटेल इन्वेस्टर्स का हिस्सा 25.03 गुना ओवरसब्सक्राइब हुआ था तो नॉन-इंस्टीच्यूशनल इन्वेस्टर्स का हिस्सा 172.35 गुना। क्वालिफाइड इंस्टीच्यूशनल बायर्स का हिस्सा तो 270.46 गुना ओवरसब्सक्राइब हुआ था।

**अलॉटमेंट स्टेटस ऐसे चेक करें:** सीएमआर ग्रीन टेक्नोलॉजीज आईपीओ आवंटन स्थिति ऑनलाइन बीएसई और एनएसई की वेबसाइटों के माध्यम से चेक की जा सकती है। इसके साथ ही इस पब्लिक इश्यू के रजिस्ट्रार की आधिकारिक साइट पर भी अरप इसे चेक कर सकते हैं। इसके




लिए आपको कुछ स्टेप को फॉलो करना होगा। इस आईपीओ का अनलिस्टेड मार्केट या ग्रे मार्केट में डिमांड बढ़ता ही जा रहा है। इस समय ग्रे मार्केट में इस कंपनी एक शेयर पर 67.5 का प्रीमियम कोट किया जा रहा है। मतलब कि हर शेयर पर 35.16 फीसदी की कमाई। उल्लेखनीय है कि इस आईपीओ का इश्यू प्राइस 192 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है।



# एआई इंसान की मदद कर सकता है, उसकी जगह नहीं ले सकता

बॉलीवुड के सीनियर फिल्म निर्माता-निर्देशक सुभाष घई ने एक बार फिर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को लेकर अपने विचार शेयर किए। इंस्टाग्राम पोस्ट में उन्होंने कहा कि आने वाले समय में एआई लोगों के कई काम आसान कर देगा, लेकिन असली सफलता उन्हीं लोगों को मिलेगी, जो अपनी क्रिएटिविटी और इमोशनल इंटेलिजेंस को जीवित रखेंगे। सुभाष घई ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी एक तस्वीर साझा की। इस तस्वीर के साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा, ''एआई भविष्य में लोगों के अधिकतर मानसिक और बौद्धिक कार्यों को संभाल सकता है, लेकिन वह इंसान के भीतर मौजूद मानवीय गुणों की जगह नहीं ले सकता। भविष्य उन्हीं लोगों का होगा जो अपने भीतर की क्रिएटिविटी को लगातार मजबूत करते रहेंगे। म्यूजिक, पोएट्री, पेंटिंग, कम्युनिकेशन, कोलेबोरेशन और क्रिटिकल थिंकिंग जैसे गुण इंसानों को मशीनों से अलग बनाते हैं।'' सुभाष घई ने आगे कहा, ''एआई से केवल जानकारी हासिल करना ही काफी नहीं है, बल्कि उस जानकारी को भावनाओं और रचनात्मकता के साथ जोड़ना भी जरूरी है। जब कोई व्यक्ति कला, साहित्य और मानवीय मूल्यों से जुड़ा रहता है, तभी वह समाज के लिए बेहतर योगदान दे सकता है और दूसरों की मदद करने की भावना विकसित कर सकता है।''

बता दें कि ये पहली बार नहीं है जब सुभाष घई ने एआई को लेकर अपनी राय रखी हो। वह इस विषय पर अपने विचार साझा करते रहते हैं। उनका मानना है कि एआई एक ताकतवर टेक्नोलॉजी है, लेकिन इसे इंसान की रचनात्मकता का विकल्प नहीं माना जाना चाहिए। कहानियां, भावनाएं और कल्पनाएं इंसानी दिमाग से जन्म लेती हैं, और इन्हें पूरी तरह किसी मशीन के भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता। सुभाष घई ने एक पोस्ट के जरिए कहा था कि समय के साथ पीढ़ियां बदलती हैं, टेक्नोलॉजी बदलती है और लोगों के सोचने का नजरिया भी बदलता रहता है। हालांकि, इन सभी बदलावों के बीच एक चीज स्थायी रहती है, और वह है इंसान की रचनात्मक सोच। एआई इंसानी बुद्धिमत्ता की ही देन है और उसका उद्देश्य इंसान की मदद करना है।





# सादगी और अभिनय से जीता दर्शकों का दिल 'पूनम' के किरदार ने दिलाई घर-घर में पहचान

सिनेमा जगत में कई अभिनेत्रियां आईं और गईं, लेकिन कुछ चेहरे ऐसे होते हैं जो अपनी सादगी और सहज अभिनय के कारण लंबे समय तक दर्शकों के दिलों में बने रहते हैं। अभिनेत्री अमृता राव भी उन्हीं सितारों में शामिल हैं। खासकर फिल्म 'विवाह' में निभाए गए 'पूनम' के किरदार ने उन्हें घर-घर में पहचान दिलाई। कम फिल्मों में काम करने के बावजूद अमृता ने अपनी अलग छाप छोड़ी। 7 जून 1981 को मुंबई में जन्मीं अमृता राव का पालन-पोषण एक पारंपरिक कोंकणी परिवार में हुआ। शुरुआती शिक्षा मुंबई के अंधेरी स्थित एक स्कूल से पूरी करने के बाद उन्होंने सोफिया कॉलेज में साइकोलॉजी विषय से ग्रेजुएशन की पढ़ाई शुरू की। हालांकि मॉडलिंग की दुनिया उन्हें अपनी ओर खींच रही थी। इसी वजह से उन्होंने पढ़ाई अधूरी छोड़कर मॉडलिंग में करियर बनाने का फैसला किया। शुरुआत में अमृता कई विज्ञापनों में नजर आईं। धीरे-धीरे उनकी पहचान बढ़ी और उन्हें म्यूजिक वीडियो में भी काम करने का मौका मिला। कैमरे के सामने उनका आत्मविश्वास और सहजता लोगों को पसंद आने लगी। इसी दौरान फिल्म निर्माताओं की नजर भी उन पर पड़ी और उनके लिए बॉलीवुड के दरवाजे खुल गए। साल 2002 में अमृता ने फिल्म 'अब के बरस' से बॉलीवुड में कदम रखा।

पहली ही फिल्म में उन्होंने अपने अभिनय से लोगों का ध्यान खींचा। इसके बाद उनका करियर लगातार आगे बढ़ता गया। वर्ष 2003 में रिलीज हुई 'इश्क विश्क' उनके करियर का बड़ा मोड़ साबित हुई। इस फिल्म में उन्होंने शाहिद कपूर के साथ काम किया और दोनों की जोड़ी दर्शकों को खूब पसंद आई। फिल्म की सफलता के बाद अमृता युवा दर्शकों के बीच लोकप्रिय हो गईं। इसके बाद उन्होंने 'मस्ती', 'मैं हूं ना', 'वाह लाइफ हो तो ऐसी', 'शिखर' और 'प्यारे मोहन' जैसी फिल्मों में काम किया। हालांकि, उनकी सबसे यादगार फिल्मों में 'विवाह' का नाम सबसे ऊपर आता है। राजश्री प्रोडक्शंस की इस फिल्म में उन्होंने 'पूनम' का किरदार निभाया था। उनकी सादगी, पारिवारिक संस्कार और सहज अभिनय ने दर्शकों का दिल जीत लिया। आज भी कई लोग उन्हें 'पूनम' के नाम से याद करते हैं। अमृता ने केवल हिंदी फिल्मों तक खुद को सीमित नहीं रखा। उन्होंने तेलुगू सिनेमा में भी काम किया और अभिनेता महेश बाबू के साथ फिल्म 'अतिथि' में नजर आईं। इस फिल्म को भी दर्शकों ने पसंद किया। इसके बाद अमृता ने 'वेलकम टू सज्जनपुर', 'जॉली एलएलबी', 'सिंह साहब द ग्रेट, 'सत्याग्रह' और 'ठाकरे' जैसी फिल्मों में भी अपनी अभिनय क्षमता का परिचय दिया।

# मराठी मेरी पहचान है, लेकिन नई भाषाएं सीखना रोमांचित करता है




बॉलीवुड अभिनेत्री शरवरी वाघ इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'मैं वापस आऊंगा' को लेकर चर्चाओं में हैं। इस फिल्म में उन्हें एक ऐसी महिला का किरदार निभाने का मौका मिला, जो उनकी अपनी सांस्कृतिक पृष्ठभूमि से काफी अलग है, जिसके चलते उन्हें नई भाषा और संस्कृति को समझना पड़ा। अपने इस अनुभव को उन्होंने आईएएनएस संग साझा किया। आईएएनएस से बात करते हुए शरवरी वाघ ने कहा, ''घर में मैं मराठी भाषा बोलती हूं और मेरी परवरिश पूरी तरह मराठी संस्कृति के बीच हुई है। ऐसे में एक पंजाबी महिला का किरदार निभाना मेरे लिए एक नया और दिलचस्प अनुभव था।''

शरवरी ने कहा, ''भाषाएं हमेशा से मुझे आकर्षित करती रही हैं। मेरा मानना है कि भारत जैसे देश में कलाकारों के लिए सीखने और समझने के अवसर कभी खत्म नहीं होते। यहां इतनी सारी भाषाएं और संस्कृतियां हैं कि हर नया किरदार किसी नई दुनिया का दरवाजा खोल देता है। एक अभिनेता के लिए सिर्फ डायलॉग बोलना ही काफी नहीं होता, बल्कि उस भाषा की भावना, उसके लहजे और उससे जुड़ी संस्कृति को समझना भी जरूरी होता है।'' अभिनेत्री ने कहा, ''भले ही मैं नई भाषाएं सीखने को लेकर उत्साहित रहती हूं, लेकिन मेरी मातृभाषा मराठी आज भी मेरे दिल के सबसे करीब है। जब भी मुझे किसी सीन के लिए भावनात्मक रूप से खुद को तैयार करना होता है या किसी खास एहसास से जुड़ना होता है, तो मैं अक्सर मराठी गाने सुनती हूं। मराठी भाषा के शब्द मेरे दिल को सबसे गहराई से छूते हैं।''

शरवरी ने कहा, 'अपनी जड़ों से जुड़ा रहना और साथ ही नई चीजें सीखना, दोनों ही जरूरी हैं। महाराष्ट्र से होने का एक फायदा यह भी मिला कि मुझे दूसरी भाषाओं को समझने और अपनाने में आसानी हुई। भारत की कई भाषाएं एक-दूसरे से किसी न किसी रूप में जुड़ी हुई हैं। यही वजह है कि नई भाषा सीखने की प्रक्रिया मेरे लिए मुश्किल के बजाय आनंददायक रही।' फिल्म 'मैं वापस आऊंगा' भारत के विभाजन की पृष्ठभूमि में बुनी गई एक प्रेम कहानी है। फिल्म में शरवरी के अलावा दिलजीत दोसांझ और नसीरुद्दीन शाह जैसे दिग्गज कलाकार भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। इस फिल्म का निर्माण बिरला स्टूडियो, अप्लॉज एंटरटेनमेंट, मोहित चौधरी और शिबाशीष सरकार की विंडो सीट फिल्म्स ने मिलकर किया है।



# रामायण और वाराणसी के भारी-भरकम बजट पर मनोज बाजपेयी की दो टूक

रणबीर कपूर की फिल्म 'रामायण' और महेश बाबू की 'वाराणसी' जैसी बड़ी फिल्मों की काफी चर्चा है। लोग इन फिल्मों की कहानी से ज्यादा इनके करोड़ों रुपये के बजट को लेकर बातें कर रहे हैं। मशहूर अभिनेता मनोज बाजपेयी ने इस बात पर नाराजगी जताई है और दर्शकों को समझाया है कि उन्हें फिल्म की कमाई या बजट से कोई लेना-देना नहीं होना चाहिए।

## बजट बताना सिर्फ पब्लिसिटी का एक तरीका है

एक खबर के अनुसार, मनोज बाजपेयी से जब पूछा गया कि 'रामायण' और 'वाराणसी' जैसी फिल्मों के मेकर्स उनके भारी-भरकम बजट का इतना प्रचार क्यों कर रहे हैं, तो उन्होंने कहा कि यह सब पब्लिसिटी स्टंट का एक जरिया है। पिछले 15 साल से फिल्मों को हिट दिखाने के लिए इस तरीके का इस्तेमाल किया जा रहा है।

## दर्शकों को इस कमाई से एक रुपया भी नहीं मिलता

मनोज बाजपेयी ने दर्शकों को समझाने के लिए कहा, 'यह बीमारी इतनी बढ़ गई है कि एयरपोर्ट पर मिलने वाले आम लोग भी मुझसे फिल्मों की कमाई के आंकड़े पूछने लगते हैं। मैं उन्हें टोकता हूं कि यह पैसा आपके बैंक खाते में नहीं आ रहा है। दर्शकों का फिल्म से सिर्फ इतना नाता होना चाहिए कि उन्हें फिल्म पसंद आई या नहीं। मेकर्स जिस 500-600 करोड़ रुपये की बात करते हैं, उससे दर्शकों का कोई फायदा नहीं होता। फिल्म का बिजनेस सिर्फ निर्माता का काम है।'

## कब रिलीज होगी 'रामायण'

नितेश तिवारी की फिल्म 'रामायण' भारतीय सिनेमा के इतिहास की सबसे महंगी फिल्म मानी जा रही है, जिसका बजट 4,000 करोड़ रुपये बताया जा रहा है। इस फिल्म में रणबीर कपूर (भगवान राम), साई पल्लवी (सीता), सनी देओल (हनुमान), रवि दुबे (लक्ष्मण) और यश (रावण) के किरदार में नजर आएंगे। इसका पहला भाग इसी साल दिवाली पर रिलीज हो होगा।

## 2027 में रिलीज होगी 'वाराणसी'

एसएस राजामौली के निर्देशन में बन रही फिल्म 'वाराणसी' का बजट लगभग 1,400 करोड़ रुपये है। इसमें महेश बाबू मुख्य भूमिका में हैं और प्रियंका चोपड़ा इस फिल्म से साउथ में वापसी कर रही हैं। खास बात यह है कि यह पूरी तरह से आईमैक्स फॉर्मेट पर शूट होने वाली भारत की पहली फिल्म होगी।




# सुपरपावर वाली बच्ची पर होगा 'गोलमाल 5' की कहानी का केंद्र



**रोहित शेट्टी की कॉमेडी फ्रेंचाइज 'गोलमाल' की पांचवीं किस्त को लेकर इंडस्ट्री में चर्चाएं तेज हैं। फिल्म अभी बनने की प्रोसेस में है लेकिन प्रोडक्शन और क्रू से जुड़े सूत्रों के हवाले से इसके शेड्यूल, स्टारकास्ट, कहानी और किरदारों से जुड़ी कई अहम जानकारियां सामने आई हैं। खास जानकारी के मुताबिक, इस बार फिल्म में अक्षय की एंट्री सबसे बड़ा आकर्षण होगी, वहीं कहानी हॉरर-कॉमेडी और सुपरनैचुरल तत्वों के इर्द-गिर्द बुनी गई है।**

## मुंबई में अगला बड़ा शेड्यूल शुरू होने की तैयारियां चल रही हैं

फिल्म का करीब 80 से 85 प्रतिशत हिस्सा मुंबई के स्टूडियो और अलग-अलग लोकेशंस पर शूट हो रहा है। एक्टर्स को उनके किरदारों के हिसाब से 10 से 15 दिन के स्लॉट में बुलाया जा रहा है। पहला प्रमुख शेड्यूल ऊटी में पूरा हो चुका है, जहां कुछ गानों और पैचवर्क की शूटिंग की गई। इसके अलावा गोवा भी फिल्म की कहानी का अहम हिस्सा रहेगा। जुलाई से अगला बड़ा शेड्यूल शुरू होगा। अक्षय का किरदार फिल्म में तमिलनाडु के 'बादशाह' के रूप में दिखाया जाएगा



फिल्म में अक्षय कथित तौर पर मुख्य विलेन या एंटी-हीरो की भूमिका में नजर आ सकते हैं। सूत्रों के अनुसार, उनका किरदार 'हाउसफुल 4' के चर्चित 'बाला' अवतार से प्रेरित हो सकता है। कहानी में इस किरदार को तमिलनाडु की पृष्ठभूमि वाले 'बादशाह' नाम से पेश किए जाने की चर्चा है। अक्षय और अजय देवगन-अरशद वारसी की गैंग के बीच एक बड़ा एक्शन-कॉमेडी सीक्वेंस पहले ही शूट किया जा चुका है, जिसे फिल्म का प्रमुख आकर्षण माना जा रहा है।

## शरमन जोशी इस बार अजय देवगन नहीं अक्षय की टीम का होंगे हिस्सा




पहली 'गोलमाल' के बाद फ्रेंचाइज से अलग हुए शरमन जोशी इस बार वापसी कर रहे हैं। वे अपने पुराने किरदार और उसी पहचान के साथ कहानी में लौटेंगे। हालांकि इस बार उनका झुकाव गोपाल की टीम के बजाय अक्षय के किरदार की तरफ दिख सकता है, जिससे कहानी में नया संघर्ष पैदा होगा।


## बच्ची के रोल के लिए नई चाइल्ड आर्टिस्ट हुई कास्ट

'गोलमाल अगेन' की हॉरर-कॉमेडी सफलता के बाद रोहित शेट्टी उसी जॉनर को ही नए अंदाज में आगे बढ़ा रहे हैं। कहानी एक ऐसी बच्ची के इर्द-गिर्द घूमेगी, जिसके पास रहस्यमयी शक्तियां आ जाती हैं। इस रोल के लिए किसी स्टारकिड को न चुनकर मुंबई से बाहर की एक नई बाल कलाकार को चुना गया है।

## रोहित के कॉप यूनिवर्स से रणवीर सिंह के भी कैमियो की है चर्चा



परिणीति चोपड़ा इस बार प्रोजेक्ट का हिस्सा नहीं हैं। तबु की मौजूदगी को लेकर भी स्थिति स्पष्ट नहीं है। वहीं अजय अपने क्लासिक 'गोपाल' लुक में ही नजर आएंगे। फिल्म में रोहित के कॉप यूनिवर्स से रणवीर सिंह के संभावित स्पेशल अपीयरेंस और क्लाइमैक्स में कुछ सरप्राइज एंट्री की भी चर्चाएं हैं।



# 29 साल के ज्वेरेव ने जीता पहला ग्रैंड स्लैम

● फ्रेंच ओपन के फाइनल में कोबोली को हराया, पांच सेट तक चला मुकाबला

**पेरिस(एजेंसी)।** जर्मनी के एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने अपने करियर का पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीत लिया है। उन्होंने फ्रेंच ओपन 2026 के फाइनल में इटली के फ्लेवियो कोबोली को हराया।

पेरिस में खेले गए मेंस सिंगल्स फाइनल में दूसरी सीड ज्वेरेव ने दसवीं वरीयता प्राप्त फ्लेवियो को पांच सेटों में 6-1, 4-6, 6-4, 6-7, 6-1 से हराया। 29 साल के ज्वेरेव 11 साल से ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंटों में खेल रहे हैं। इससे पहले वे ग्रैंड स्लैम में तीन बार फाइनल में और सात बार सेमीफाइनल में हार चुके थे।

फ्रेंच ओपन के अलावा, ऑस्ट्रेलियन ओपन, विम्बलडन और यूएस ओपन को ग्रैंड स्लैम टेनिस टूर्नामेंट कहा जाता है।



## टोक्यो ओलिंपिक में गोल्ड जीते थे

ज्वेरेव ने मास्टर्स 1000 इवेंट्स के साथ दो एटीपी फाइल्स भी जीते हैं। टोक्यो में ज्वेरेव ने ओलिंपिक गोल्ड भी जीता था लेकिन उनके खाते में ग्रैंड स्लैम खिताब नहीं था। इससे पहले 2020 यूएस ओपन, 2024 फ्रेंच ओपन और 2025 ऑस्ट्रेलिया ओपन का खिताबी मुकाबला वह हार चुके थे।

## 6-1 से एकतरफा जीत दर्ज की

ज्वेरेव ने मैच की शुरुआत धमाकेदार अंदाज में करते हुए पहला सेट आसानी से 6-1 से जीत लिया। इसके बाद कोबोली ने वापसी की और दूसरा सेट 6-4 से अपने नाम कर लिया। ज्वेरेव ने फिर तीसरा सेट 6-4 से जीता, लेकिन कोबोली ने चौथे सेट को टाई-ब्रेकर में 7-6(5) से जीतकर मुकाबले को पांचवें सेट में पहुंचा दिया। अंतिम सेट में ज्वेरेव ने एक बार फिर 6-1 से एकतरफा जीत दर्ज की।

## 89 साल बाद कोई जर्मन मेंस खिलाड़ी चैंपियन बना

ज्वेरेव फ्रेंच ओपन का खिताब जीतने वाले 89 साल के बाद पहले जर्मन मेंस खिलाड़ी बन गए हैं। उनसे पहले 1937 में जर्मनी के हेनर हेन्केल ने यह टूर्नामेंट जीता था। वहीं, किसी भी ग्रैंड स्लैम सिंगल्स का खिताब जीतने वाले आखिरी जर्मन मेंस खिलाड़ी बोरिस बेकर थे, जिन्होंने 1996 में ऑस्ट्रेलियन ओपन जीता था।

## कौन हैं उपविजेता फ्लेवियो कोबोली

फ्रेंच ओपन 2026 के फाइनल में पहुंचे फ्लेवियो कोबोली इटली के उभरते हुए टेनिस खिलाड़ियों में गिने जाते हैं। 24 साल के कोबोली पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम फाइनल में पहुंचे थे। पूरे टूर्नामेंट में उन्होंने कई मजबूत खिलाड़ियों को हराकर फाइनल तक का सफर तय किया।





● मानव-सुंदर के आगे अफगानिस्तान ने घुटने टेके

# एक पारी और 300 रनों से भारत जीता

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** भारत ने महाराजा यादवेंद्र सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए एकमात्र टेस्ट मुकाबले में अफगानिस्तान को एक पारी और 300 रनों से रौंदा। पहली पारी में 152 रनों पर सिमटने के बाद अफगानिस्तान को फॉलोऑन खेलने के लिए मजबूर होना पड़ा। दूसरी इनिंग में मेहमान टीम का हाल और बेहाल रहा और पूरी टीम 112 रन बनाकर सिमट गई। दूसरी पारी में फॉलोऑन खेलने उतरी अफगानिस्तान को सेदिकुल्लाह अटल और अब्दुल मलिक ने सधी हुई शुरुआत दी और पहले विकेट के लिए 42 रन जोड़े। अब्दुल 8 रन बनाकर आउट हुए, तो अटल 80 गेंदों में 42 रन बनाने के बाद वॉशिंगटन सुंदर का शिकार बने। गुरबाज दूसरी पारी में भी बल्ले से कुछ खास कमाल नहीं दिखा सके और 24 रन बनाकर आउट हुए। पहली पारी में अर्धशतक लगाने वाले रहमत शाह दूसरी इनिंग में 13 रन ही बना सके। कप्तान शाहिदी 5 रन ही बना सके, तो अजमतुल्लाह उमरजई 4 रन बनाकर पवेलियन लौटे।

विकेटकीपर-बल्लेबाज अफसर जजई 8 रन बनाकर आउट हुए, तो खरोटी सिर्फ 6 रन ही बना सके। मोहम्मद सलीम बिना खाता खोले आउट हुए और अशरफ चोटिल होने की वजह



## अफगानिस्तान ने 39 रन बनाने में 5 विकेट गंवा दिए थे

भारत और अफगानिस्तान के बीच एकमात्र टेस्ट मुकाबला मुल्लांपुर के महाराजा यादवेंद्र सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेला जा रहा है। भारत द्वारा बनाए गए 564 रनों के जवाब में अफगानिस्तान की पूरी टीम पहली पारी में 152 रन बनाकर सिमट गई। मानव सुथार विपक्षी टीम के बल्लेबाजों के लिए अबूझ पहेली साबित हुए। टेस्ट के तीसरे दिन अफगानिस्तान ने 113 पर 5 विकेट के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया और टीम ने अपने अगले 5 विकेट 39 रन जोड़कर गंवा दिए। अफगानिस्तान की तरफ से सिर्फ रहमत शाह ही भारतीय गेंदबाजों का टिककर सामना कर सके और उन्होंने 60 रनों की पारी खेली। हालांकि, उन्हें दूसरे छोर से बाकी बल्लेबाजों का साथ नहीं मिल सका। तीसरे दिन की शुरुआत अफगानिस्तान के लिए अच्छी नहीं रही और अजमतुल्लाह उमरजई बिना खाता खोले प्रसिद्ध कृष्णा की गेंद पर क्लीन बोल्ड हुए।

# 'तुरंत चमत्कार की उम्मीद नहीं करें'

## सूर्यवंशी को लेकर गांगुली ने चेताया

**नई दिल्ली।** पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने कहा कि भारत के लिए पदार्पण की दहलीज पर खड़े वैभव सूर्यवंशी को अपने खेल में ढलने का समय दिया जाना चाहिए और उन पर अपेक्षाओं का बोझ नहीं डाला जाना चाहिए। पंद्रह वर्षीय सूर्यवंशी भारतीय क्रिकेट टीम में चुने जाने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए हैं। उन्हें आयरलैंड और इंग्लैंड के दौरे के लिए टी20 टीम में चुना गया है जिसके बाद वह जापान में होने वाले एशियाई खेलों में भी हिस्सा लेंगे।



गांगुली ने मीडिया से कहा, 'मेरा मानना है कि हमें उसे उसके हाल पर छोड़ देना चाहिए। वह अभी महज 15 साल का है और मुझे नहीं लगता कि वह दबाव की ज्यादा परवाह करेगा। आईपीएल में भी हमने यही देखा है।' पूर्व बीसीसीआई अध्यक्ष ने कहा कि ब्रिटेन की परिस्थितियां आईपीएल में माहौल से काफी अलग होंगी और सूर्यवंशी को अपने खेल को उसके अनुसार ढालने की चुनौती मिलेगी।

## ब्रिटेन में वैभव की होगी परीक्षा

गांगुली ने कहा, 'निश्चित रूप से भारत के लिए खेलना अलग बात है और वह ऐसे दौरे पर जाएगा, जहां विकेट थोड़े अलग होंगे। वहां गेंद अधिक सीम करेगी, उछाल ज्यादा होगा और नयी गेंद से अधिक मूवमेंट मिलेगा। इसलिए खेल थोड़ा अलग होगा, लेकिन मुझे लगता है कि उसमें अपार प्रतिभा है।

# 'तुझे जो अच्छा लगे, तू कर'

● बेटे को गेंदबाजी करते देखे बगैर घर लौटे मास्टर साहब, बताया कैसे क्रिकेटर बने मानव सुथार

**नई दिल्ली।** मानव सुतार ने शानदार पदार्पण करते हुए 15.5 ओवर में 21 रन देकर तीन विकेट लेकर अफगानिस्तान के बल्लेबाजों को बांधे रखा। टेस्ट के दूसरे दिन जगदीश सुथार ने मीडिया से कहा, 'मैं अपनी पत्नी और बेटी मानसी (मानव की छोटी बहन) के साथ उसका पदार्पण देखने आया था। कल उसे टेस्ट कैप लेते देखकर कैसा लगा, मैं इसे बयां नहीं कर सकता, लेकिन आज हम घर वापस आ गए थे क्योंकि हम सब नर्वस थे और स्टेडियम से उसे खेलते हुए देखकर थोड़े अंधविश्वासी भी हो गए थे।'



**बेटे की सफलता का श्रेय लेने से बहुत हिचकिचा रहे थे जगदीश-** जगदीश अपने बेटे की क्रिकेट के मैदान पर सफलता का श्रेय लेने से बहुत हिचकिचा रहे थे। सुतार ने कहा, 'यह पूरी तरह से मानव की कड़ी मेहनत और उसके घंटों के अभ्यास का नतीजा है। वह सुबह ट्रेनिंग के लिए घर से निकलता था और देर शाम लौटता था। इसका श्रेय उसे और उसके बचपन के कोच धीरज शर्मा को जाता है जिनके हम सब अहसानमंद हैं। मानव ने अपना सारा क्रिकेट उन्हीं से सीखा।'

## मानव सुथार की प्रतिभा के बारे में कब पता चला

यह पूछने पर कि उन्हें असल में कब पता चला कि उनके बेटे मानव में प्रतिभा है तो उन्होंने कहा कि यह एक दिन की बात नहीं थी जब उन्हें इसका अहसास हुआ। जगदीश ने कहा, 'हर दूसरे बच्चे की तरह, उसे भी क्रिकेट का बहुत शौक था। जब वह छह से सात साल का था तो वह टेनिस और रबड़ की गेंद से खेलता था। चूंकि मैं एक पीटी (शारीरिक शिक्षा) टीचर था, इसलिए मैंने हमेशा अपने बेटे को यह खेल खेलने और इसका मजा लेने के लिए हिम्मत दी।

# इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड को पहले टेस्ट में हराया

## 996 गेंद में मैच खत्म

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड को तीन मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले मैच में रविवार (7 जून) को 151 रनों से हरा दिया। लंदन के लॉर्ड्स स्टेडियम में बारिश के कारण चौथे दिन परिणाम आया, लेकिन मैच में सिर्फ 166 ओवर ही गेंदबाजी हुई। कुल 996 गेंद फेंके गए। चार तेज गेंदबाजों काइल जेमीसन, ओली रॉबिन्सन, नाथन स्मिथ और गस एटकिंसन ने पांच-पांच विकेट लिए। हैरी ब्रूक और एमिलियो गे ही अर्धशतक लगा पाए।



57 सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर रहा, जो गे ने इंग्लैंड की दूसरी पारी में बनाया। न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। इंग्लैंड ने पहली पारी में 140 रन बनाने के बाद न्यूजीलैंड को 113 रन पर आउट कर दिया और 27 रनों की बढ़त हासिल की। इसके बाद दूसरी पारी में 226 रन बनाकर 254 रनों का लक्ष्य दिया। न्यूजीलैंड की टीम दूसरी पारी में 138 रनों पर सिमट गई।

कप्तान बनने के बाद श्रेयस अय्यर का पहला रिएक्शन

# 'किसी की छाए में नहीं रहूंगा': श्रेयस

**नई दिल्ली।** भारतीय टी20 टीम के नये कप्तान श्रेयस अय्यर ने कहा कि उन्हें बचपन से ही चुनौतियों का सामना करना पसंद रहा है। भारतीय टीम की कप्तानी मिलने का मतलब यह नहीं है कि उन्हें अपना व्यक्तित्व बदलना होगा। इस 31 वर्षीय खिलाड़ी को शनिवार (6 जून) को भारतीय टी20 टीम का कप्तान नियुक्त किया गया। उन्होंने सूर्यकुमार यादव की जगह ली है, जिनकी अगुआई में भारत ने मार्च में टी20 विश्व कप का खिताब जीता था।



सूर्यकुमार यादव को टीम में भी जगह नहीं मिली है। अय्यर ने कहा कि वह वही व्यक्ति बने रहना चाहते हैं, जिसने मुंबई के बेहद प्रतिस्पर्धी क्रिकेट माहौल में खेलते हुए अपनी पहचान बनाई। उन्होंने एक कार्यक्रम में कहा, 'मुझे अपना व्यक्तित्व बदलने की जरूरत नहीं है। मुझे वही इंसान बने रहना है जो मैं पहले था। मैं किसी और जैसा बनने या किसी की छाए में रहने की कोशिश नहीं करूंगा।'

## चुनौतियां जीवन का हिस्सा

अय्यर ने कहा कि मुंबई जैसे क्रिकेट-प्रेमी शहर में बड़े होने के कारण चुनौतियां उनके जीवन का हिस्सा रही हैं। अय्यर ने कहा, 'मुझे हमेशा चुनौतियां पसंद रही हैं। मुंबई में क्रिकेट का स्तर बहुत ऊंचा है और प्रतिस्पर्धा भी बेहद कड़ी होती है। वहां हर दूसरा बच्चा मुंबई का प्रतिनिधित्व करने का सपना देखता है।'

# महिला टी20 विश्व कप में सबसे बड़ी पारी खेलने वालीं 5 बल्लेबाज



**नई दिल्ली** । महिला टी20 विश्व कप 2026 की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। 11 जून से इंग्लैंड की धरती पर इस मेगा इवेंट का आयोजन होना है। आपको उन 5 बल्लेबाजों के नाम बताते हैं, जिन्होंने क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट के वर्ल्ड कप में सबसे बड़ी पारी खेली है।

## मेग लेनिंग

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान और स्टार बल्लेबाज मेग लेनिंग के नाम महिला टी20 विश्व कप में सबसे बड़ी पारी खेलने का रिकॉर्ड दर्ज है। लेनिंग ने साल 2014 में आयरलैंड के खिलाफ खेले गए मुकाबले में बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए शतकीय पारी खेली थी। उन्होंने महज 67 गेंदों का सामना कररते हुए 126 रन बनाए थे। अपनी इस पारी में लेनिंग ने 18 चौके और 4 छक्के लगाए थे।

## डिएंड्रा डॉटिन

वेस्टइंडीज की धाकड़ बल्लेबाज डिएंड्रा डॉटिन टी20 विश्व कप में दूसरी सबसे बड़ी पारी खेलने वाली बल्लेबाज रही हैं। उन्होंने 2010 में हुए वर्ल्ड कप में साउथ अफ्रीका के खिलाफ बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए महज 45 गेंदों में 112 रनों की नाबाद पारी खेली थी। उन्होंने अपनी इस पारी में 7 चौके और 9 गगनचुंबी छक्के लगाए थे।



● **हीथर नाइट :** महिला टी20 विश्व कप में सबसे बड़ी पारी खेलने वाले बल्लेबाजों की सूची में तीसरे नंबर पर इंग्लैंड की बल्लेबाज हीथर नाइट का नाम दर्ज है। उन्होंने 2020 में थाईलैंड के खिलाफ खेले गए मुकाबले में शानदार बैटिंग करते हुए 66 गेंदों में 108 रनों की नाबाद पारी खेली थी।

## हरमनप्रीत कौर

भारतीय टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 2020 में हुए महिला टी20 विश्व कप में न्यूजीलैंड के खिलाफ 51 गेंदों में 103 रनों की दमदार पारी खेली थी। हरमनप्रीत ने अपनी इस पारी में 7 चौके और 8 छक्के लगाए। उन्होंने 103 रनों की अपनी इस पारी में से 76 रन सिर्फ चौके-छक्के से बटोरे थे।

## मुनीबा अली

पाकिस्तान टीम की बल्लेबाज मुनीबा अली के नाम महिला टी20 विश्व कप में पांचवीं सबसे बड़ी पारी खेलने का रिकॉर्ड दर्ज है। उन्होंने 2023 में हुए वर्ल्ड कप में आयरलैंड के खिलाफ शानदार बल्लेबाजी करते हुए 68 गेंदों में 102 रनों की दमदार पारी खेली थी। मुनीबा ने अपनी इस इनिंग में 14 चौके जमाए थे।

# आईसेक्ट विश्वविद्यालय और भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान के बीच एमओयू

## शिक्षा एवं अनुसंधान को मिलेगा नया आयाम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** शिक्षा, अनुसंधान, नवाचार तथा कौशल विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग और भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान, लखनऊ के बीच दो जून 2026 को एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते पर भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान के निदेशक डॉ एसएन सुशील तथा आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने हस्ताक्षर किए। इस दौरान विश्वविद्यालय के समकुलपति डॉ एसआर रथ, कृषि संकाय के अधिष्ठाता डॉ अरविंद कुमार, सहायक प्राध्यापक डॉ सुजीत कुमार पटेल सहित दोनों संस्थानों के अधिकारी एवं वैज्ञानिक




उपस्थित रहे। भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान की ओर से पादप शरीर क्रिया विज्ञान एवं जैव रसायन विभाग के प्रमुख डॉ एमके श्रीवास्तव तथा संस्थान प्रौद्योगिकी प्रबंधन इकाई की प्रभारी डॉ स्वप्ना एम सहित अन्य कर्मियों ने सहभागिता की। समझौते के तहत दोनों संस्थान संयुक्त अनुसंधान परियोजनाओं, छात्र एवं शिक्षक आदान-प्रदान, प्रशिक्षण कार्यक्रमों, तकनीकी विशेषज्ञता के साझा उपयोग तथा कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए मिलकर कार्य करेंगे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान का शैक्षणिक भ्रमण भी किया। भ्रमण के दौरान उन्हें गन्ना अनुसंधान, आधुनिक कृषि तकनीकों, प्रयोगशाला सुविधाओं तथा विभिन्न अनुसंधान गतिविधियों की जानकारी दी गई। इससे विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान के साथ कृषि अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में उपलब्ध संभावनाओं से भी परिचित होने का अवसर मिला। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ गौरव शुक्ला ने कहा कि यह समझौता विद्यार्थियों और शोधार्थियों के लिए नई संभावनाओं के द्वार खोलेगा, जो कृषि क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान को गति प्रदान करेगा। कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कहा कि दोनों संस्थानों के बीच स्थापित यह सहयोग ज्ञान, तकनीक और संसाधनों के आदान-प्रदान को सशक्त बनाएगा तथा विद्यार्थियों को व्यवहारिक अनुभव प्राप्त होगा। समकुलपति डॉ एसआर रथ ने कहा कि शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में ऐसे सहयोगात्मक प्रयास विद्यार्थियों के कौशल विकास के साथ कृषि क्षेत्र में नवाचार को भी नई दिशा देंगे। कृषि संकाय के अधिष्ठाता डॉ अरविंद कुमार ने कहा कि यह एमओयू विद्यार्थियों को कक्षा के ज्ञान के साथ अनुसंधान और तकनीक का व्यावहारिक अनुभव प्रदान करेगी। उल्लेखनीय है कि यह साझेदारी उच्च शिक्षा और कृषि अनुसंधान के बीच सहयोग को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है, जिससे विद्यार्थियों, शोधकर्ताओं और कृषि क्षेत्र को दीर्घकालिक लाभ मिलने की उम्मीद है।

# अपराध नियंत्रण को लेकर एसडीपीओ ने की बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बरही (हजारीबाग)।** अनुमंडल क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने तथा अपराध नियंत्रण की दिशा में प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सोमवार को बरही एसडीपीओ कार्यालय में मासिक अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) राधा प्रेम किशोर ने की।

बैठक में अनुमंडल क्षेत्र के सभी थाना प्रभारियों एवं पुलिस अधिकारियों ने भाग लिया। इस दौरान लंबित कांडों की स्थिति, फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी, वारंट एवं कुर्की निष्पादन, वाहन जांच अभियान तथा क्षेत्र में अपराध नियंत्रण की रणनीतियों की विस्तृत समीक्षा की गई।

एसडीपीओ ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिया कि अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन किया जाए। उन्होंने रात्रि गश्ती को और प्रभावी बनाने, संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने तथा नियमित वाहन



जांच अभियान चलाने पर बल दिया।

बैठक में सामुदायिक पुलिसिंग को मजबूत करने और आम जनता के साथ बेहतर संवाद स्थापित करने पर भी जोर दिया गया। एसडीपीओ ने कहा कि थाना पहुंचने वाले फरियादियों की शिकायतों का निष्पक्ष एवं समयबद्ध निपटारा किया जाए तथा उनके साथ सम्मानजनक व्यवहार सुनिश्चित किया जाए। साथ ही नशाखोरी के खिलाफ विशेष अभियान चलाने, संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने, साइबर अपराधों की रोकथाम तथा सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाले तत्वों पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए गए। चरित्र प्रमाण पत्र एवं पासपोर्ट सत्यापन से जुड़े मामलों में लोगों को अनावश्यक परेशानी न हो, इसका भी विशेष ध्यान रखने को कहा गया। बैठक में बरही थाना प्रभारी विनोद कुमार, सर्किल इंस्पेक्टर अनिल कुमार, चौपारण थाना प्रभारी पंकज कुमार, पदमा थाना प्रभारी संचित दुबे, गोरहर थाना प्रभारी रवि रंजन, बरकट्ठा थाना प्रभारी आशीष कुमार भगत, महिला थाना प्रभारी राधा रागिनी समेत अनुमंडल क्षेत्र के अन्य पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

# अपराध नियंत्रण को लेकर चलाया गया वाहन जांच अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** अपराध नियंत्रण व सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए शनिवार की शाम पलामू जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र के गांधीपुर में चैनपुर थाना व शहर थाना की पुलिस ने संयुक्त रूप से एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक कपिल चौधरी के कड़े निर्देश पर चलाएं गए विशेष अभियान के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों की सघन जांच की गई। पुलिस टीम ने बिना हेलमेट, ट्रिपल लोडिंग व बिना ड्राइविंग लाइसेंस के गाड़ी चलाने वाले चालकों को रोककर सख्त हिदायत दी। नियमों की अनदेखी करने वाले कई चालकों



को पहली बार समझाकर छोड़ दिया गया। आगे से गाड़ी के सभी जरूरी कागजात व हेलमेट के साथ ही सड़क पर निकलने की हिदायत दी गई। पुलिस ने कुछ नियम तोड़ने वाले चालकों के वाहनों को जब्त कर थाना लाया गया।

# दुर्घटना संभावित स्थलों पर लगाए जाएंगे सुरक्षा उपकरण

## एनएच-522 को सुरक्षित बनाने की पहल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दारू (हजारीबाग)।** दारू थाना क्षेत्र से होकर गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग-522 पर लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए प्रशासन ने ठोस पहल शुरू कर दी है। सड़क सुरक्षा को लेकर दारू थाना प्रभारी मृत्युंजय कुमार सिंह ने एनएच-522 का विस्तृत निरीक्षण कर दुर्घटना संभावित स्थानों की पहचान की है। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि कई ढलान वाले हिस्सों तथा घनी आबादी वाले क्षेत्रों में वाहनों की तेज रफ्तार दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण बन रही है। इसके बाद थाना स्तर से एक विस्तृत प्रतिवेदन तैयार कर



जिला परिवहन पदाधिकारी (डीटीओ) हजारीबाग को भेजा गया। प्रतिवेदन में सड़क सुरक्षा को मजबूत करने के लिए विभिन्न स्थलों पर स्लाइडर बैरियर, रम्बल स्ट्रिप तथा रिफ्लेक्टिव ट्रैफिक उपकरण लगाने की अनुशंसा की गई है। इन उपायों का उद्देश्य वाहनों की गति नियंत्रित करना तथा वाहन चालकों को पहले से सतर्क करना है, ताकि दुर्घटनाओं की संभावना कम हो सके। मामले को गंभीरता से लेते हुए डीटीओ हजारीबाग ने आवश्यक सुरक्षा उपकरण जल्द उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है। प्रशासन की इस पहल से स्थानीय लोगों में उम्मीद जगी है कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर होने वाली दुर्घटनाओं में कमी आएगी और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी। स्थानीय नागरिकों ने सड़क सुरक्षा को लेकर उठाए गए इस कदम का स्वागत करते हुए कहा कि लंबे समय से इस मार्ग पर प्रभावी सुरक्षा उपायों की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। अब प्रशासन की सक्रियता से लोगों को राहत मिलने की उम्मीद है।

# फरार अपराधियों पर पुलिस का शिकंजा, दो आरोपित दबोचे गए

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**चौपारण (हजारीबाग)।** अपराध नियंत्रण और लंबित मामलों के निष्पादन को लेकर चौपारण पुलिस का विशेष अभियान लगातार जारी है। इसी क्रम में पुलिस ने अलग-अलग मामलों में वांछित दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, चौपारण थाना कांड संख्या 163/25 के नामजद अभियुक्त चांद साह उर्फ फजले हसन (पिता- मोशीर साह), निवासी चयकला, थाना चौपारण को गिरफ्तार किया गया। वहीं एनआई एक्ट से संबंधित मामला संख्या ए/3550/23 के वारंटी अभियुक्त पंकज कुमार (पिता- मानकी रविदास), निवासी केंदुआ, थाना चौपारण को भी पुलिस ने दबोच लिया। दोनों आरोपियों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। थाना प्रभारी पंकज कुमार ने बताया कि जिले में फरार अभियुक्तों एवं वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। न्यायालय से निर्गत वारंटों का निष्पादन और कानून से बचने की कोशिश कर रहे आरोपियों को गिरफ्तार करना पुलिस की प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अपराधियों के विरुद्ध आगे भी इसी तरह सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन व वैक्सीनेशन में तेजी लाने का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने सोमवार को समाहरणालय सभाकक्ष में कृषि एवं संबद्ध विभागों की समीक्षा बैठक की। बैठक में कृषि, आत्मा शासकीय निकाय, पशुपालन, गव्य विकास, सहकारिता, मत्स्य, उद्यान एवं जिला भूमि संरक्षण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गयी। बैठक में उपायुक्त श्री शेखावत ने खरीफ मौसम की तैयारियों, बीज एवं उर्वरक उपलब्धता, किसान क्रेडिट कार्ड, किसान पाठशाला, पशुधन विकास योजनाओं, वैक्सीनेशन अभियान तथा मत्स्य एवं उद्यान विभाग की योजनाओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। उपायुक्त ने जिला पशुपालन पदाधिकारी को योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की शिथिलता नहीं बरतने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जिन




लाभुकों को अनुदान की राशि उपलब्ध करा दी गयी है, लेकिन उनके स्तर से योजनाओं के क्रियान्वयन में रुचि नहीं दिखाई जा रही है, ऐसे लाभुकों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाये साथ ही उन्होंने पशुओं के वैक्सीनेशन कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। बैठक में खरीफ 2026-27 के लिए बीज वितरण, उर्वरक आवश्यकता एवं आपूर्ति योजना की समीक्षा की गयी। जिले में खरीफ फसलों के लिए 1 लाख 37 हजार 270 हेक्टेयर क्षेत्र में खेती का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।वहीं किसानों को अनुदानित दर पर धान बीज उपलब्ध कराने हेतु राज्य स्तर से अब तक 2000 क्विंटल बीज आवंटित किया गया है। उपायुक्त ने किसान क्रेडिट कार्ड योजना की समीक्षा करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को अधिकाधिक किसानों को केसीसी से जोड़ने का निर्देश दिया। समीक्षा में बताया गया कि विशेष शिविरों के माध्यम से केसीसी आवेदन प्राप्त किये जा रहे हैं। बैठक में किसान पाठशाला के अंतर्गत संचालित कार्यों की भी समीक्षा की गयी। विभिन्न केंद्रों पर फेंसिंग, सोलर पंप, पॉली हाउस, वर्मी कम्पोस्ट यूनिट, मत्स्य पालन तालाब, प्रशिक्षण केंद्र, पशु शेड एवं अन्य आधारभूत संरचनाओं के निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी दी गयी। मत्स्य विभाग अंतर्गत वेद व्यास योजना एवं मत्स्य विपणन योजना की समीक्षा के दौरान बताया गया कि वेद व्यास योजना के तहत कुल 35 लाभुकों को लाभान्वित किया जाना है तथा इसके लिए लाभुकों से आवेदन प्राप्त किये जा रहे हैं।उद्यान विभाग की समीक्षा के दौरान सब्जी एवं पुष्प खेती, मशरूम उत्पादन, मधुमक्खी पालन, गृह वाटिका एवं शेड नेट जैसी योजनाओं की प्रगति की जानकारी दी गयी। बैठक में जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# पांच सौ लीटर देसी शराब सहित तस्कर गिरफ्तार

**बखरी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थानाध्यक्ष अरविंद कुमार के नेतृत्व में सोमवार को थाना क्षेत्र में शराब माफियाओं और अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ कार्रवाई की गई। पुलिस ने इस दौरान भारी मात्रा में अर्धनिर्मित देशी शराब नष्ट की और एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया। यह अभियान बखरी नगर परिषद के गोडियारी के विभिन्न इलाकों में केंद्रित था। छापेमारी के दौरान पुलिस ने लगभग 500 लीटर अर्धनिर्मित देशी शराब बरामद की, जिसे मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। इसके अतिरिक्त, पांच लीटर अवैध देशी चुलाई शराब भी जब्त की गई। बरामदगी के आधार पर संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। अभियान के दौरान पुलिस ने एक शराब तस्कर संजीत कुमार को भी गिरफ्तार किया।

# हृदयानंद मिश्र बनाए गए पलामू जिला कांग्रेस स्वास्थ्य विभाग के मुख्य संरक्षक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** पलामू जिला कांग्रेस स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारियों व कार्यसमिति की महत्वपूर्ण बैठक जिला अध्यक्ष बिनोद पाठक उर्फ सीटू पाठक की अध्यक्षता में हुई। बैठक में संगठन की मजबूती, जनस्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रमों के विस्तार व कांग्रेस की जनहितकारी नीतियों को गांव-गांव तक पहुंचाने के विषय पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों व कार्यसमिति सदस्यों ने सर्वसम्मति से झारखंड कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, प्रख्यात अधिवक्ता, झारखंड आंदोलनकारी, झारखंड प्रदेश कांग्रेस को-ऑर्डिनेशन कमेटी के सदस्य व हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड, झारखंड सरकार के सदस्य हृदयानंद मिश्र को पलामू जिला कांग्रेस स्वास्थ्य विभाग का मुख्य संरक्षक मनोनीत करने का निर्णय लिया। बिनोद



पाठक उर्फ सीटू पाठक ने कहा कि हृदयानंद मिश्र का सार्वजनिक जीवन संघर्ष, सेवा, वैचारिक प्रतिबद्धता व संगठन के प्रति समर्पण का अद्वितीय उदाहरण है। उन्होंने झारखंड आंदोलन से लेकर कांग्रेस संगठन की मजबूती तक प्रत्येक मोर्चे पर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनका मार्गदर्शन स्वास्थ्य विभाग के कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्रोत सिद्ध होगा। साथ ही संगठन को नई दिशा व ऊर्ज़ा प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि हृदयानंद मिश्र का लंबा राजनीतिक व सामाजिक अनुभव, गरीबों, वंचितों व जरूरतमंदों के प्रति उनकी संवेदनशीलता व जनहित के मुद्दों पर उनकी सक्रियता उन्हें इस महत्वपूर्ण दायित्व के लिए सर्वाधिक उपयुक्त बनाती है। उनके संरक्षण में कांग्रेस स्वास्थ्य विभाग पलामू जिले में स्वास्थ्य जागरूकता, चिकित्सा सहायता, रक्तदान, स्वास्थ्य शिविर तथा जनसेवा के कार्यक्रमों को और अधिक प्रभावी ढंग से संचालित करेगा। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने हृदयानंद मिश्र के मनोनयन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व व संरक्षण में संगठन जनसेवा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा। साथ ही कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। बिनोद पाठक ने सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए संगठन को मजबूत बनाने व जनता की सेवा के लिए पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करने का आह्वान किया।

# किसानों को मिला वैज्ञानिक खेती का मंत्र

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**विष्णुगढ़ (हजारीबाग)।** खरीफ मौसम की तैयारियों के मद्देनजर विष्णुगढ़ प्रखंड के खरना गांव में सोमवार को कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के कृषि प्रभाग आत्मा सहायता अनुदान योजना के तहत कृषि चौपाल एवं किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों से जोड़ते हुए उत्पादन बढ़ाने और खेती को अधिक लाभकारी बनाना था। गोष्ठी में कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को संतुलित उर्वरक प्रबंधन, मृदा स्वास्थ्य संरक्षण तथा उन्नत कृषि पद्धतियों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बेहतर उत्पादन के लिए मिट्टी परीक्षण के आधार पर नाइट्रोजन, फॉस्फोरस, पोटाश एवं सूक्ष्म पोषक तत्वों का संतुलित उपयोग आवश्यक है। इससे फसल की गुणवत्ता और पैदावार बढ़ने के साथ-साथ भूमि की उर्वरता भी बनी रहती है। विशेषज्ञों ने किसानों को रागी एवं दलहन फसलों की खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि रागी कम पानी और कम लागत में अच्छी उपज देने वाली फसल है, जिसकी बाजार में मांग लगातार बढ़ रही है। वहीं दलहन फसलें मिट्टी में प्राकृतिक रूप से नाइट्रोजन की मात्रा बढ़ाकर भूमि को उपजाऊ बनाए रखने में सहायक होती हैं। कार्यक्रम के दौरान किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना, पोषक तत्व आधारित सब्सिडी, नीम लेपित यूरिया तथा नैनो उर्वरकों के लाभों की भी जानकारी दी गई। अधिकारियों ने किसानों से सरकारी योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाने की अपील की। गोष्ठी की अध्यक्षता खरना मुखिया प्रतिनिधि राजेश कुमार ने की। इस अवसर पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी अभय कुमार, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक उमेश कुमार राणा, कृषि विशेषज्ञ योगेंद्र कुमार महतो, प्रगतिशील किसान शिबू सोरेन, कृषक मित्र निर्मल कुमार एवं संजय कुमार सोरेन सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान किसानों ने खरीफ खेती, उर्वरक प्रबंधन और फसल उत्पादन से जुड़े विभिन्न सवाल विशेषज्ञों के समक्ष रखे, जिनका विस्तार से समाधान किया गया।

# विवाहिता की संदिग्ध स्थिति में मौत

**बलिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के ऐतिहासिक गांव बारबिघी के वार्ड संख्या 9 में एक विवाहिता की संदिग्ध अवस्था मे मौत हो गई। जिसकी मृतक की पहचान बरबीघी निवासी संजय महतो की 25 वर्षीय पत्नी नूतन देवी के रूप में हुई है. मृतका के मायके पक्ष अररिया जिले के रानीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत मझुआ लक्ष्मीपुर वार्ड 11 निवासी अशोक मंडल की पत्नी एवं मृतका की मां दाया देवी ने ससुराल पक्ष के द्वारा दहेज के लिये पुत्री की हत्या करने का आरोप लगाते हुये स्थानीय थाना में आवेदन देकर पति सहित ससुराल पक्ष के अन्य लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। इस संबंध में एसडीपीओ सुबोध कुमार ने बताया कि शनिवार देर शाम बारबिघी गांव निवासी संजय महतो की 25 वर्षीय पत्नी नूतन देवी के फंदे से लटककर आत्महत्या करने की सूचना पुलिस को मिली थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू की।

# एसआईआर को लेकर तोरपा प्रखंड कांग्रेस कमेटी की बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**खूंटी।** तोरपा प्रखंड कांग्रेस कमेटी की एक विशेष बैठक प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष अजय गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में जिला अध्यक्ष रवि मिश्रा एवं प्रखंड प्रभारी प्रनीत तोपनो की गरिमामयी उपस्थिति रही। बैठक का मुख्य एजेंडा एस आई आर पर गहन चर्चा करना था। इस दौरान मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को लेकर पार्टी की आगामी रणनीति पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। बैठक में प्रखंड के सभी कांग्रेस बी.एल.ए. उपस्थित रहे। बी.एल.ए. साथियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने बूथों



पर मतदाता सूची का सत्यापन कार्य पूरी निष्ठा एवं सक्रियता से करें। यह सुनिश्चित किया जाए कि एक भी योग्य मतदाता का नाम सूची से न छूटे और कोई भी अपात्र व्यक्ति सूची में शामिल न हो। जिला अध्यक्ष रवि मिश्रा ने कहा कि एस आई आर लोकतंत्र की मजबूती का आधार है। कांग्रेस पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करेगा। प्रखंड प्रभारी प्रनीत तोपनो ने बी.एल.ए. साथियों के कार्यों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अध्यक्षता कर रहे प्रखंड अध्यक्ष अजय गुप्ता ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि तोरपा कांग्रेस एस आई आर के कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देगी और पार्टी पूरी तरह से तैयार है। बैठक में सर्वसम्मति से संकल्प लिया गया कि तोरपा प्रखंड में एस आई आर. अभियान को सफल बनाने हेतु कांग्रेस संगठन कोई कसर नहीं छोड़ेगा। प्रखंड एवं जिला पदाधिकारियों को भी पंचायत की जिम्मेदारी सौंपी गई। जिसमें ओकड़ा पंचायत में. बन्दु भेंगरा, जरिया.,ब्रजेश सिंह, डोडमा. प्रवीन कुमारकर, सोन्दारी अजय कुमार गुप्ता, हुसीर .. हेलेन तिड़ू,फटका सलीम तोपनो, तपकरा ,तैयब आन्सारी, बरकुली,परसुराम दास, तोरपा, फुलजेम्स तोपनो, उकडीमाडी, अमरदीप भेंगरा, दियाकेल, सामडोम तोपनो, अम्मा तुरतन तोपनो, उडिकेल, नमन तोपनो, मरचा, नामजन तोपनो, कमडा, नमन तोपनो को पंचायत प्रभारी नियुक्त किया गया। मौके पर आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष विलसन तोपनो, नमन तोपनो, नमजन तोपनो, सलिम तोपनो, विपिन तोपनो, पतरस तोपनो, बधना तोपनो, अनमोल होरो, विवेकानंद कुमार,तुरतन तोपनो, फिलिप तोपनो, सुजल तोपनो, विजय तोपनो, रोबिन तोपनो, जुनस तोपनो, मार्टिन हेम्ब्रोम आदि उपस्थित थे।

# एक वर्ष पूर्व खोया मोबाइल लौटाकर बड़कागांव थाना पुलिस ने जीता लोगों का विश्वास

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बड़कागांव (हजारीबाग)।** थाना पुलिस ने अपनी सक्रियता, बेहतर पुलिसिंग और जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता का परिचय देते हुए एक वर्ष पूर्व खोए मोबाइल फोन को उसके वास्तविक मालिक तक पहुंचाकर सराहनीय कार्य किया है। थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई से क्षेत्र के लोगों में पुलिस के प्रति विश्वास और मजबूत हुआ है। जानकारी के अनुसार, करीब एक वर्ष पूर्व एक व्यक्ति का मोबाइल फोन गुम हो गया था। काफी खोजबीन के बावजूद मोबाइल का कोई पता नहीं चल सका था, मामले की सूचना पुलिस को दी गई थी। थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तकनीकी जांच और पुलिसिया सूझबूझ के आधार पर मोबाइल की तलाश शुरू कराई।

# गर्भवती माताओं को दिया गया पोषण का संदेश

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों में सोमवार को आंगनबाड़ी केंद्रों पर गोद भराई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गर्भवती महिलाएं एवं अभिभावक महिलाएं शामिल हुईं। इस दौरान सेविकाओं ने पारंपरिक रीति-रिवाज के तहत गर्भवती महिलाओं को लाल चुनरी ओढ़ाकर उनकी गोद भराई की तथा स्वस्थ मातृत्व एवं शिशु स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान सेविकाओं ने गर्भवती महिलाओं को संतुलित एवं पौष्टिक आहार लेने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि गर्भावस्था के दौरान महिलाओं में रक्त की कमी की समस्या उत्पन्न हो सकती है।

# बोकारो की बेटियों ने जीता गोल्ड, बेटों ने जीता सिल्वर

## 26वीं सब-जूनियर झारखंड राज्य बास्केटबॉल चैंपियनशिप में बोकारो का शानदार प्रदर्शन



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झारखंड बास्केटबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित 26वीं सब-जूनियर झारखंड राज्य बास्केटबॉल चैंपियनशिप में बोकारो जिला बास्केटबॉल एसोसिएशन ने ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए पूरे राज्य में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। प्रतियोगिता में बोकारो की बालिका टीम ने स्वर्ण पदक (गोल्ड मेडल) जीतकर राज्य चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया, जबकि बालक टीम ने रजत पदक (सिल्वर मेडल) हासिल कर जिले का नाम रोशन किया।

### बेटियां बनीं झारखंड की चैंपियन

अंडर-13 बालिका वर्ग में बोकारो की टीम ने पूरे टूनार्मेंट में शानदार खेल, अनुशासन और बेहतरीन टीमवर्क का प्रदर्शन किया। सेमीफाइनल मुकाबले में बोकारो ने टाटा स्टील की टीम को एकतरफा मुकाबले में 31-07 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबले में जमशेदपुर की मजबूत टीम के खिलाफ बोकारो की खिलाड़ियों ने आत्मविश्वास और उत्कृष्ट कौशल का परिचय देते हुए 31-23 से जीत दर्ज की और चैंपियनशिप ट्रॉफी अपने नाम कर ली। इस जीत के साथ बोकारो की बेटियां झारखंड की नई चैंपियन बन गईं। टीम की इस ऐतिहासिक सफलता में सेजल, ऋचा, इशिका, प्राची, प्रिया, एकता, शिवांजलि, सोनाक्षी, वेदिका, वृष्टि एवं आकांक्षा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्राची सिन्हा को पूरे चैंपियनशिप में खेल प्रदर्शन के दाम पे बेस्ट प्लेयर पर कब्जा किया। वही अपने शानदार खेल के दाम पर और अनुभव , स्किल से श्री अय्यप्पा स्कूल की सेजल सिंह ने पूरे टूनार्मेंट पे अपना पक्कड़ बनाई रखा और बोकारो को गोल्ड दिलवाया। खिलाड़ियों ने पूरे टूनार्मेंट में शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों और खेल प्रेमियों का दिल जीत लिया। बालिका टीम की सफलता के पीछे कोच किंकर कृष्णा का समर्पित मार्गदर्शन तथा मैनेजर प्रियांशु की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उनके नेतृत्व में खिलाड़ियों ने कठिन परिस्थितियों में भी बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए स्वर्णिम सफलता हासिल की।

### लड़कों ने जीता सिल्वर, दिल जीतने वाला प्रदर्शन

अंडर-13 बालक वर्ग में भी बोकारो जिला बास्केटबॉल एसोसिएशन की टीम ने शानदार प्रदर्शन किया। सेमीफाइनल मुकाबले में बोकारो का सामना साहिबगंज से हुआ। रोमांचक मुकाबले में बोकारो के खिलाड़ियों ने शानदार खेल दिखाते हुए 58-27 से जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबले में बोकारो की टीम का सामना दमका (दुमका) की मजबूत टीम से हुआ। कड़े संघर्ष और बेहतरीन खेल के बावजूद बोकारो की टीम जीत दर्ज नहीं कर सकी और उपविजेता रही। हालांकि खिलाड़ियों के जुझारू प्रदर्शन और खेल भावना ने वहां मौजूद दर्शकों का दिल जीत लिया। टीम ने रजत पदक (सिल्वर मेडल) प्राप्त कर जिले को गौरवान्वित किया।

### पूरे बोकारो जिला बास्केटबॉल संघ में खुशी की लहर

इस ऐतिहासिक उपलब्धि के बाद पूरे बोकारो जिला बास्केटबॉल एसोसिएशन में उत्साह और खुशी का माहौल है। संघ के पदाधिकारियों, प्रशिक्षकों, खिलाड़ियों, अभिभावकों और खेल प्रेमियों ने इस सफलता को बोकारो बास्केटबॉल के इतिहास का स्वर्णिम क्षण बताया। संघ के अध्यक्ष सतेन्द्र नारायण सिंह, उपाध्यक्ष बाल्मीकि पाठक, सचिव कन्हैया प्रसाद, तकनीकी चेयरमैन अमित कुमार, वाइस प्रेसिडेंट रंजन दुबे, ज्वाइंट सेक्रेटरी तथा संघ के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों ने खिलाड़ियों, कोचों और मैनेजरों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि अंडर-13 वर्ग के इन बच्चों ने केवल एक प्रतियोगिता नहीं जीती है, बल्कि पूरे जिले के लिए एक नई मिसाल कायम की है। उन्होंने साबित कर दिया है कि मेहनत, अनुशासन, समर्पण और सही प्रशिक्षण के दम पर किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले समय में यही खिलाड़ी राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर बोकारो तथा झारखंड का नाम और अधिक ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे।

# महंगाई और पेपर लीक के खिलाफ युवा कांग्रेस का हल्ला बोल, शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** देश में बढ़ती महंगाई, प्रतियोगी परीक्षाओं में लगातार सामने आ रहे पेपर लीक और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर सोमवार को युवा कांग्रेस की ओर से धनबाद में 'हल्ला बोल' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने आक्रोश रैली निकालकर केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। रैली आईआईटी (आईएसएम) के मुख्य द्वार के समीप से शुरू हुई और पुलिस केंद्र होते हुए रणधीर वर्मा चौक स्थित धरना स्थल तक पहुंची। रैली में बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए और शिक्षा व्यवस्था में सुधार तथा पेपर लीक पर रोक लगाने की मांग उठाई। युवा कांग्रेस नेताओं ने कहा कि लगातार हो रहे पेपर लीक से देश के लाखों युवाओं का भविष्य प्रभावित हो रहा है। प्रतियोगी परीक्षाओं की निष्पक्षता पर सवाल खड़े हो रहे हैं, जिससे छात्रों में निराशा और आक्रोश बढ़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार युवाओं के हितों की रक्षा करने में विफल रही है। कार्यक्रम में युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब के शामिल होने की संभावना थी, लेकिन अपरिहार्य कारणों से वे कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सके। इसके बावजूद युवा कांग्रेस कार्यकताओं ने निर्धारित कार्यक्रम के तहत प्रदर्शन किया और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग दोहराई।

# दो दिवसीय राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता सम्पन्न

## रांची हुआ ओवर ऑल चैंपियन, द्वितीय साहेबगंज एवं तीसरा स्थान बोकारो को मिला



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो में चल रहे दो दिवसीय राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का आज समापन हुआ। ओवर आल चैंपियन प्रथम स्थान रांची सेंटर आफ एक्सीलेंसी को गया। द्वितीय स्थान साहेबगंज जिला को प्राप्त हुआ जबकि तृतीय स्थान बोकारो जिला को प्राप्त हुआ। सभी विजेताओं को मेडल पहनाकर एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। झारखंड के सभी जिलों से लगभग 175 खिलाड़ीयों ने हिस्सा लिया। जिसमें दर्जनों राज्य, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के पहलवान खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। ग्रीको रोमन एवं फ्री स्टाइल अंडर 23 कुश्ती प्रतियोगिता में लड़के एवं लड़कियों ने अपने दांव पेंच एवं उत्कृष्ट कुश्ती से दर्शकों का मन मोह लिया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि बोकारो जिला कुश्ती संघ के अध्यक्ष धर्मवीर सिंह तथा विशिष्ट अतिथि झारखंड राज्य कुश्ती संघ के कोषाध्यक्ष बबलू कुमार एवं झारखंड राज्य कुश्ती संघ के सह सचिव संजीव झा थे। धर्मवीर सिंह ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी खिलाड़ियों को देशभक्ति के भाव से खेलते हुए आगे बढ़ते रहना है। झारखंड राज्य का सम्मान एवं गौरव बढ़े इसका सदैव ख्याल रखना है। प्रदेश कोषाध्यक्ष बबलू कुमार, प्रदेश सह सचिव संजीव झा, राष्ट्रीय कोच मृत्युंजय नाथ चौधरी, रेफरी बादल कुमार सिंह,भगत ,राजू कुमार, रणजीत सिंह, सहित अन्य दर्जनों लोग एवं अन्य जिला से आएं हुए अध्यक्ष एवं सचिवों का विशेष योगदान रहा।

# सांप के काटने से युवक की मौत, परिवार में मातम

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राजगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत बरदार गांव निवासी 38 वर्षीय कामदेव सिंह की सांप काटने से मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है, जबकि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार, कामदेव सिंह रविवार रात अपने घर के कमरे में जमीन पर सो रहे थे। इसी दौरान देर रात एक काले रंग के जहरीले सांप ने उनके हाथ पर डस लिया। बताया जाता है कि सांप ने उनके हाथ को जकड़ रखा था। किसी तरह उन्होंने खुद को सांप से छुड़ाया और जोर-जोर से चिल्लाकर परिवार के लोगों को घटना की जानकारी दी। परिजनों ने तुरंत उन्हें इलाज के लिए धनबाद स्थित शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (एसएनएमएमसीएच) पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उनका इलाज शुरू किया। हालांकि उनकी हालत लगातार गंभीर बनी रही। इलाज के दौरान सोमवार सुबह उनकी मौत हो गई।

# रिटायर्ड बीसीसीएल कर्मी ठगी का शिकार, 35.5 लाख की राशि वापसी हेतु परिवार अनिश्चितकालीन अनशन पर



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बीसीसीएल से सेवानिवृत्त कर्मी की जीवनभर की जमा-पूंजी ठगी का शिकार हो गई। लोयाबाद थाना क्षेत्र के रहने वाले रिटायर बीसीसीएल कर्मी वासदेव ठाकुर ने आरोप लगाया है कि उनके पीएफ खाते से फर्जी हस्ताक्षर और चेक के जरिए 35 लाख 50 हजार रुपये की अवैध निकासी कर ली गई। मामले में बैंक कर्मियों और दलालों की मिलीभगत का आरोप लगाते हुए पीड़ित परिवार सोमवार से रणधीर वर्मा चौक पर अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठ गया है। परिवार की मांग है कि ठगी गई पूरी राशि वापस दिलाई जाए और मामले में शामिल सभी दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। भुक्तभोगी वासदेव ठाकुर के अनुसार अक्टूबर 2025 में बीसीसीएल से सेवानिवृत्त होने के बाद उन्हें पीएफ मद में 35.5 लाख रुपये प्राप्त हुए थे। आरोप है कि कुछ लोगों ने फर्जी चेक और जाली हस्ताक्षर के माध्यम से उनके खाते से पूरी रकम निकाल ली। मामले की जानकारी मिलने के बाद बैंक मोड़ थाना में शिकायत दर्ज कराई गई, जिसके बाद जांच शुरू हुई। जांच के दौरान पुलिस ने करीब 3.5 लाख रुपये की राशि रिकवर करने में सफलता हासिल की। हालांकि पीड़ित परिवार का कहना है कि शेष लगभग 32 लाख रुपये अब तक बरामद नहीं हो सके हैं। आरोप है कि ठगी की रकम का बड़ा हिस्सा मणिपुर और तेलंगाना के विभिन्न बैंक खातों में ट्रांसफर किया गया था। परिवार का कहना है कि कई महीने बीत जाने के बावजूद उन्हें न्याय नहीं मिला, जिसके कारण उन्हें अनिश्चितकालीन अनशन का रास्ता अपनाना पड़ा। अनशन पर बैठे परिवार ने प्रशासन से मांग की है कि मामले में शामिल दलालों, बैंक कर्मियों और अन्य आरोपियों की भूमिका की निष्पक्ष जांच कर उन्हें सख्त सजा दिलाई जाए। साथ ही ठगी गई पूरी राशि वापस कराने के लिए ठोस कार्रवाई की जाए। परिवार का कहना है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक उनका अनशन जारी रहेगा।

# आजसू केंद्रीय समिति की बैठक में कई निर्णय

## 22 जून को धनबाद में आयोजित होगा ● आजसू के संघर्ष से मिला राज्य, फिर करेंगे उलगुलान : सुदेश महतो



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आजसू पार्टी प्रमुख एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो ने कहा है कि आजसू ने संघर्ष कर अलग राज्य का निर्माण किया है। लेकिन अभी तक शहीदों के सपनों का झारखंड नहीं बन पाया है। राज्य में माफिया राज चल रहा है। शोषण और लूट के खिलाफ आवाज उठाने वालों को जेल भेजा जा रहा है। उन्होंने कहा कि आजसू का स्थापना दिवस 22 जून को धनबाद में आयोजित करने का निर्णय हुआ है, जहां से एक नए उलगुलान के लिए संघर्ष का बिगुल फूंका जाएगा। आजसू पार्टी केन्द्रीय समिति की महत्वपूर्ण बैठक आजसू प्रमुख श्री महतो की अध्यक्षता बोकारो के जायका हैपीनेस बैंक्वेट हॉल के सभागार में संपन्न हुई। बैठक में 5 जुलाई को रांची में महिलाओं का तथा 7झ8 अगस्त को जमशेदपुर में युवा आजसू का महाधिवेशन आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के तौर पर गिरिडीह चंद्र प्रकाश चौधरी ने कहा कि हेमंत सरकार में अधिकारी बेलगाम हो गए हैं और विस्थापितों तथा रैयतों का शोषण-दमन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आजसू हेमंत सरकार की दमनकारी नीति के खिलाफ सड़को पर उतरेगी। उन्होंने कहा कि जनता को आजसू से ही उम्मीद है। पार्टी पदाधिकारी संघर्ष और बदलाव की तैयारी करें। मांडू विधायक निर्मल महतो, बुद्धिजीवी मंच के अध्यक्ष डोमन सिंह मुंडा, पूर्व मंत्री राम चंद्र सहिस, पूर्व विधायक डॉ. लंबोदर महतो, मुख्य प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत तथा केन्द्रीय उपाध्यक्ष प्रवीण प्रभाकर जी ने भी बैठक को संबोधित किया। बैठक में संगठन की मजबूती और आगामी रणनीति पर मंथन के लिए ये बैठक बुलाई गई। राज्य के जनसरोकार और समसामयिक राजनीतिक मुद्दों पर भी गहन चर्चा हुई। बैठक में बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया और राज्य के ज्वलंत मुद्दों पर विशेष चर्चा की गई।

1. झारखंड की वर्तमान राजनीतिक स्थिति पर चर्चा की गई तथा राज्य सरकार के कार्यों की समीक्षा की गई तथा राज्य के वर्तमान हालात पर चिंता व्यक्त की गई।
2. संगठन विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण के लिए बूथ, पंचायत, प्रखंड, जिला एवं राज्य स्तर पर संगठन को मजबूत करने की रणनीति बनी।
3. पार्टी के अनुषंगी संगठनों महिला, युवा, छात्र, किसान, एससी, एसटी, ओबीसी एवं श्रमिक संगठनों के सम्मेलन पर चर्चा हुई तथा 5 जुलाई को रांची में महिला महाधिवेशन और 7झ8 अगस्त को जमशेदपुर में युवा महाधिवेशन करने का निर्णय लिया गया।
4. धनबाद की घटना पर विचार-विमर्श एवं घटना की समीक्षा एवं पार्टी की प्रतिक्रिया एवं भावी आंदोलनात्मक कार्यक्रम पर चर्चा हुई तथा संघर्ष तेज करने का निर्णय लिया गया।

# हिंदू जनजागृति समिति द्वारा आयोजित 'शौर्य प्रशिक्षण शिविर' का समापन

**बोकारो/रांची/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** युवाओं को शारीरिक एवं मानसिक रूप से सशक्त बनाने, उनमें आत्मरक्षा, राष्ट्ररक्षा तथा धर्मरक्षा के प्रति जागरूकता निर्माण करने के उद्देश्य से हिंदू जनजागृति समिति द्वारा आयोजित 'शौर्य प्रशिक्षण शिविर' का रांची में उत्साहपूर्ण वातावरण में समापन हुआ। 'हर घर योद्धा' विशेष अभियान के अंतर्गत आयोजित यह शिविर 5 से 7 जून तक श्रीलक्ष्मी नारायण सभागृह, अपर बाजार एवं महादेव मंडा प्रांगण, लोअर चुटिया पर संपन्न हुआ। शिविर में कुल 60 से अधिक युवाओं / युवतियों ने सहभागिता की। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को आत्मरक्षा के विविध कौशल, शारीरिक व्यायाम, मानसिक दृढ़ता, संकट के समय सजगता तथा नेतृत्व क्षमता विकसित करने संबंधी मार्गदर्शन दिया गया। शिविर के समापन अवसर पर झारखण्ड इनकम टैक्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अधिवक्ता आनंद पसारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे, उन्हेंने कहा कि, युवा शक्ति को जागृत एवं संगठित रहने की आवश्यकता है। इस अवसर पर मातृभूमि संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेम वर्मा जी एवं विश्व हिंदू परिषद के कैलाश केशरी जी उपस्थित थे। शिविर के दौरान कुल 6 प्रशिक्षण के सत्र आयोजित किए गए। प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण के प्रति उत्साह दिखाते हुए नियमित उपस्थिति दर्ज कराई। अनेक युवाओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि इस प्रशिक्षण से उनका आत्मविश्वास बढ़ा है तथा वे किसी भी आपात परिस्थिति का सामना करने के लिए अधिक सक्षम महसूस कर रहे हैं। शिविर की सफलता में माहेश्वरी सभा, रांची सहित स्थानीय नागरिकों, स्वयंसेवकों तथा सहयोगी संस्थाओं का महत्त्वपूर्ण योगदान रहा। हिंदू जनजागृति समिति के पूर्व एवं पूर्वोत्तर भारत राज्य समन्वयक श्री शंभू गवारे ने बताया कि युवाओं में राष्ट्रभक्ति, आत्मविश्वास एवं संगठन शक्ति बढ़ाने के उद्देश्य से भविष्य में भी ऐसे प्रशिक्षण शिविर विभिन्न स्थानों पर आयोजित किए जाएंगे। अभी तक हर घर योद्धा अभियान के अंतर्गत पूरे भारत में 80 से अधिक शिविरों का आयोजन किया गया है। अधिक से अधिक युवक-युवतियों से इन उपक्रमों का लाभ लेने का आह्वान किया गया।



# जेसीआई जज्बा के समर कैम्प में जरूरतमंद बच्चों को मिला अपनी प्रतिभा को निखारने का मौका



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जे सी आई बोकारो जज्बा द्वारा आयोजित समर कैंप आज बड़े ही उत्साह, उमंग और खुशी के साथ संपन्न हुआ। इस विशेष कैंप का उद्देश्य वंचित एवं जरूरतमंद बच्चों को सीखने, खेलने और अपनी प्रतिभा को निखारने का अवसर प्रदान करना था। कार्यक्रम का नेतृत्व जे सी आई बोकारो जज्बा की अध्यक्ष जेसी जे एफ एम विनीता कुमार द्वारा किया गया। निताशा जैन द्वारा संचालित सम्यक ज्ञान एकेडमी के विद्यार्थियों ने भी इस समर कैंप में उत्साहपूर्वक भाग लिया। किंडरगार्टन से लेकर कक्षा 10 तक के छात्रों ने आर्ट एंड क्राफ्ट ओरिगामी और कॉलीग्राफी जैसी गतिविधियों के माध्यम से अपनी रचनात्मकता और प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। यह कैंप बच्चों के लिए एक ऐसा सुंदर मंच बना, जहाँ उन्होंने अपनी कलात्मक क्षमताओं को निखारा, नई चीजें सीखीं और आत्मविश्वास के साथ स्वयं को अभिव्यक्त किया। यह सहभागिता एकेडमी की समग्र शिक्षा और व्यक्तित्व विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दशार्ती है। दूसरे दिन बच्चों के लिए कई मनोरंजक एवं ज्ञानवर्धक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें ड्राइंग, क्राफ्ट, गेम्स, डांस, पर्सनैलिटी डेवलपमेंट और मोटिवेशनल एक्टिविटीज शामिल थीं। बच्चों ने पूरे उत्साह और आत्मविश्वास के साथ सभी गतिविधियों में भाग लिया तथा अपनी कला और रचनात्मकता का सुंदर प्रदर्शन किया। कैंप के दौरान जे सी आई बोकारो जज्बा के सदस्यों ने बच्चों को अनुशासन, स्वच्छता, टीमवर्क, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच का महत्व समझाया। बच्चों को यह भी प्रेरित किया गया कि वे शिक्षा के माध्यम से अपने सपनों को पूरा कर सकते हैं और जीवन में आगे बढ़ सकते हैं। इस अवसर पर बच्चों को रिफ्रेशमेंट भी वितरित किया गया, जिससे बच्चों में और अधिक उत्साह देखने को मिला। बच्चों के चेहरों की मुस्कान और खुशी ने पूरे वातावरण को आनंदमय बना दिया। यह समर कैंप बच्चों के मनोरंजन के साथ-साथ उनके व्यक्तित्व विकास और आत्मविश्वास को बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। जे सी आई बोकारो जज्बा भविष्य में भी समाज के जरूरतमंद बच्चों के लिए ऐसे प्रेरणादायक एवं सेवा भाव से जुड़े कार्यक्रम आयोजित करेगा।

# यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों को नियमों के पालन का दिया गया संदेश



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो पुलिस द्वारा सोमवार को शहर के पत्थरकट्टा चौक पर ट्रैफिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अभियान का नेतृत्व सेक्टर-6 थाना की ओर से किया गया। कार्यक्रम में ट्रैफिक डीएसपी अजय प्रसाद, सिटी डीएसपी राजीव रंजन, सेक्टर-6 थाना प्रभारी संगीता कुमारी समेत कई पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे। अभियान के दौरान बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले लोगों को रोककर ट्रैफिक नियमों की जानकारी दी गई। पुलिस अधिकारियों ने उन्हें माला पहनाकर भविष्य में हेलमेट पहनने और सभी यातायात नियमों का पालन करने का संकल्प दिलाया। वहीं, हेलमेट पहनकर वाहन चला रहे लोगों को गुलाब का फूल देकर सम्मानित किया गया और उन्हें दूसरों को भी जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया। मौके पर सिटी डीएसपी राजीव रंजन ने कहा कि सड़क सुरक्षा सभी की जिम्मेदारी है। छोटी सी लापरवाही भी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है। इसलिए वाहन चालकों को हमेशा हेलमेट पहनना चाहिए तथा ट्रैफिक नियमों का पालन करना चाहिए। वहीं ट्रैफिक डीएसपी अजय प्रसाद ने कहा कि पुलिस का उद्देश्य केवल चालान काटना नहीं, बल्कि लोगों को सुरक्षित यातायात के प्रति जागरूक करना है। हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग दुर्घटना के दौरान जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

# विशेष गहन पुनरीक्षण में कोताही नहीं बरतें : उपायुक्त

## हर प्रखंड में बीएलओ सुपरवाइजर कोषांग का गठन




**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) के सफलतापूर्वक क्रियान्वयन के लिए आज जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त आदित्य रंजन की अध्यक्षता में न्यू टाउन हॉल में सभी बीएलओ सुपरवाइजरों के साथ बैठक सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि सभी बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर विशेष गहन पुनरीक्षण में कोई कोताही नहीं बरते। गंभीरतापूर्वक और तत्परता से काम करें। विशेष गहन पुनरीक्षण में एक भी मतदाता छूटना नहीं चाहिए। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि एसआइआर 2026 के सफलतापूर्वक क्रियान्वयन के लिए हर प्रखंड में बीएलओ सुपरवाइजर कोषांग का गठन किया गया है। जिसमें अतिरिक्त कंप्यूटर, कंप्यूटर ऑपरेटर, जेरोक्स मशीन, फोटो प्रिंट मशीन के अलावा निर्वाध बिजली आपूर्ति के लिए पावर बैकअप प्रदान किया गया है। साथ ही नगर आयुक्त की अध्यक्षता में निगरानी कषांग का गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण में बीएलओ और बीएलओ सुपरवाइजर एक महत्वपूर्ण कड़ी है। कोई योग्य वोटर छूटना नहीं चाहिए और कोई अयोग्य व्यक्ति मतदाता सूची में जुड़ना नहीं चाहिए, यही एसआइआर का उद्देश्य है। उपायुक्त ने सभी बीएलओ सुपरवाइजर को काम नहीं करने वाले बीएलओ को तुरंत बदलने एवं जहां काम का अत्यधिक दबाव है वहां स्वयं सेवक रखने तथा मतदाताओं को जागरूक करने के लिए व्यापक प्रचार प्रसार करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा इसका उद्देश्य वास्तविक मतदाताओं, विशेष रूप से वृद्ध, बीमार, दिव्यांग, गरीब और अन्य कमजोर समूहों को यथासंभव सुविधा प्रदान करने के लिए है। उन्होंने कहा कि बीएलओ यदि अन्य कार्य में लगे हो तो अपने दैनिक कार्यों के अतिरिक्त प्रतिदिन सुबह 09:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक मतदाताओं की सुगमता हेतु अपने संबंधित मतदान केन्द्रों में रहकर मैपिंग कार्य को संपादित करना सुनिश्चित करेंगे। सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी वाट्सएप एवं वीडियो कॉल अथवा भौतिक निरिक्षण कर उक्त कार्य को संपादित करना सुनिश्चित करेंगे। कार्यशाला में बीएलओ सुपरवाइजरों को सभी प्रखण्ड व अंचल स्तर पर बूथ लेवल एजेंट-2 एवं सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक रखने का निर्देश दिया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान 30 जून 2026 से 29 जुलाई 2026 तक बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर गणना प्रपत्र का वितरण एवं संग्रहण किया जाएगा। 29 जुलाई तक मतदान केन्द्रों का पुनर्गठन, 05 अगस्त को ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन, 05 अगस्त से 04 सितंबर तक दावे एवं आपत्तियाँ दर्ज करने की अवधि, 05 अगस्त से 03 अक्टूबर तक नोटिस एवं दावे / आपत्तियों का निस्तारण तथा 07 अक्टूबर को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। कार्यशाला में उपायुक्त आदित्य रंजन, नगर आयुक्त आशीष गंगवार, अनुमंडल दंडाधिकारी लोकेश बारंगे, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर हेमा प्रसाद, उप निर्वाचन पदाधिकारी कालिदास मुंडा, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, निदेशक डीआरडीबी राजीव रंजन, डीसीएलआर दिलीप कुमार महतो, डीएसडब्ल्यूओ स्नेह कश्यप के अलावा सभी विधानसभा के ईआरओ, एईआरओ तथा सभी बीएलओ सुपरवाइजर मौजूद थे।


स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल फोन नंबर- 9431145865 8210783623 आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655 E-mail- nbtimesbihar@gmail.com